महानगर नई दिल्ली शनिवार 1 जून, 2019, रु. 5.00 (20 पेज) दिल्ली, कोलकाता, लखनऊ और चंडीगढ़ से प्रकाशित

जनसत्ता

jansatta.com | epaper.jansatta.com | facebook.com/jansatta | twitter.com/jansatta

किसानों-मजदूरों को 3000 की मासिक पेंशन

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 31 मई।

मोदी सरकार ने काम संभालने के बाद तेजी से फैसले लेना शुरू कर दिया है। केंद्रीय कैबिनेट की पहली बैठक में शुक्रवार को असंगठित क्षेत्र के मजदूरों, किसानों, छोटे कारोबारियों एवं व्यापारियों और कम आय वर्ग वाले अन्य श्रेणियों के लिए 'प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना' के तहत तीन हजार रुपए की मासिक पेंशन देने का एलान किया गया।

श्रम मंत्री संतोष गंगवार, कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर एवं सूचना व प्रसारण मंत्री प्रकाश जावडेकर ने मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए फैसलों के बारे में जानकारी दी। पेंशन योजना को असंगठित क्षेत्र के लिए महत्त्वपूर्ण माना जा रहा है। सरकार ने इस बाकी पेज 8 पर

सभी किसानों को सालाना छह हजार

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत अब सभी किसानों को सालाना 6,000 रुपए मिलेंगे। प्रधानमंत्री किसान योजना पहले सिर्फ लघु और सीमांत किसानों के लिए थी। भाजपा ने अपने चुनावी संकल्प पत्र में इस योजना में सभी किसानों को शामिल करने का वादा किया था। इस योजना का देश के 14.5 करोड़ किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत तीन करोड़ से अधिक किसानों के खातों में पैसा पहुंच चुका है। अभी तक 12.5 करोड़ किसान इस योजना के तहत कवर हो रहे थे। करीब दो करोड़ किसान छूट रहे थे। अब सभी किसान इसके दायरे में होंगे। इस योजना पर पहले 75 हजार करोड़ खर्च होते लेकिन अब 12 हजार करोड़ रुपए और बढ़ेगा खर्च।

शहीदों के बच्चों की छात्रवृत्ति बढ़ाई

केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में फैसला लिया गया कि राष्ट्रीय रक्षा कोष के तहत प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति योजना का फायदा अब आतंकी और नक्सली हमलों में शहीद होने वाले पुलिसकर्मियों के बच्चों को भी मिलेगा। एक साल में राज्य पुलिसकर्मियों के पांच सौ बच्चों को स्कॉलरशिप का कोटा रहेगा। छात्रवृत्ति योजना के तहत अब छात्रों को 2000 की जगह 2500 रुपए प्रतिमाह और छात्राओं को 2250 की जगह 3000 रुपए प्रतिमाह दिए जाएंगे।

नई दिल्ली में शुक्रवार को द्विपक्षीय वार्ता से पहले श्रीलंका के राष्ट्रपति मैत्रीपाला सिरिसेना से हाथ मिलाते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

खबर पेज 18 पर

अमित शाह संभालेंगे गृह, राजनाथ के जिम्मे रक्षा

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 31 मई।

भाजपा अध्यक्ष और अब केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल अमित शाह देश के नए गृह मंत्री होंगे। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नई राजग सरकार में शुक्रवार को राजनाथ को रक्षा मंत्रालय, निर्मला सीतारमण को वित्त और पूर्व नौकरशाह एस जयशंकर को विदेश मंत्रालय का प्रभार सौंपा गया। राष्ट्रपति भवन के प्रवक्ता ने इस आशय की जानकारी दी। मोदी के नेतृत्व वाली पिछली सरकार में राजनाथ सिंह गृह मंत्री थे जबकि निर्मला सीतारमण रक्षा मंत्री थीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, परमाणु ऊर्जा एवं महत्त्वपूर्ण नीति से जुड़े मुद्दों वाले तथा वे विभाग जिनका किसी को आबंटन नहीं हुआ है। पूर्व विदेश सचिव रहे एस जयशंकर भारत के नए विदेश मंत्री बनाए गए हैं। अमेठी की सांसद स्मृति ईरानी को महिला एवं बाल विकास तथा कपड़ा मंत्रालय मिला। पीयूष गोयल फिर से रेल मंत्री बनाए गए हैं।

निर्मला सीतारमण को वित्त मंत्रालय का प्रभार दिया गया है जबकि प्रकाश जावडेकर को सूचना एवं प्रसारण तथा वन एवं पर्यावरण मंत्रालय दिया गया है। नितिन गडकरी सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री बने रहेंगे और इसी प्रकार धर्मेंद्र प्रधान के पास पेट्रोलियम एवं इस्पात मंत्रालय बना रहेगा। गजेंद्र सिंह शेखावत को नए जल बाकी पेज 8 पर

निर्णायक जनादेश नए भारत का आह्वान : राष्ट्रपति

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 31 मई।



राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मिला निर्णायक जनादेश एक नए भारत के लिए लोगों की ओर से किया गया आह्वान है। जहां सभी की प्रगति हो और देश वैश्विक वृद्धि के इंजन के रूप में खुद को तब्दील करे। कोविंद यहां गुरुवार को प्रधानमंत्री एवं बाकी पेज 8 पर

राजकाज

खुद के खिलाफ

विशेष पन्ना राजकाज पेज 7 पर

अंदर के पन्नों पर

- अलग नजर आएगी सीसीएस — पेज 8 पर
- विदेश मंत्री जयशंकर के सामने चीन और मध्य पूर्व की जटिल चुनौती — पेज 5 पर
- इस मंत्रिमंडल में फिलहाल किसी बदलाव के आसार नहीं। — पेज 18 पर

संसद सत्र 17 जून से 26 जुलाई तक, 5 को बजट

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 31 मई।

सत्रहवीं लोकसभा का पहला सत्र 17 जून से 26 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा। इस दौरान पांच जुलाई को पूर्ण बजट पेश किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावडेकर ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की पहली बैठक में संसद सत्र की तारीखों पर निर्णय लिया गया।

बैठक के बाद जावडेकर ने कहा कि सत्र के पहले दो दिनों तक नवनिर्वाचित सांसदों को शपथ दिलाई जाएगी, जबकि लोकसभा अध्यक्ष को 19 जून को चुना जाएगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति लोकसभा और बाकी पेज 8 पर

चौथी तिमाही में विकास दर 5 साल के न्यूनतम स्तर पर

नई दिल्ली, 31 मई (भाषा)।

- सरकार ने जीडीपी में अस्थायी कारकों से गिरावट की बात कही
- बेरोजगारी का आंकड़ा भी बढ़ा, राजकोषीय घाटे में मामूली कमी

कृषि एवं विनिर्माण क्षेत्र में कमजोर प्रदर्शन के कारण वित्त वर्ष 2018-19 की चौथी तिमाही में देश की आर्थिक वृद्धि दर धीमी पड़कर पांच साल के न्यूनतम स्तर 5.8 फीसद पर पहुंच गई। इससे पहले वित्त वर्ष 2017-18 की चौथी तिमाही में विकास दर 7.2 फीसद रही थी। इस बीच, वित्त वर्ष 2018-19 में आर्थिक वृद्धि दर के मुकाबले राजकोषीय घाटे में मामूली कमी दर्ज की गई है। उधर, सरकारी आंकड़ों के अनुसार देश में 2017-18 में बेरोजगारी दर 6.1 फीसद रही, जो 45 साल में सर्वाधिक है।

केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय (सीएसओ) ने कहा है कि वित्त वर्ष 2018-19 के दौरान सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर घटकर 6.8 फीसद रही है। जीडीपी वृद्धि की यह दर 2014-15 के बाद सबसे धीमी है। इससे पहले वित्त वर्ष 2013-14 में यह दर 6.4 फीसद रही थी। चौथी तिमाही में जीडीपी की 5.8 फीसद वृद्धि दर चीन की आर्थिक वृद्धि की गति 6.4 फीसद से कम रही। आर्थिक मामलों के सचिव एससी गर्ग ने कहा कि 2018-19 की चौथी बाकी पेज 8 पर

स्वच्छ भारत — एक कदम स्वच्छता की ओर

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

डीडीए की उत्कृष्ट संपत्तियाँ पाने का सुनहरा अवसर

द्वारा निम्न संपत्तियों की

ई नीलामी की घोषणा

- 80 आवासीय प्लॉट (फ्रीहोल्ड)
- 50 संस्थानिक प्लॉट (लीजहोल्ड)
- 50 औद्योगिक प्लॉट (फ्रीहोल्ड)
- 32 व्यावसायिक प्लॉट (फ्रीहोल्ड)
- 100 मोबाईल टॉवर साइट (लाइसेंस योग्य संपत्ति)
- 37 दुकानें, कार्यालय स्थान/स्टॉल (फ्रीहोल्ड)
- 17 कियोस्क/रेस्तरां/सूवनीर शॉप (लाइसेंस)

महत्वपूर्ण तिथियां:

- ऑनलाइन पंजीकरण आरंभ : 03.06.2019
- बयाना राशि के साथ अनिवार्य दस्तावेजों के ऑनलाइन पंजीकरण/जमा करने के लिए अंतिम तिथि 21.06.2019 को शाम 6.00 बजे तक

इच्छुक बोलीदाता प्लॉट के स्थलों का व्यक्तिगत रूप से निरीक्षण कर सकते हैं।

ई-नीलामी की तिथियां:

80 आवासीय प्लॉट	: 25.06.2019
50 संस्थानिक प्लॉट	: 25.06.2019
50 औद्योगिक प्लॉट	: 26.06.2019
32 व्यावसायिक प्लॉट	: 26.06.2019
100 मोबाईल टॉवर साईट्स	: 27.06.2019
37 दुकानें/कार्यालय स्थान/स्टॉल	: 28.06.2019
17 कियोस्क/रेस्तरां/सूवनीर शॉप	: 28.06.2019

प्लॉट और प्रक्रिया के विवरण के लिए, कृपया हमारी ई-नीलामी की वेबसाइट www.tenderwizard.com/DDAAUCTION देखें या हमारी साइट www.dda.org.in पर ई-नीलामी लिंक पर क्लिक करें और ई-नीलामी पोर्टल के होम पेज पर उपलब्ध नए लिंक "E-AUCTION OF PROPERTIES" से डाउनलोड करें। इच्छुक बोलीदाता "New Registration" लिंक के माध्यम से उपर्युक्त साइट पर स्वयं/अपनी फर्मों का पंजीकरण कर सकते हैं। कृपया ध्यान दें कि डीडीए की ई-नीलामी में भाग लेने के लिए सभी इच्छुक बोलीदाताओं के पास डिजीटल हस्ताक्षर होना अनिवार्य है। ई-नीलामी की प्रक्रिया को समझने के लिए इच्छुक बोलीदाताओं की सहायता के लिए नागरिक सुविधा केंद्र, भूतल, 'डी' ब्लॉक, विकास सदन, आईएनए, नई दिल्ली में हेल्प-डेस्क खोला गया है। डिजीटल हस्ताक्षर प्राप्त करने और भावी बोलीदाताओं के पंजीकरण/प्रशिक्षण और ई-नीलामी पर किसी अन्य स्पष्टीकरण के लिए, कृपया सुबह 11.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक (सभी कार्य दिवसों) हमारी हेल्प-डेस्क सं. 011-49424365 / 8800991846 / 8800378610 या twhelpdesk1019@gmail.com और twhelpdesk603@gmail.com पर संपर्क करें।

सुबु आर.
आयुक्त (भूमि निपटान)

अन्य विवरण के लिए संपर्क करें : आयुक्त (भूमि निपटान), विकास सदन, आईएनए, नई दिल्ली – 110023

दिल्ली विकास प्राधिकरण

कृपया Google play के डीडीए ऐप्स पर अपना फीडबैक दें।

ddaofficial official_dda

"कृप्या दि.वि.प्रा. की वेबसाइट www.dda.org.in देखें या 1800110332 डायल करें"

जनसत्ता रविवारी
2 जून, 2019

राजनीति में महिला भागीदारी

भारतीय संसद में महिलाओं की एक तिहाई हिस्सेदारी सुनिश्चित करने के मकसद से तैयार किया गया विधेयक अभी तक मंजूरी का इंतजार कर रहा है। इसके पीछे की वजहों का विश्लेषण कर रहे हैं श्रीश चंद्र मिश्र।

- कहानी/ मधु अरोड़ा
- ललित प्रसंग/ सुरेश सेठ
- योग दर्शन/ डॉ. वरुण वीर
- शख्सियत/ नरगिस
- दाना-पानी/ मानस मनोहर
- सेहत/ रविवारी डेस्क

खुशनसीब हूं कि मुझे आज भी दर्शक प्यार करते हैं : सलमान खान

- कविता/ जगदीश शर्मा
- कहानी/ सोनाली मिश्रा

कश्मीर में सेना ने मार गिराए पांच आतंकवादी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 31 मई।

कश्मीर के शोपियां और पुलवामा में मुठभेड़ों में सेना ने पांच आतंकवादियों को मार गिराया है। दक्षिणी कश्मीर के शोपियां जिले के सुगान इलाके में सेना ने हिज्बुल मुजाहिदीन के तीन आतंकवादियों को मार गिराया। खबर लिखे जाने तक वहां मुठभेड़ जारी थी और सुरक्षाबलों ने दो आतंकवादियों को घेर रखा है। मारे गए आतंकियों के पास से बड़ी मात्रा में हथियार व गोला बारूद बरामद किए गए हैं।

दूसरी ओर, पुलवामा के त्राल इलाके में सेना ने दो आतंकियों को बाकी पेज 8 पर

धनशोधन में एअरबस के पूर्व अधिकारी के नाम गैर जमानती वारंट

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 31 मई।

दिल्ली की एक अदालत ने फ्रांस की कंपनी एअरबस इंडस्ट्री के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष के खिलाफ धनशोधन से जुड़े एक मामले में शुक्रवार को बेमियादी गैर जमानती वारंट (एनबीडब्लू) जारी किया। यह मामला 2005 में एअरबस इंडस्ट्री से तत्कालीन कंपनी इंडियन एअरलाइंस की ओर से 43 विमानों की खरीद से जुड़ा हुआ है। इंडियन एअरलाइंस का एअर इंडिया में विलय हो चुका है। यह मामला कथित रूप से विदेशी निजी एअरलाइनों को फायदा पहुंचाने से बाकी पेज 8 पर

जानलेवा गर्मी — देश के कई हिस्सों में तापमान ने पांच साल का रेकार्ड तोड़ा

बढ़ी तपिश से चेतावनी का रंग हुआ लाल

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 31 मई।

दिल्ली सहित समूचे पश्चिमोत्तर भारत में भीषण गर्मी को देखते हुए मौसम विभाग ने गर्मी के लिहाज से खतरे के सूचक लाल रंग (रेड कलर)की चेतावनी जारी की है। यानी तापमान का स्तर खतरनाक रूप से बढ़ा हुआ है और लोगों को खास एहतियात बरतने की जरूरत है। इसके साथ ही देश के कई हिस्सों में तापमान ने पांच साल का रेकार्ड तोड़ा है।

49 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ शुक्रवार को राजस्थान का गंगानगर देश का सबसे गर्म स्थान रहा। ज्यादातर इलाकों में पारा समान्य से तीन से पांच डिग्री के उछाल के साथ अपना कहर बरपा रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने तेज धूप में निकलने से बचने व एहतियात के तौर पर पानी व दूसरे तरल पदार्थों के ज्यादा सेवन की सलाह दी है।

मौसम विभाग ने राजस्थान, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, चंडीगढ़, हरियाणा व पंजाब के कुछ हिस्सों,पश्चिमी मध्य प्रदेश, विदर्भ के कुछ इलाकों के अलावा बाकी पेज 8 पर

उत्तर, दक्षिण भारत में मानसून कम रहने के आसार

नई दिल्ली, 31 मई। उत्तर और दक्षिण भारत में इस बार मानसून के सामान्य से कम रहने का अनुमान है। भारतीय मौसम विभाग (आइएमडी) ने शुक्रवार को अपने पूर्वानुमान में कहा कि जुलाई में मानसून सामान्य से नीचे रहने की संभावना है जबकि अगस्त में बाकी पेज 8 पर

राजस्थान के श्रीगंगानगर में पारा मई में 49.6 डिग्री सेल्सियस, सबसे अधिक तापमान का 75 साल का रेकार्ड टूटा

जम्मू में शुक्रवार को सूखे तालाब के बीच से गुजरता शख्स।

जनसत्ता क्लासीफाइड

व्यक्तिगत

I,Yash Pal Khattar R/o-40, Gali.No.3, Old Arjun-Nagar, Delhi-110051, inform that name of Mine, My Wife, My Minor Son has been wrongly written as Yash Pal,Yashika, Poonav Khattar in my minor son Poonav Khattar (3-Years) Birth Certificate. The actual name of name mine, my wife, my minor son are Yash Pal Khattar,Yashika Khattar, Kanha Khattar respectively which may be amended accordingly. 0040497508-2

I,Rajesh Kumar Aggarwal S/o Late Sh.Murari Lal R/o-43, Gali Dowan Bagh Diwar,Fatehpuri, Chandni Chowk, North Delhi, Delhi-110006, is also known as Rajesh Kumar Gupta. Both names are of one & the same person. 0040497422-1

I,Pinki D/o Ashok Kumar W/o Siddhartha Jain R/o B-4/1,First Floor,Sector-8 Rohini Delhi-85,have changed to Priyal Jain for all Purposes 0040497466-7

I,Mohinder Mohan Arya S/o-Sh.Ram Kishan Arya R/o-7, Crossing,New Suraj Nagari, Street.No.-I,Abohar, Firozpur, Punjab-152116,inform that Mohinder Mohan Arya and Mohinder Mohan both are same person. 0040497466-6

I,Gopala Krishnan Bindhu Erappa Kkattu W/O Prasobh R/o-B-9/S-2, Dilshad Colony, East Delhi-110095,have changed my to Bindhu Prasobh for all future purposes. 0040497466-1

I,Gian Chand Thakur S/o Mr.Pala Ram R/o WT-77-A/1, Vishwkarma Marg, Prem Nagar Road, Baljit Nagar, Gali No. 21A, Patel Nagar, New Delhi-110008, have changed my name to Gian Chand for all purposes. 0040497429-1

I, hitherto known as Arvind Yadav, S/o Ram Das Yadav R/o-34, LGF Pragati Enclave, Burari, North, Delhi-110084, have Changed my name and shall hereafter be known as Arvind Kumar. 0040497508-9

I, Vinay Shukla, S/O Shri.V.K. Shukla R/O-B-3/23, Sector-16,Rohini,Delhi-110089, have changed my minor son name, from Rishit to Rishit Shukla. 0040497508-7

I, Vikram Kumar S/O-Purushottam Vashisht R/o-1593 Third-Floor, Madarsa-Road, Kashmiri-Gate, Delhi-110006, have changed my name to Vikaram Vashisht. 0040497508-4

I, Shikha W/o Kunal Garg R/o 229, Pingawa, Pinagwan (127), Mewat HR-122508 have changed to my Minor daughter's name Trisha Aggarwal to Keyanshi Aggarwal (D.O.B. 16-11-2014) for all Purposes 0040496621-2

I, Vikas Singh Yadav S/o Shri Bhagwan R/o 153 Near Mata Chowk Kangan Heri Delhi-110071 changed my name to Vikas Yadav. 0040497456-3

I, Suman Lata Sachdeva, D/o Kishan Lal, W/o Jagdish, H.No.126/3, Sita-Ram Gate Mohalla, Jhajjar (Haryana)-124103, changed my name to Neelam. 0040497543-1

I, VIPIN POONIA S/O NAVAL SINGH POONIA, House No. 314, Village & Post-Ladpur, Dist.-Bulandshar, U.P. Hereby informs that my correct date of birth is 13.03.2001 instead of 25.08.2000. 0040497443-2

I, VIKAS KUMAR S/o BIR SINGH R/o H.No.E-388A, Gali No.7, West Vinod Nagar, East Delhi-110092, have changed my name from VIKAS to VIKAS KUMAR, for all purposes in future. 0040497430-1

I, Sunil Goyal S/O Shri.Shyam Lal Goyal R/O-G-12/266, Gali.No-11, MOLARBAND-EXT. MOLAR-BAND, SOUTH DELHI-110044, have changed my name to Sunil Kumar Goyal. 0040497508-6

I, Suneeta W/O Anil Kumar Shastri, R/O-248/3b, Railway Officers Enclave, P.K. Road, New Delhi-110001,changed my name to Sunita. 0040497456-10

I, Sumit Kumar Saha S/o Subol Kumar Saha R/o Flat No. 550 Sunview Apartment Sector 11 Pocket 4 Dwarka 110075, have changed my minor son's name from Nirvan Saha to Naman Saha. 0050149388-1

I, Suchetana Sengupta,W/o Himanshu Sharma R/o-Z-99-A, Second Floor, Dayal Sar Road, Uttam-Nagar West,Delhi-110059. Have changed my minor son's name, from Samyak Saha aged 8-years to Samyak Sharma, for all purposes. 0040497508-3

I, Sandhya Taneja, M/o Harshit Taneja, R/o 8/53, First Floor, South Patel Nagar, New Delhi-110008, affirm thatmy Son's name mentionedin his School, Aadhar Card and Pan Card is Harshit Taneja.Harshit Taneja and Harshit Sandeep Taneja is same person. 0040497188-7

I Meenu Chand D/O Om Prakas Rajput R/O-179-D, Vasant-Village, Vasant Vihar, Delhi-110057. Have Changed my Name to Mehak Rajput. 0040497522-2

व्यक्तिगत

I, Shubham S/o Bimal Rai residing Arya Nagar, Gali No.1, Balour Road, Bahadurgarh, Distt Jhajjar, Haryana, have changed my name to Shubham Rai for all purposes. 0040497427-1

I, Shiv Kumar Singhal S/o Devi Shankar R/o A-24, Mansarover Park, Shahdara, Delhi-110032 have changed my minor son's name from Akshat Gupta to Akshat Singhal for all purposes. 0040497436-1

I, Raman Kumar S/o Shyam Sunder Chattwal, R/o Flat No.6C, Second Floor, Pocket-A, Dilshad Garden, Delhi-110095 have changed my name Raman Kumar to Raman Kumar Chattwal for all future purposes. I also inform that my father name is wrongly mentioned in my 10th class certificate as Shyam Sundur instead of Shyam Sunder Chattwal. 0040497465-1

I, Raj Rani W/o Lal Bahadur R/o Jhuggi No.5-A/1, Laxmi Garden, Moti Nagar, New Delhi-110015, have changed my name to Raju Devi. 0040497426-1

I, Pramod Choudhary S/o Choudhary Prem Singh R/o-F-301, Lado-Sarai, Delhi-110030, have changed son's name Yug Choudhary to Jayvir Choudhary. 0040497522-4

I, Pramod Choudhary S/o Choudhary Prem Singh R/o F-301, Lado-Sarai, Delhi-110030, have changed daughter's name Dia Choudhary to Janvi Choudhary. 0040497522-3

I, Omvir Singh S/o Dharam Pal Singh R/o.M-188-189, Camp. No.3,JJ Colony, Nilothi,Delhi-110041,have changed my name to Ajay Singh 0040497466-2

I, No.16014715K LNK SANJAY KUMAR serving at 21 RAJRIF, Delhi Cantt, inform that in my service records my wife's name is wrongly mentioned as PUNAM DEVI her correct Name is PUNAM which may be amended accordingly. 0040497463-1

I, Naresh Kumar, R/o H.No. 1425, Phase-10, Mohali, Punjab have changed my Minor child's name from Vishakha to Vishakha Papneja. 0070658160-1

I, Naresh Kumar, R/o H.No. 1425, Phase-10, Mohali, Punjab have changed my Minor child's name from Vanshika to Vanshika Papneja. 0070658151-1

I Rajesh Arora S/o Tilak Raj Arora R/o 80, Punjabi Colony, Narela, Delhi-110040 have changed my daughter's name from Navya to Navya Arora. 0040497428-2

I, Naintara Sharma, D/o Late K.L.Sharma, R/o-Eg2/2, Garden-Estate, M.G.Road, Gurugram, Haryana, Am Also Known By The Name Of Neena Sharma. Both Names Naintara Sharma And Neena Sharma Pertain To One And The Same Person i.e. Me. 0040497508-1

I, Meenu/ Meenu Arora W/o Ravinder Pal Singh R/o B-203, 2nd Floor, Fateh Nagar, Jail Road, New Delhi-110018, have changed my name to Meenu Abrol for all purposes. 0040497492-1

I, Manoj Punia@ Manoj Kumar@Manoj @Manoj Kumar Punia S/O Jasmer Singh Punia R/o H.no.954, Sector-21, Gurgaon HR-122016 have changed to Manoj Punia for all Purposes 0040497466-9

I, Manoj Kumar Sharma S/o Chandra Deep Sharma R/o-H-43 Ilayachipur Ram-Park Extn. Loni, Ghaziabad, Uttar-Pradesh-201102. Changed my name to Manoj Kumar. 0040497456-1

I, Madhavi Mishra,W/o Anoop mishra R/o-C-1203, ground-Floor, IFFCO-colony, Sector-17b, Gurgaon Haryana-122001, have changed my name to Madhavi Misra. 0040497543-3

I, Lalita Malik D/o Late Shri Vinod Kumar Malik W/o Rajender Kumar Manchanda R/o H. No.892, Ward No.8, Mehrauli, New Delhi-110030, have changed my name and shall hereafter be known as Swati Manchanda. 0040497475-1

I, Lalita D/o Late Sri Govind Singh R/o H.No.-389, Block No.-14, Dakshin Puri Extension, Delhi-110062, have changed my name to Sonia for all purposes. 0040497433-1

I, Kusum Sunar D/o Nar Bahadur R/o B-5/22 Safdarjung Enclave Delhi-110029. Have Changed My Name To Chinmaya Kusum Sunar. 0040497522-1

I, Kusum Lata W/o Pramod Choudhary R/o F-301, Lado Sarai, Delhi-110030, have changed my name to Priya Choudhary. 0040497522-5

I Manuj Kumar R/o House No. A-35, Upper Ground Floor, Om Vihar,Uttam Nagar, D. K. Mohan Garden West Delhi 110059 Have Changed My Name To Manuj Mehta For All Purposes. 0070658136-1

I, Sanjay Kumar Verma S/o Dina Nath Verma, R/o 9/5626, Gali No.12, Old Seelampur, Gandhi Nagar, Delhi-110031, informs that my name has wrongly mentioned in my daughter's (Gunjan Verma) 10th Certificate as Sanjay Verma. My actual name is Sanjay Kumar Verma. Both names belongs to same person. 0040497588-1

I, Krishan Pal S/o Somnath R/o House No.-4, Vijay Nagar By-pass, Sarvoday Nagar, Ghaziabad, UP-201001, have changed my name to KRISHAN PAL SHARMA. 0040497425-1

I, Kamla Devi W/o Gaurav Naresh R/o-D-107, Freedom Fighter Enclave,Neb Sarai, Ignou Road, N.Delhi-110068,have changed my name to Kannu Choudhary 0040497466-3

I, Kali Charan S/O Durga Prasad R/O.226, Sfs-Flats, Sector-11, Rohini, Delhi-110085, changed my name to Kali Charan Gautam (K.C.Gautam). 0040497456-7

I, Kabir Chhabra S/o Manish Chhabra R/o.GD-136, Pitampura, N.Delhi-110034, have changed my name to Kabeer Chhabra for all purposes 0040497466-4

I, KARAN SINGH VERMA S/o PRABHU DAYAL R/o-10/8 Shakti Nagar Delhi-110007, changed my name to KARAN SINGH permanently. 0040497456-4

I, KABIR S/o ANIL SHARMA R/o R-75 Vani Vihar Uttam Nagar Delhi-110059, changed my name to KABIR SHARMA permanently. 0040497456-5

I, Jagrati Aggarwal W/O Rishi Raj Agrawal R/O-D-218,Sector-61, Noida, Gautambudh-Nagar, U.P-201301. Have Changed my Name to Jagrati Agrawal. 0040497508-8

I, Hradesh Kumar S/O Shivram Singh, H.No.167, Village Milk New-Tehseel Khair, Aligarh, U.P-202138, Changed My Name To Hirdesh Kumar. 0040497522-8

I, Harsimarpreet Singh Makkar S/o Manmohan Singh H.No.163,F/F, Hargobind Enclave, Karkardooma, Delhi-110092. have changed my name to Harsimarpreet Singh. 0040497522-7

I, Meenu Chand D/o Om Prakas Rajput R/O 179-D,Vasant-Village,Vasant-Vihar,Delhi-110057, have changed my name to Mehak Rajput. 0040497456-9

I, Hanumant Gupta s/o-Mahabir Parsad Gupta R/o-B-4,341-342, First-Floor, Block-B, Pocket-4, Sector-8, Rohini, Delhi-110085, have changed my name to Hanumat Gupta. 0040497508-5

I, Dinesh Chandra S/o Mahesh Chandra Joshi R/o 156, Asola Fatehpur Beri, New Delhi-110074 have changed my name to Dinesh Chandra Joshi for all future purposes. 0040497462-1

I, Deepak Kumar s/o Manohar Lal r/o 2/227-228, Second Floor, Subhash Nagar, ND-110027, have changed my name to Deepak Khurana. 0040497452-1

I, Darshan Kumar S/o Dhan Raj Sethi R/o-A-18, Idgah Road, Ahata Kidara Chamelian Road, Delhi, have changed my name to Darshan Lal Sethi. 0040497543-2

I, Chokhey Lal, S/o Late Sh.Tota Ram R/o.H.No.228 2nd-Floor Sector-1 Vasundhra Ghaziabad UP-201012, have changed my name to Abhishek Saran for all future purposes. 0040497508-10

I, Baby Hima W/o Amardeep Singh Mehra R/o H.No. 592/292, Rajeev Nagar, Kharika, Telibagh, Lucknow, U.P., have changed my name to Hema Mehra for all purposes. 0040497437-1

I, Ayesha D/o Mohd Saleem R/o-476 St.No-6 Guru Ramdass-Nagar Laxminagar Delhi-92, have changed my name to Ayesha Saleem. 0040497456-8

I, Asheesh Verma S/o Ram Lal Verma R/o E-2/9 Second-floor Sector-7 Rohini Delhi-85, changed my name to Ashish Verma. 0040497456-2

I, Arifa Begum,D/o Sh.Mohammed Irfan, R/o-758-59, 2ND-Floor, Haveli AzamKhan, Chitli-Qabar, Jama-Masjid, Delhi-110006 have changed my name to Arifa for all purposes. 0040497522-6

I, Akanksha/Akanksha Jakhu R/O 215, MECO Society, Mohali have changed my name to Akanksha Singh for all purposes. 0070658150-1

I, ANIL KUMAR S/o SUNDER PAL SHARMA R/o R-75 Vani Vohar Uttam Nagar Delhi-110059, changed my name to ANIL SHARMA permanently. 0040497456-6

I hitherto known as Vinay Kumar Vurman alias Vinay Kumar S/oBaijnath Prasad Vurmam R/o A-68 Upper Ground, Pandav Nagar, New Delhi-110092, have changed my name and shall hereafter be known as Vinay Kumar Burman. 0070658131-1

I hitherto known as Raman Kishore Chanana S/o Vimal Kishore Chanana R/o Pocket 40, H No 161, Ground Floor C R Park, New Delhi-110019, have changed my name and shall hereafter be known as Raaman K Chanana. 0070658138-1

I Eshan Arora S/o Kamal Bhushan R/o G 58, First Floor, Mansarover Garden, New Delhi 110015. I have change my name to Eshaan Arora 0040497470-1

I, Firdosh D/o Mahmood R/o Nagrangpur, Meerut Uttar Pradesh-250502, have changed my name to Riya for all purposes. 0040497435-1

व्यक्तिगत

I Rajni Vashishta W/o Manjeet Bhardwaj R/o 50, Pandito Wali Gali, Village Tikri Khurd, Narela, Delhi-110040 have changed my name to Rajni Bhardwaj. 0040497428-1

I Akshita Srivastava Age 20 Years D/o Sri Promod Kumar Srivastava R/o C-505 Omega Green Park Apartment, Faizabad Road, Lucknow declare that name of my Father has been wrongly written as Pramod Kumar Srivastava, P.K. Srivastava, Pramod Srivastava in various documents. That actual name of my Father is Promod Kumar Srivastava, which is to be considered accordingly.

CLASSIFIED

Change of Name

I, Raashi Kabra d/o. Mahesh Kumar Kabra of Bima Abasan, 594/1, Dakshindari Road, Kolkata 700048 declare that Ritika Kabra and Raashi Kabra is same and one identical person vide Affidavit No. 12368 Dt. 24.04.2019.

50149354

खोया+पाया

My qualifying marksheet issued by CBSE having passed secondary examination year-2011 Roll-No.8115858 has been lost.Anukriti Sehgal, D/o B.R. Sehgal R/o-Flat-73-D, Pocket-III, Mayur-Vihar-I, Delhi-91. 0040497543-5

I (Diksha Sharma) have lost my Original Pass Certificate of 12th year (2015) Roll no. 2707701 CBSE Board and also my 10th Certificate Year (2011-2013) Roll No. 2220519. If Found Please Contact: 8447551136. 0050149389-1

I,Sapan Ghosh S/o Hari Ghosh, IX/1595, Patel Gali, Subhash Road, Gandhi Nagar, Delhi-110031 have lost original documents i.e.Affidavit, Will, Deed, Possession Letter & Receipt executed on 15-12-2018 by Narinder Kaur in favour of Sapan Ghosh of Property No.7/172, First Floor, Geeta Colony, Delhi-10031. Finders may contact at above address. 0040497422-2

All original document of Rohini Plot No-188, Pocket-5, Sector-25, Rohini , New Delhi, File No DDAF 23 (149)91. If found contact to Kanti Devi # 9810477934. 0040497149-1

It is notified for the information that my original qualifying examination certificate of Main Secondary Examination of year 2017 Roll no 8254134 issued by CBSE has been actually lost. Muskan Sahni, T 56, New Rohtak Road, New Delhi 100005, Phone 9873702558 0040497503-1

It is to notified for the information that my Original-Qualifying Examination-Certificate of Main-Secondary Education of year-2017-and Roll.No. 8255674 issue by CENTRAL BOARD OF EDUCATION (C.B.S.E.-DELHI) has been actually lost.ANSHUL MITTAL,S/O ANIL KUMAR MITTAL, Address:-EA-147, INDERPURI, NEW-DELHI-110012 Mob:-8750710091. 0040497543-4

Lost Flat Possession Letter from Ansal Properties in name of Sonia Batra and Tripartite agreement of HDFC of Flat 030502,Sunshine County,Kundli.Contact 9810105233 0040496925-1

Lost original Lease Deed-269/1 4 dt.15/11/1984, favouring Sukhdev Lal s/o-Trilok-Chand of Shop No.32, Old-Rajinder Nagar Market,New Delhi-110060.Finder contact Dr.Bishamber Nangia s/o-Hakim Sukhdev Lal Nangia R/o J-418, UGF,New Rajinder Nagar, New Delhi-110060. 0040497543-6

It is noticed for the information that my Original/ Duplicate Qualifying Examination Certificate of Main/ Compartment/ Secondary/ Senior Secondary examination of the year 2017 and roll no 8756683 issued by CBSE has been actually lost/destroyed/ mutilated. Name of the candidate Bhanu. Full Address S-167/382, Harijan Basti, R K Puram, Sector 13 N.D, Telephone Number 9599842053. 0040497269-1

I Roshan have lost my 10th Class Marksheet Year 2014 Roll no.8795646 CBSE Board. If Found Contact: 9818322814 0040497470-2

NOTICE PROCLAMATION REQUIRING ATTENDANCE OF DEFENDANT (Order 5, Rule 20 of the Code of Civil Procedure) IN THE COURT OF Sh. Hasan Anzar, ADJ-06, Room no. 137, Tis Hazari Courts, Delhi

Cs. No. - 2306/2014
Ex. No. - 1585/18
TITLE: Shri Vipin Kumar Batra
Vs.
Smt. Karma Wali

To,
Smt. Karma Wali W/o Late Malik Chand Sachdeva
R/o 16/9 B, First Floor Tilak Nagar, New Delhi- 110018
THE DEFENDANT ABOVE NAMED
WHEREAS you are intentionally evading service of summons it is hereby notified that if you shall not defend the case on the 12 day of July 2019 the day fixed for the final disposal, it will be heard and determined ex-parte.
Given under my hand and the seal of the court, this 22 day of may 2019.

Sd/-
Additional District Judge-06
Seal **West District, Tis Hazari Courts, Delhi**

PUBLIC NOTICE

My clients Raj Kapoor & his wife Sahib Kaur R/o H.No. 531/36, Onkar Nagar, Tri Nagar, Delhi-110035 have disowned / debarred their son Sandeep Hooda, his wife Monika & their daughter Sonu W/o Bijender Kumar Saini D/o Sh. Raj Kapoor from all their moveable and immoveable properties due to their misbehaviour, quarrelsome nature towards my client and other family members and severed all their relations with them. My clients shall not be responsible in future for any acts and deeds of above named persons.

CHANDER KANT TYAGI (Advocate)
Seat No. 42, Central Hall, Tis Hazari Courts, Delhi

PUBLIC NOTICE

It is notice to public at large hereby inform that my client Sh. Chaman Lal Soorma, and his wife Smt. Santosh Soorma, both R/o - A-1/304/A, Keshav Puram, Wazirpur, North-West, Delhi-110035. That General Public does hereby inform that in reference of my son, Sh. Jitesh Surma and his wife Smt. Vaani Gulati both of them are hereby debarred from my property both movable and immovable in totality. They do not have any right or interest to claim anything from above in any manner whatsoever.

GIRISH RAI (Advocate)
Ch. No. C-69/A, C.L. Joseph Block, Tis Hazari Courts, Delhi-54

PUBLIC NOTICE

Be it known to all concerned that my clients Shri Gyan Singh S/o Late Shri Bhagvan Singh and Smt. Sushila Devi W/o Shri Gyan Singh, both R/o: Village + Post Office- Kasaun Nijampur, P.S.- Baghwala, District-Etah, Pin Code - 207001 (U.P.) have severed their relations from their son Shri Umesh Chandra and his wife Smt. Shruti W/o Shri Umesh Chandra and my above clients have also disowned and disinherited them from all their moveable and immoveable properties. Henceforth, anybody dealing with the said Shri Umesh Chandra and his wife Smt. Shruti may do so at his/her own risk and consequences and my above said clients shall not be held liable for any of the acts, deeds and things done by aforesaid persons, i.e. Shri Umesh Chandra and his wife Smt. Shruti.

A.N. PANDEY (Advocate)
Ch. No. 552, Dwarka Courts, Delhi-110075

PUBLIC NOTICE

It is hereby informed to the general public that my correct name is Manohar Lal, S/o. Rudmal R/o. House No. D-1069, Camp No. 2, J.J. Colony, Nangloi, Delhi-110041 instead of Manohar S/o. Rudmal Dhanka. The name of my client was/ is / will be known as Manohar Lal S/o. Rudmal in all respect. Manohar Lal S/o. Rudmal and Manohar S/o. Rudmal Dhanka are the same and one person.

PUBLIC NOTICE

It is hereby informed to the general public that my correct name is Prakash Chander, S/o. Sh. Manohar Lal, R/o. House No. D-1069, Camp No. 2, J.J. Colony, Nangloi, Delhi-110041 instead of Prakash Chand. The name of my client was /is/ will be known as Prakash Chander in all respect. Prakash Chander and Prakash Chand are the same and one person.

PUBLIC NOTICE

Be it known to general public that my client Ravi Dutt Sharma S/o Mohan Lal R/o B-1/166, Kiran Garden Near Matiyala Police Choki, Uttam Nagar, Delhi-110059, has severed all his relations with his son Suresh Dutt Sharma and daughter in law Aarti, from his moveable and immoveable properties and also from other consideration of any kind whatsoever may be related to him. My client shall not be responsible for any acts, deeds done by his said son or daughter in law in any manner and my client has no concern or relation of whatsoever nature with them.

P.K. Khurana (Advocate)
Off.: B-6/152, Sector-11, Rohini, Delhi-85

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की श्रीमती रिकी बंसल Residential First Floor, Back Side without roof rights area measuring 148 Sq. Mtrs., i.e. 177 Sq. yds built on Freehold Property bearing No. G-1 area measuring 355 Sq. Yds., Situated in the layout plan of Preet Nagar, Co-Operative House Building Society Ltd., and colony known as Preet Vihar, New Delhi-110092 की मालिक हैं, इस मकान का बैनामा दिनांक 24.04.07 वसीका नं. 3108 जो की ऋतु गुप्ता एवं सविता वर्मा द्वारा रजिया सुलेमान व मोहम्मद सुलेमान के पक्ष में की गयी है गुम है जिसकी FIR दिनांक 18.03.19 को दर्ज की गई है, यह संपत्ति GICHFL के पास बंधक होने जा रही है, यदि किसी को यह दस्तावेज प्राप्त होते हैं तो निम्नलिखित को 15 दिन के अंदर सूचित करें:

इंदु कॉल अधिवक्ता
मोबाइल नं. 9899064376
चैम्बर नं. 369, 394 & 376
पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली

सार्वजनिक सूचना

मैं अशोक कुमार बजाज पुत्र स्वर्गीय श्री जगदीश चन्द्र बजाज निवासी एस 64, ग्राउंड फ्लोर, उप्पल साउथ एंड सेक्टर-48/49, सोहना रोड, गुरुग्राम, हरियाणा का स्थायी निवासी हूं, गितज (वास्तविक नाम/ (गौरव बजाज) बदला हुआ नाम (व वासुदेव बजाज पुत्र स्वर्गीय श्री विनोद कुमार बजाज निवासी 107, तिर्तिये मंजिल, डी.डी.ए. क्वाटर, न्यू सीमापुरी, झिलमिल दिल्ली-110095, के निवासी हैं। जो मेरे भतीजे हैं परंतु इन्होंने अपने आधार कार्ड, पैन कार्ड व मैरिज सर्टिफिकेट व अन्य दस्तावेजो में बतौर पिता मेरा इन मेरी बिना सहमति के लिखवा रखा है, अतः वर्तमान व भविष्य में मेरा नाम दोनों से कोई लेना देना नहीं है, इसके बावजूद ये दोनों मेरे नाम) अशोक कुमार बजाज (को अपने कागजातों में इस्तेमाल करते हैं, तो मैं इनके किसी भी कृत्य का जुम्मेदार नहीं होऊंगा। मेरे वारसानो में मेरी पत्नी सुषमा बजाज व पुत्री रुपाली बजाज) विवाहित, (पुत्र आलोक बजाज) विवाहित है।

Sd./-
Through Counsel
Adv. Rajesh Khatana

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given by Jayant Pal Singh Bawa who was the Joint owner of property bearing No. D-64, Sector-20, Noida (U.P.) with his father Late Sh. Harpal Singh. And on behalf of the my client Jayant Pal Singh Bawa S/o Late Sh. Harpal Singh the undersigned advocate hereby invites claims or objections from other heir/s or claimant/s or objector/s for the transfer/ Mutation of share of deceased Harpal Singh by NOIDA with respect to the said property in favor of Jayant Pal Singh Bawa as per WILL executed and registered with Sub Registrar II Noida on 06.08.2011vide regn. no 1531 by Late Sh. Harpal Singh who passed away on 21/04/2016. Any body who has any objection to the said Mutation, he/ she may submit his/ her objection along with documentary evidence within a period of 14 days from the date of publication of this notice, with copies of proofs to support the claim/ objection at below mentioned address. If no claims/objections are received within the period prescribed above, the NOIDA shall be at the liberty to transfer the share of the deceased in the manner provided under the bye laws.

Mukesh Paliwal (Advocate)
Sector-29, Noida

पब्लिक नोटिस

मेरे मुव्विकल महेश सिंह चौहान पुत्र स्व. श्री मोती सिंह चौहान निवासी A-41 रोशनारा बिल्डिंग शक्ति नगर दिल्ली-110007 ने अपने पुत्र तेज सिंह पुत्र वधु कोमल और पौत्र आरव को गलत व्यवहार/आचरण के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सभी सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है भविष्य में यह कोई लेन देन करते हैं तो उसके जिम्मेदार खुद होंगे। मेरे मुव्विकल व उनका परिवार दीवानी और फौजदारी के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

सर्वजानिक सूचना

मेरी मुवक्किल विधा पत्नी स्व० श्री पोसाकी, निवासीः-मकान नम्बर-**274,** गली नम्बर-**12,** संगम विहार, लोनी, जिला गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश ने अपने पुत्र गोवर्धन व उसकी पत्नी गीता एवं दूसरे पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी नीलम से समस्त संबंध विच्छेद कर लिये है एवं अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया हैं। इनके किसी भी लेन-देन, गलत कार्य हेतु मेरी मुवक्किल एवं उसका परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

Sunil Gautam (Advocate)
Seat No.-M-14, Tis Hazari Court, Delhi-110054 (M): 9891469430

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी मुवक्कील श्री करन सिंह पुत्र श्री दिवान सिंह व इनकी पत्नी श्रीमति अनिता सिंह पता म.नं. 269, जाटव मोहल्ला, मदन पुर खादर, नई दिल्ली-110076 ने अपनी पुत्री प्रिया तोमर को उसके गलत व्यवहार एवं नियंत्रण में ना होने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है तथा उपरोक्त प्रिया तोमर से अपने सारे सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है, अब मेरे मुवक्कील का अपनी पुत्री से कोई सम्बंध नही रहा और यदि भविष्य में उपरोक्त प्रिया तोमर के साथ कोई व्यक्ति लेन देन करेगा तो वह व्यक्ति स्वयं जोखिम उठायेगा। इसमें मेरे मुवक्किल की कोई जिम्मेदारी नही होगी।

धर्मवीर सिंह चौहान (अधिवक्ता)
चै.नं. 322, साकेत कोर्ट, नई दिल्ली-17

PUBLIC NOTICE

UNDER INSTRUCTIONS OF MY CLIENTS SH. MAHENDER KUMAR AND HIS WIFE NAMELY SMT. DHANWANTI W/O SHRI MAHENDER KUMAR BOTH R/O 1459, SUBHASH MOHALLA, KALAN MAHAL, PATODI HOUSE, DARYA GANJ, CENTRAL, DELHI-110002, DO HAVE BY INFORM THAT OUR SON NAMELY SH. MANISH KUMAR S/O SHRI MAHENDER KUMAR FROM TODAY HAVE NO RELATIONS HE IS LIABLE HIMSELF FOR THEIR ACTS & WORKS. WE ARE DEBARING HIM FROM OUR MOVEABLE AND IMMOVEABLE PROPERTY: WE HAVE NO FAMILY RELATIONS WITH HIM.

Sd/-
(V.K.SAINI) ADVOCATE
Enr. No. D-5109/15

PUBLIC NOTICE

General Public is hereby informed that My Client **Sh. Nandkishor Gupta** S/o Sh. Dinanath Sah & **Smt. Dropadi Devi** W/o Sh. Nand Kishor, Both R/o A-14, Ground Floor, Vikas Kunj, Mohan Garden, Uttam Nagar, New Delhi-59, have disowned their son **Mr. Sonu Gupta** S/o Sh. Nandkishor Gupta, Daughter-in-law **Mrs. Aarti Gupta** W/o Sonu Gupta, Both R/o A-14, Ist Floor, Vikas Kunj, Mohan Garden, Uttam Nagar, New Delhi-59, due to misbehaviour & dishonesty from all his/her/their moveable, immovable assets & ceased all relations with them. Anybody dealing with them will do so at his/her/their own risks. My client will not be responsible for their any act, transaction in any manner. J.C. Trikha (Advocate) C.S., Tishazari Courts, Delhi.

PUBLIC NOTICE

Be it known to all that my client **SH. ANIL DUTT** S/o Late Sh. Dev Raj Dutt R/o S-13, School Block, Shakarpur, Delhi- 110092, has disowned/ debarred his son **VARUN DUTT** and his wife namely **SAKSHI DUTT** alongwith their daughter namely **MAHI DUTT** from all his moveable-immovable properties/ assets and severed all his relations with them due to their misbehave/misconduct towards my client, if anybody deals with them will do so at his/her/their own risk and responsibility. My client shall not be responsible for any kind of act done by them.

Sd/-
RAJNEESH (Advocate)
Chamber No. 665, Patiala House Courts, New Delhi-110001

PUBLIC NOTICE

On behalf ot my ciient Sh. Ramesh S/O Sh. Duli chand, R/o A-239, Shakur Pur, Saraswati Vihar Delhi-110034. Sever all relations debarred his Son RAKESH KUMAR, Daughter-in-law POOJA & Grand Daughter YOGITA from all movable and immovable properties due to disobedience and out of control. My client will not be responsible for their any act/deed in future.

Sd/-
SANJAY MANDAWAT
Advocate
En. No. D/3832/2016

PUBLIC NOTICE

Be it known to all that my client Desh Raj s/o Ram Lal R/o T-Hut/Jhuggi Near H.No.26A Back Lane, Road No.57, West Punjabi Bagh, New Delhi-110026, have disowned/debarred his son Bharat R/o T-Hut/Jhuggi Near H.No. 53-B, West Punjabi Bagh, New Delhi-110026, from his all moveable & immovable assets/ properties located at anywhere & also severed all relations with them. Any person/s dealing with them shall be at his/her own risk. Parvesh Kr. Tyagi (Advocate) Seat Behind Court Room No.36, Tis Hazari Courts, Delhi.

PUBLIC NOTICE

MY CLIENTS SH. VIPIN CHANDER CHADHA AND MS. KANCHAN BHALLA ARE CO-OWNERS OF PROPERTY BEARING NO. B-1/21, RANA PRATAP BAGH, DELHI-110007 BY WAY OF COURT DECREE IN THE FORM OF SETTLEMENT/ COMPROMISE. THEY HAVE LOST THE ORIGINAL SET OF TITLE DOCUMENTS ON 11.05.19 IN SHALIMAR BAGH COMPRISING OF 2 REGISTERED SALE DEEDS DATED 15.06.1954 DATED 16.04.1957. POLICE COMPLAINT IN THIS REGARD HAS BEEN FILED. WHOSOEVER HAVE FOUND THESE DOCUMENTS CAN CALL ME ON BELOW MENTIONED NUMBER. PERSON WILL BE DULY REWARDED.

Sd/-
MUNISH VOHRA ADVOCATE
MOB: 9811427955.

PUBLIC NOTICE

MY CLIENTS, MOHD. SHAFI, S/O ABDUL RAJAK AND HIS WIFE SMT. SARVARI W/O MOHD. SHAFI, BOTH R/O 136/4, KHUREJI KHAS, DELHI-110051, HAVE PUBLICALLY DISOWNED AND DISINHERITED THEIR SON SH. SAGIR AND HIS WIFE MST. HEENA FROM ALL THEIR MOVABLE AND IMMOVABLE PROERTIES DUE TO NUISANCE CREATED IN THE LIVES OF MY CLIENTS AND THEIR OTHER FAMILY MEMBERS BY THEIR SON SH. SAGIR AND HIS WIFE MST. HEENA. MY CLIENTS HAVE SEVERED ALL THEIR RELATIONS WITH THEIR SON SH. SAGIR AND HIS WIFE MST. HEENA AND NOW MY CLIENTS SHALL HAVE NO CONCERN WITH THEM AND THEY SHALL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY OF THEIR ACTS AND DEEDS, WHATSOEVER.

Sd/-
P.L. BEHL
(Advocate)

"IMPORTANT"

Whilst care is taken prior to acceptance of advertising copy, it is not possible to verify its contents. The Indian Express (P) Limited cannot be held responsible for such contents, nor for any loss or damage incurred as a result of transactions with companies, associations or individuals advertising in its newspapers or Publications. We therefore recommend that readers make necessary inquiries before sending any monies or entering into any agreements with advertisers or otherwise acting on an advertisement in any manner whatsoever.

केरल : विवादित पुलिस अधिकारी को बहाल करने का आदेश रद्द

तिरुवनंतपुरम, 31 मई (भाषा)।

केरल सरकार ने एक दलित-ईसाई की हत्या के मामले में निलंबित विवादित पुलिस अधिकारी को बहाल करने के आदेश को रद्द कर दिया है।

मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के निर्देश पर गृह विभाग ने इस आदेश को रद्द किया, क्योंकि कोट्टायम के गांधीनगर पुलिस थाने के प्रभारी एमएस शिबू को बहाल किए जाने की मीडिया रिपोर्टों से विवाद खड़ा हो गया था। सूत्रों ने बताया कि शिबू का निलंबन खत्म किए जाने के कोची रेंज के महानिरीक्षक के आदेश को केरल पुलिस विभागीय पूछताछ दंड व अपील अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत रद्द कर दिया गया है।

मृतक केपी जोसेफ के परिवार ने बुधवार को मुख्यमंत्री विजयन से सचिवालय में मुलाकात कर एक ज्ञापन दिया था। परिवार का आरोप है कि उसने जोसेफ के अपहरण के बाद शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन पुलिस ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की।

जिला अतिरिक्त सत्र अदालत में मामले की सुनवाई के दौरान जोसेफ की पत्नी ने कबूल किया था कि यह झूठी शान की खातिर की गई हत्या का मामला है, क्योंकि उसके संबंधियों ने जोस

धार्मिक आस्था और कला के बीच

फिल्म समीक्षा
रवींद्र त्रिपाठी

नक्काश

रेटिंग- ★★

निर्देशक- जैगम इमाम

कलाकार- इनामुलहक, शरीब हाशमी, कुमुद मिश्रा, राजेश शर्मा, पवन तिवारी

धार्मिक आस्था और कला क्या हमेशा एक दूसरे के साथ होने चाहिए? ज्यादा सरलता से पूछें तो क्या आप जिस धर्म के हैं, क्या आपकी कला भी उसी से जुड़ी होनी चाहिए? यानी अगर क्या आप मुसलमान हैं तो किसी हिंदू देवी-देवता की मूर्ति नहीं बना सकते? और अगर आप ऐसा करते हैं तो क्या आपके मजहब वाले इसे स्वीकार करेंगे? और फिर हिंदू इसे किस रूप में देखेंगे? ऐसा भी हो सकता कि दोनों मजहब वाले आपके खिलाफ हो जाएं।

निर्देशक जैगम इमाम की फिल्म इन्हीं और ऐसे ही मसलों के इर्द-गिर्द घूमती है। इसमें अल्लारखा (इनामुलहक) नाम का एक नक्काश है, जो वाराणसी के एक मंदिर में नक्काशी करता है। वह वहां मंदिरों की दीवारों पर तरह-तरह की धार्मिक आकृतियां बनाता है, देवी-देवताओं के चित्र बनाता है, हाथी और फूल भी बनाता है। ये उसका पुश्तैनी पेशा है। लेकिन अब जमाना बदल गया है और कुछ लोगों को इस पर एतराज है। अल्लारखा के मजहब वाले खासकर मौलवी को और कुछ हिंदूवादियों को भी। अब तो अल्लारखा दोनों पाटों में पिसने लगता है। वो छिप-छिप कर मंदिर जाने और वहां नक्काशी का काम करने लगता है। उसका एक छोटा बेटा भी है। पत्नी नहीं है, इसलिए बेटे पर जान न्योछावर करता है। फिर वो दोनों पाटों के बीच फंसता ही जाता है और एक दिन उसके खिलाफ षड्यंत्र होता है। क्या वो इस षड्यंत्र से बच पाएगा या उसका शिकार होगा?

इसमें संदेह नहीं कि निर्देशक जैगम इमाम ने एक ऐसे शख्स की पीड़ा और दर्द को दिखाया है, जो दिल से तो निश्छल है, सबकी मदद करनेवाला है लेकिन उस दलदल में फंसता जाता है जिसे धर्म और राजनीति मिलकर बनाते हैं। अल्लारखा के चरित्र को निभाते हुए इनामुलहक ने ऐसे व्यक्ति की सामाजिक असुरक्षा को सामने लाया है। वह अपने फन में तो माहिर है ही, किसी तरह के धार्मिक उन्माद से ग्रसित भी नहीं है। फिर भी हालात के थपेड़े उसे लगातार सामाजिक स्तर पर कमजोर करते जाते हैं। इस पहलू को इनामुलहक ने अपने अभिनय से उभारा है। मंदिर के महंत वेदांती की भूमिका में कुमुद मिश्रा ने बहुतों के मन में बसी इस धारणा को भी ध्वस्त करने की कोशिश की है कि पुजारी की सोच हमेशा दकियानूसी होती है। वेदांती ही वह शख्स है, जो अल्लारखा से अपने मंदिर में नक्काशी का काम कराता है और जरूरत पड़ने पर उसकी मदद करता है।

फिल्म 'नक्काश' बहुत सहज तरीके से उभरते मजहबी कठमुल्लेपन और उग्र राजनीति में फंसे आम आदमी की पीड़ा को व्यक्त करती है। जिस विचारधारात्मक उभार के तहत 'खुदा हाफिज' की जगह 'अल्ला हाफिज' पर जोर दिया जा रहा है, यह फिल्म उसे भी सामने लाती है। फिल्म यह भी दिखाती है कि समाज में परस्पर धार्मिक सहयोग की परंपरा रही है, जो अब खतरे में है।

कांग्रेस में गठित जांच पर तकरार

लोकसभा चुनाव में सातों सीटों पर हार के बाद हो रही मंत्रणा

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 31 मई।

शीला दीक्षित की अगुआई वाली दिल्ली कांग्रेस के आला नेताओं में लोकसभा चुनाव में मिली हार के कारणों की जांच पर जबरदस्त तकरार शुरू हो गई है। हार के कारणों की जांच के लिए दीक्षित द्वारा बनाई गई समिति के बुलावे पर पार्टी के वरिष्ठ नेता नहीं पहुंच रहे हैं। शीला विरोधी खेमे का यह मानना है कि इस समिति के गठन का मकसद हार के कारणों की समीक्षा करना नहीं, बल्कि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय माकन के कार्यकाल में नियुक्त किए गए जिलाध्यक्षों व ब्लॉक अध्यक्षों की छुट्टी करना है।

लोकसभा चुनाव में दिल्ली की सभी सात सीटों पर कांग्रेस की हार के बाद कारणों की पड़ताल के लिए प्रदेश अध्यक्ष दीक्षित ने एक

बुलाने पर भी नहीं आ रहे चुनाव में हारने वाले पार्टी के वरिष्ठ नेता

पांच सदस्यीय समिति का गठन किया जिसमें पूर्व विधानसभा अध्यक्ष योगानंद शास्त्री, परवेज हाशमी, दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री डॉ एके वालिया, पूर्व विधायक जयकिशन और पार्टी प्रवक्ता पवन खेड़ा शामिल हैं। इस समिति की पहली बैठक गुरुवार को बुलाई गई।

सूत्रों ने बताया कि बैठक में उम्मीदवार और उनके संसदीय क्षेत्र के जिलाध्यक्षों को बुलाया गया था लेकिन नई दिल्ली से उम्मीदवार अजय माकन, चांदनी चौक से जयप्रकाश अग्रवाल और पूर्वी दिल्ली से अरविंदर सिंह लवली नहीं पहुंचे। पश्चिम दिल्ली से उम्मीदवार महाबल मिश्रा भी बैठक में नहीं पहुंच पाए, जबकि प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष राजेश लिलोठिया व दक्षिण दिल्ली से प्रत्याशी विजेंद्र सिंह बैठक में पहुंचे थे। माकन, अग्रवाल और लवली पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं। न आने वाले नेताओं ने अपनी गैरहाजिरी की वजह बताई है। अब समिति ने शनिवार को दोबारा सभी को तलब किया है।

सूत्रों का कहना है कि वरिष्ठ नेताओं ने प्रत्यक्ष तौर पर भले अलग-अलग वजह बताई हो लेकिन कहा यह जा रहा है कि इन नेताओं को इस समिति की वैधता पर एतराज है। कहना है कि जब खुद प्रदेश अध्यक्ष दीक्षित हार की जिम्मेदारी लेते हुए हाईकमान को अपना इस्तीफा सौंप चुकी हैं तो उनके इस्तीफे पर फैसला होने तक उन्हें ऐसी किसी समिति के गठन का हक नहीं है। दूसरी बात दिल्ली के प्रभारी पीसी चाको तक को इस समिति के गठन की जानकारी नहीं है और तीसरी बात कि जांच समिति का मकसद कुछ लोगों पर ठीकरा फोड़ना है।



काम पूरा, जनता के लिए खुला वजीराबाद पुल

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 31 मई।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं उत्तर पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी ने कहा है कि मरम्मत कार्य के लिए वजीराबाद का पुल बंद किया गया था। इस पुल से आवागमन करने वाले वाहनों को खजूरी चौक की ओर मोड़ दिया गया था, जिससे वजीराबाद रोड, खजूरी पुस्ता रोड पर सुबह-शाम जाम की स्थित बन गई। यहां से आवागमन करने वाले लाखों लोगों को इस परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि वजीराबाद पुल का मरम्मत कार्य पूरा हो चुका है। अब इसे जनता के लिए खोल देना चाहिए।

मनोज तिवारी ने कहा कि केजरीवाल और उनके नौसिखिए मंत्रियों की लापरवाही का खमियाजा उत्तर पूर्वी दिल्ली सहित क्षेत्र के लाखों लोगों को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सिग्नेचर ब्रिज पर अपनी राजनीतिक बिसात बिछाने वाले केजरीवाल उतावलेपन में आधे-अधूरे पुल का उद्घाटन कर देते हैं जबकि मरम्मत कार्य पूरा होने के बावजूद वजीराबाद पुल को न खोलकर लोगों को कष्ट दे रहे हैं।

नागार्जुन सम्मान राजेश जोशी को

नई दिल्ली : जनकवि नागार्जुन स्मारक निधि द्वारा बाबा नागार्जुन की जन्मतिथि 17 जून को जनकवि नागार्जुन स्मृति सम्मान 2019 कवि राजेश जोशी को दिया जाएगा। सम्मान समारोह कमरा संख्या 212, समिति कक्ष, भारतीय भाषा केंद्र, जेएनयू नई दिल्ली में सुबह 10:30 बजे आयेजित होगा। (जसं)

मकोका के तहत 6 दोषियों को सजा

प्रियरंजन
नई दिल्ली, 31 मई।

दिल्ली में महाराष्ट्र कंट्रोल ऑफ आर्गेनाइज्ड क्राइम एक्ट यानी मकोका कानून लागू होने के करीब दो दशक बाद अभियोजन को यहां की विशेष अदालत में बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। विशेष जज राकेश स्याल ने स्पेशल सेल की दलीलों को तरजीह देते हुए पहली बार छह लोगों को मकोका के तहत दोषी ठहराते हुए 12 साल तक की न केवल कड़ी सजा दी बल्कि 55 लाख तक का जुर्माना भी लगाया। जानकारी के मुताबिक, यह पहला मौका है जब पुलिस इतने लोगों को एक साथ मकोका के तहत सजा दिलाने में कामयाब हो पाई है। अदालती आंकड़ों के मुताबिक, पुलिस ने अब तक 57 से ज्यादा मामलों में मकोका लगाया, लेकिन कुछ को छोड़ अमूमन सभी मामलों में अदालत में वो आरोप साबित नहीं कर पाई और छीछालेदर की शिकार हुई। इसमें मैच फिक्सिंग के आरोपी क्रिकेटर श्रीशंत, गीता अरोड़ा उर्फ सोनी पंजाबन (देह व्यापार), अबू सलेम (हफ्ता वसूली) सहित कई चर्चित मामले शामिल हैं, जिसमें मकोका की धारा लगाया जाना गलत साबित हुआ।

पुलिस उपायुक्त (स्पेशल सेल) पीएस कुशवाहा ने इसकी पुष्टि की। यह ऐसा पहला मामला है जो हत्या, फिरौती और अपहरण से न जुड़ने के बावजूद उनका अपराध मकोका की श्रेणी में साबित हुआ और छह दोषियों को कड़ी सजा मिली। सेल के मौजूदा एसीपी अतर सिंह और एलएन राव (तत्कालीन एसीपी) की टीम ने यह साबित किया कि आरोपियों ने कैसे धोखा और फरेब का जाल बिछाया और उसके चलते जान तक चली जाने की संभावना की परवाह किए बगैर 'गैर इरादातन हत्या की कोशिश' जैसे अपराध को अंजाम दिया। एसीपी अतर सिंह की अगुआई में अभियोजन ने अदालत में पुलिस का पक्ष रखा और हत्या, फिरौती, अपहरण आदि से न जुड़ने के बावजूद मकोका में सफेदपोश संगठित अपराधियों को सजा दिलाई।

स्पेशल सेल के सहायक पुलिस आयुक्त अतर सिंह के मुताबिक, मामले में अदालत ने सरगना विपिन शर्मा को 12 साल की कड़ी सजा दी और उन पर 55 लाख रुपए का जुर्माना किया। इसके अलावा हनी शर्मा (10 साल कड़ी कैद और 14 लाख का जुर्माना), सचिन शर्मा (10 साल कड़ी कैद और 14 लाख का जुर्माना), अमन शर्मा (10 साल कड़ी कैद और 14 लाख का जुर्माना), अर्शद आलम (10 साल कड़ी कैद और 14 लाख का जुर्माना), भूपेंद्र उर्फ सिद्धु (10 साल कड़ी कैद और 14 लाख का जुर्माना) भी सजायाफ्ता में शामिल हैं।

संगठित अपराधों में शामिल था गिरोह

दोषियों का गरोह बेरोजगारों को नौकरी दिलाने, उन्हें विदेश भेजने के नाम पर करोड़ों की ठगी जैसे संगठित अपराध में शामिल था। उन पर धोखाधड़ी व आपराधिक विश्वासघात करने का भी आरोप था। आरोपी सफेदपोश संगठित अपराध में शामिल थे। दोषियों में से ज्यादातर दिल्ली के पॉश इलाके डिफेंस कॉलोनी के निवासी हैं। दिल्ली, हरियाण और पंजाब में इनके खिलाफ 31 मामले विभिन्न थानों पर दर्ज थे। गिरोह के सरगना के पास से सेल को फर्जी वीजा, पैन कार्ड, डेबिट-क्रेडिट कार्ड, सिम कार्ड सहित सैकड़ों फर्जी दस्तावेज व पासपोर्ट बरामद हुए थे। करीब 10 साल तक मामला चला।

एसडीएम दफ्तर के बाहर खड़े वाहनों को बेचने के आरोप में गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 31 मई।

गीता कॉलोनी स्थित स्थानीय एसडीएम दफ्तर में खड़ी गाड़ियों का सौदा करने वाले ठग को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम सतनाम सिंह है। आरोपी ने खुद को एसडीएम दफ्तर का कर्मचारी बताकर ठगी की थी। लक्ष्मी नगर पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त जसमीत सिंह ने बताया कि 12 अप्रैल को विकासपुरी निवासी जसपाल सिंह के साथ एक लाख 60 हजार रुपए की ठगी का मामला सामने आया था। आरोपी सतनाम सिंह ने खुद को प्रीत विहार एसडीएम दफ्तर का कर्मचारी और अपना नाम अशोक बताया था। आरोपी ने जसपाल को सरकारी तौर पर खड़ी गाड़ियां सस्ते में दिलाने का लालच दिया और सात-आठ गाड़ियां दिखाकर अग्रिम भुगतान के रूप में एक लाख 60 हजार रुपए ले लिए। रुपए लेने के बाद वह एसडीएस से हस्ताक्षर लेने के बहाने वहां से भाग गया। जसपाल को जैसे ही ठगी के बारे में पता चला उन्होंने मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने एसडीएम दफ्तर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल आरोपी की पहचान कर ली। इसी बीच आरोपी के बारे में पुलिस को सूचना मिली, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

बुजुर्ग पर वर्दी का रौब दिखाने के आरोप में महिला पुलिसकर्मी निलंबित

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 31 मई।

लाजपत नगर थाना में एक बुजुर्ग महिला ने दिल्ली पुलिस की एक महिला सिपाही के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है। पीड़िता का आरोप है कि महिला सिपाही बुजुर्ग पर वर्दी का रौब झाड़ती थी और किराया देने में भी आनाकानी कर रही थी। पीड़ित अमरजीत की शिकायत पर महिला सिपाही को निलंबित कर दिया गया है और मामले की जांच विजिलेंस विभाग को सौंप दी गई है। फिलहाल विजिलेंस विभाग इस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

सेप्टिक टैंक से जुड़े कानून को जल्द लागू करवाए आयोग : गुप्ता

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 31 मई।

विधानसभा में विपक्ष के नेता विजेंद्र गुप्ता ने शुक्रवार को राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग (एनएचआरसी) से अनुरोध किया कि वे सेप्टिक टैंक में गरीब सफाई कर्मचारियों तथा मजदूरों को मौत से बचाने के लिए कानून को दिल्ली में अविलंब लागू करवाएं। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने काफी देर करने के बाद पिछले वर्ष 12 नवंबर को दिल्ली जल बोर्ड सेप्टेज प्रबंधन विनियम, 2018 को अधिसूचित किया था। अब लगभग 6 महीने बाद सरकार ने इसके क्रियान्वयन हेतु पब्लिक नोटिस जारी किया है।

विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि सरकार ने राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग तथा न्यायालयों के दबाव के बाद पिछले वर्ष अधिनियम जारी किया। सरकार को मजदूरों की मृत्यु के मामले में कोई गंभीरता नहीं जान पड़ती। 8 मई को दो मजदूरों की रोहिणी के प्रेम नगर क्षेत्र में सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान मौत हो गई थी। इसके अतिरिक्त 3 मजदूर मरते-मरते बचे थे। सरकार यह जान कर भी आंख मूंदे बैठी हुई है कि सेप्टिक टैंकों की हाथ से सफाई करना गैरकानूनी है।

राहगीरों से झपटमारी के आरोप में दो गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 31 मई।

उत्तरी-पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त ने राहगीरों से झपटमारी करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। बदमाशों की पहचान मोहसीन (24) और नदीम उर्फ नड्डा (26) के रूप में हुई है। इनकी निशानदेही पर पुलिस ने एक पिस्तौल, दो मैग्जीन और छह कारतूस जब्त किए हैं। साथ ही पुलिस ने चोरी की वह मोटरसाइकिल जब्त कर ली है, जिसकी मदद से वारदात को अंजाम देते थे। इन दोनों के खिलाफ दिल्ली-एनसीआर में कई झपटमारी के मामले दर्ज हैं।

आज के कार्यक्रम

सभा/संगोष्ठी

इंडिया इंटरनेशनल सेंटर : कार्यशाला और परिचर्चा, सभागार 2, 40 मैक्समूलर मार्ग, सुबह साढ़े नौ बजे।

विविध

इंडिया हैबिटाट सेंटर : नाटक, हैबिटाट वर्ल्ड, लोदी रोड, शाम सात बजे।

KOTHARI FERMENTATION AND BIOCHEM LIMITED
CIN: L72411DL1990PLC042502
Regd. Office: 16, Community Centre, First Floor, Saket, New Delhi-110017
Tel: 011-26850004, Fax: 011-41664840, E-Mail: kfbl@airtelmail.in, Website: www.kothariyeast.in

STATEMENT OF STANDALONE AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED ON 31ST MARCH, 2019

(Rs in Lacs)

PARTICULARS	Quarter Ending			Year Ended
	31.03.2019	31.03.2018	31.03.2019	31.03.2018
	Audited	Audited	Audited	Audited
Total income from operations	2734.86	2320.96	9619.85	8769.39
Net Profit for the period (before tax, exceptional and/or extraordinary items)	406.08	330.62	1249.56	718.31
Net Profit for the period before tax (after exceptional and/or extraordinary items)	406.08	330.62	1249.56	718.31
Net Profit for the period after tax (after exceptional and/or extraordinary items)	257.36	277.15	871.11	533.43
Total Comprehensive Income for the period [Comprising profit/(loss) for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax)]	259.04	283.56	875.13	536.53
Equity Share Capital	1,500.00	1,500.00	1,500.00	1,500.00
Reserves (Excluding Revaluation Reserves)	3,302.45	2,427.32	3,302.45	2,427.32
Earnings Per Share (EPS)				
a) Basic and diluted EPS before Extraordinary items	1.72	1.85	5.81	3.56
b) Basic and diluted EPS after Extraordinary items	1.72	1.85	5.81	3.56

NOTES:
1. The above is an extract of the detailed format of Quarterly / Year ended Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Audited Financial Results for the fourth Quarter and Financial year ended March 31, 2019 is available on the Stock Exchange websites (www.bseindia.com) and on the Company's Website www.kothariyeast.in).
2. The Statement of audited financial results for the quarter and year ended March 31, 2019 has been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their respective meeting held on May 30, 2019 in terms of Regulation 33 of Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations 2015.

For and on behalf of the Board
Sd/-
Pramod Kumar Kothari
Managing Director

Place : New Delhi
Date : 30.05.2019

NEERAJ PAPER MARKETING LIMITED
CIN: L74899DL1995PLC066194
Regd. Office: 218-222, Agarwal Prestige Mall, PLOT NO. 2, Community Center, Along Road No. 44, Pitampura, Delhi - 110034
Board: +91 11 47527700, Fax: +91 11 47527777, E-mail: mansi@neerajpaper.com ; Website: www.neerajpaper.com

AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER & YEAR ENDED 31/03/2019

(Rs. In Lakhs)

S. No.	Particulars	(Standalone)				
		31-Mar-19 3 months	31-Dec-18 3 months	31-Mar-18 3 months	31-Mar-19 12 months	31-Mar-18 12 months
		(Audited)	(Unaudited)	(Audited)	(Audited)	(Audited)
1	Total Income from Operations	6373.15	5432.21	10844.34	25233.76	32886.96
2	Net Profit / (Loss) for the period (before Tax & Exceptional)	20.16	45.13	45.24	128.77	159.34
3	Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional items)	-25.52	45.13	-271.35	83.09	-157.25
4	Net Profit / (Loss) for the period after tax	-38.65	31.41	-289.84	33.78	-209.95
5	Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)]	-41.36	31.41	-297.85	31.07	-217.96
6	Equity Share Capital	1100.00	1100.00	1100.00	1100.00	1100.00
7	Reserves (excluding Revaluation Reserve)	1342.70	1311.63	1311.63	1342.70	1311.63
8	Earnings Per Share (of Rs. 10/- each)					
	1. Basic:	-0.38	0.29	-2.71	0.28	-1.98
	2. Diluted:	-0.38	0.29	-2.71	0.28	-1.98

Notes:
1. The above is an extract of the detailed format of Quarterly & Yearly Audited Financial Result filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly & yearly Audited Financial Results are available on Stock Exchange websites (www.bseindia.com).
2. The above results were reviewed and recommended by the audit committee and taken on record by the Board of Director at its meeting held on 30/05/2019 and the Statutary Auditor have conducted the audit of the financial statements and have expressed an unmodified report on these financial results.

Neeraj Paper Marketing Limited
Sd/-
DEEPAK GOEL
WHOLE TIME DIRECTOR
DIN: 00200527

Place : Delhi
Date : 30/05/2019

सार्वजनिक सूचना
फॉर्म नं. आईएनसी–26
कंपनीज (समामेलन) दूसरा संशोधन नियम, 2017 के नियम 30 के अनुपालन में
केंद्र सरकार, क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र के समक्ष
कंपनीज अधिनियम, 2013 की धारा 13(4), कंपनीज (समामेलन) दूसरा संशोधन नियम, 2017 के मामले में
कूवम टेक्नोलॉजिस प्राइवेट लिमिटेड इसका पंजीकृत कार्यालय संपत्ति सं. ए–12, गली नं. 1, पहली मंजिल, साउथ गणेश नगर, नाजिर फूडस नई दिल्ली–110092
.....याचिकाकर्ता

एतद्द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि कंपनी ने कंपनी के पंजीकृत कार्यालय को ''राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली'' से उत्तर प्रदेश राज्य'' में परिवर्तित करने में सक्षम करने के लिए 13.05.2019 को आयोजित असाधारण बैठक पारित विशेष प्रस्ताव के संदर्भ में मेमोरंडम ऑफ एसोसिएशन के संशोधन के सुनिश्चित करने के लिए कंपनीज अधिनियम, 2013 की धारा 13 के अंतर्गत केंद्र सरकार को आवेदन करने का प्रस्ताव किया है।

कोई व्यक्ति जिसकी अभिरूचि कंपनी के इस प्रस्तावित परिवर्तन से प्रभावित होने की संभावना है, तो वह अपनी अभिरूचि की प्रकृति और विरोध के आधार, यदि कोई है, को बताते हुए आवेदनकर्ता कंपनी को नीचे वर्णित इसके पंजीकृत कार्यालय में इसकी एक प्रति के साथ इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से चौदह दिनों के भीतर क्षेत्रीय निद. शक, (उत्तरी क्षेत्र), निगमित मामलों के मत्रांलय, बी–2, विंग , दूसरी मंजिल, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्प्लैक्स, नई दिल्ली–110003 को पंजीकृत डाक द्वारा भेज या डिलीवर कर सकते हैं।

बोर्ड की ओर से
कूवम टेक्नोलॉजिस प्राइवेट लिमिटेड के लिए
हस्ता./–
निदेशक
डीआईएनः 03063463
निवासी–एफ–29, चिल्ड्रन पार्क, सेक्टर–51, नोएडा 201301 यू. पी गुप्ता
सिटी शेल्टर्स लिमिटेड के लिए
दिनांकः 13.05.2019
स्थानः नई दिल्ली

ईस्ट बिल्डटेक लिमिटेड
सीआईएनः L74999DL1984PLC018610
पंजीकृत कार्यालयः डी–3/2, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फेज–2, नई दिल्ली–110020
फोनः 011–47105100 ई–मेलः Secretarial@ebl.co.in वेबसाइटः www.ebl.co.in
31 मार्च, 2019 को समाप्त तिमाही एवं वर्ष के लिए लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का सारांश
(रु. लाख में)

क्र.सं.	विवरण	समाप्त तिमाही के लिए	पिछले वर्ष में समाप्त संगत तिमाही	समाप्त वर्ष
		31.03.2019 लेखापरीक्षित	31.03.2018 लेखापरीक्षित	31.03.2019 लेखापरीक्षित
1.	प्रचालनों से कुल आय (निवल)	3.01	8.03	20.21
2.	अपवादात्मक एवं कर पूर्व लाभ/(हानि)	(6.13)	(2.72)	(11.56)
3.	कर पश्चात अवधि के लिए निवल लाभ/(हानि) अपवादात्मक मदों के बाद)	(1.82)	(2.26)	(8.55)
4.	कुल व्यापक आय	(1.61)	(2.53)	(8.40)
5.	इक्विटी शेयर पूंजी	190.76	190.76	190.76
6.	प्रति शेयर अर्जन (ईपीएस) (अतिविशिष्ट मदों के बाद) (रु. 10/– प्रत्येक) (गैर–वार्षिकीकृत)			
	(क) मूल	(0.10)	(0.13)	(0.46)
	(ख) तनुकृत	(0.10)	(0.13)	(0.46)

टिप्पणीः
1. लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के उपरोक्त विवरणों की लेखापरीक्षा समिति द्वारा समीक्षा की गई है और 30 मई, 2019 को आयोजित अपनी बैठक में बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया गया है।
2. कम्पनी ने 1 अप्रैल, 2017 से कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के साथ पठित उसके अधीन जारी संगत नियमों के अंतर्गत निर्धारित भारतीय लेखाकरण मानक (इंड एएस) को अपनाया है और तद्नुसार इंड एएस 34 ''अंतरिम वित्तीय रिपोर्टिंग'' में निर्धारित गणना एवं मापक सिद्धांतों और भारत में सामान्यतया स्वीकार्य लेखाकरण सिद्धांतों के अनुसरण में एकल लेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम (31 मार्च 2018 को समाप्त तिमाही एवं वर्ष के लिए आंकड़ें सहित) तैयार किये गये हैं।
3. सेबी के विनियम 33 के अंतर्गत अपेक्षित अनुसार सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा सीमित समीक्षा की गई है।
4. जहां कहीं आवश्यक हुआ, पिछले वर्ष के आंकड़ों को पुनः समूहित और पुनः व्यवस्थित किया गया है।
5. सांविधिक लेखापरीक्षक ने 31 मार्च, 2019 को समाप्त वित्तीय वर्ष के संबंध में गैर–योग्यता लेखापरीक्षा रिपोर्ट जारी की है।
6. उपरोक्त सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंज के पास दाखिल तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश है।

कृते ईस्ट बिल्डटेक लिमिटेड
हस्ता./–
मधुसूदन चोखानी
(निदेशक)
डीआईएनः 003072340

तिथिः 30.05.2019
स्थानः नई दिल्ली

लैटेन्ट लाइट फाइनांस लिमिटेड
(पूर्व में गैलेक्सी कॉमर्सियल लिमिटेड के नाम से विदित)
पंजी. कार्या.: 120, लोकल शॉपिंग सेन्टर, ऑरविन्दो प्लेस, हौज खास, नई दिल्ली-110016,
फोनः 011-41074949, फैक्सः 011-26525949, टेली.: 011-41074949
ई-मेलः galaxycommerciallimited@gmail.com, CIN: L74130DL1984PLC019469

31 मार्च, 2019 को समाप्त तिमाही तथा वर्ष के लिए कम्पनी के स्टैंडएलॉन अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण

(रु. लाख में)

क्रम सं.	विवरण	समाप्त तिमाही			समाप्त वर्ष	
		31.3.2019 अंकेक्षित	31.12.2018 अनंकेक्षित	31.3.2018 अंकेक्षित	31.3.2019 अंकेक्षित	31.3.2018 अंकेक्षित
I.	प्रचालन से राजस्व	28.84	25.13	29.59	101.44	106.68
II.	अन्य आय	56.96	(0.41)	0.16	58.03	22.66
III.	कुल आय (1+11)	85.80	24.72	29.75	159.47	129.34
IV.	खर्चे					
	खपत सामग्री की लागत	–	–	–	–	–
	व्यापार में भंडार में क्रय	–	–	–	–	–
	तैयार सामग्रियों, व्यापार में भंडार तथा प्रगति में कार्य की इन्वेन्टरीज में परिवर्तन	–	–	–	–	–
	कर्मचारी लाभ व्यय	0.70	0.46	3.76	1.82	4.75
	वित्तीय लागत	0.09	10.36	4.19	24.35	32.14
	मूलह्रास एवं परिशोधन व्यय	2.12	2.15	3.36	8.69	13.73
	अन्य व्यय	16.09	1.92	5.92	25.07	16.40
	कुल व्यय (IV)	18.99	140.89	17.23	59.92	67.02
V.	विशिष्ट/असाधारण मद तथा कर से पूर्व प्रचालनों से लाभ/(हानि) (I-IV)	66.81	9.83	12.52	99.55	62.32
VI.	विशिष्ट/असाधारण मद	–	–	–	–	–
VII.	कर से पूर्व लाभ/ (हानि) (V-VI)	66.81	9.83	12.52	99.55	62.32
VIII.	कर के खर्चेः					
	1) चालू कर	20.41	2.80	0.39	28.20	11.22
	2) आस्थगित कर	(0.53)	3.15	1.63	1.66	(0.20)
IX.	जारी प्रचालनों से अवधि के लिये लाभ/ (हानि) (VII-VIII)	46.92	3.88	10.50	69.68	51.30
X.	अवरुद्ध प्रचालनों से अवधि के लिये लाभ/ (हानि)	–	–	–	–	–
XI.	अवरुद्ध प्रचालनों के कर व्यय	–	–	–	–	–
XII.	अवरुद्ध प्रचालनों से अवधि के लिये लाभ/ (हानि) (कर से बाद) (X-XI)	–	–	–	–	–
XIII.	अवधि के लिये लाभ/ (हानि) (IX-XII)	46.92	3.88	10.50	69.68	51.30
XIV.	आय प्रति इक्विटी शेयर (अवरुद्ध एवं अनवरत प्रचालनों के लिये					
	i) मूल	3.87	0.32	0.87	5.75	4.23
	ii) तरल	3.87	0.32	0.87	5.75	4.23

टिप्पणीः
1. उपरोक्त वित्तीय परिणामों की ऑडिट कमिटी द्वारा समीक्षा की गई तथा 30 मई, 2019 को आयोजित उनकी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किये गये।
2. ऑडिटरों ने सेबी (सूचीयन दायित्व तथा उद्घाटन अपेक्षा) विनियमन, 2015 के विनियमन 33 के अंतर्गत वांछित रूप में 31.3.2019 को समाप्त तिमाही तथा वित्त वर्ष के वित्तीय विवरणों की ऑडिट की है तथा उस पर संबंधित गैर-संशोधित ऑडिट रिपोट स्टॉक एक्सचैंजों को अग्रसारित किये गये हैं।
3. 31 मार्च, 2019 को समाप्त 3 महीने तथा 31 मार्च, 2018 को समाप्त तत्स्थानीय 3 महीने के आंकड़े सम्पूर्ण वित्त वर्ष तथा संबंधित वित्त वर्षों की तीसरी तिमाही तक तिथि तक वर्ष के आंकड़े के संदर्भ में संतुलक आंकड़े हैं।
4. जहां भी जरूरी हुआ, पूर्व अवधि/ वर्ष के आंकड़े पुनर्वर्गीकृत/ पुनर्प्रसारित किये गये हैं।

बोर्ड के आदेश से
लैटेन्ट लाइट फाइनांस लिमिटेड
हस्ता./–
धर्मेन्दर सिंघल
(निदेशक)
DIN- 03257550

स्थानः नई दिल्ली
तिथिः 30.5.2019

जेनेसिस फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड
सीआईएनः L65910DL1990PLC040705
पंजीकृत कार्यालयः 4 एमएमटीसी/एसटीसी मार्केट, गीतांजलि, नई दिल्ली–110017
ई–मेल : gopalbishtgfcl@gmail.com वेबसाइटः www.genesisfinance.net फोन नं. 011–26691132
31 मार्च, 2019 को समाप्त तिमाही एव ं वित्तीय वर्ष के लिए एकल लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का सारांश
भाग–1
(रु. लाख में)

क्र. सं.	विवरण	समाप्त तिमाही	समाप्त वर्ष	समाप्त तिमाही
		31.03.2019 (लेखापरीक्षित)	31.03.2019 (लेखापरीक्षित)	31.03.2018 (लेखापरीक्षित)
1.	प्रचालनों से कुल आय	439.80	1,443.24	412.53
2.	अवधि के लिए निवल लाभ/(हानि) (कर, अपवादात्मक और/या अतिविशिष्ट मदों से पूर्व)	168.15	594.83	(49.69)
3.	कर पूर्व अवधि के लिए निवल लाभ/(हानि) (अपवादात्मक और/या अतिविशिष्ट मदों के बाद)	168.15	594.83	(49.69)
4.	कर पश्चात अवधि के लिए निवल लाभ/(हानि) (अपवादात्मक और/या अति. विशिष्ट मदों के बाद)	122.78	430.75	(30.24)
5.	अवधि के लिए कुल व्यापक आय (अवधि के लिए लाभ (कर पश्चात) और अन्य व्यापक आय (कर पश्चात) शामिल)	122.78	430.75	(30.24)
6.	इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रु. 10/– प्रति शेयर)	4,639.71	4,639.71	4,377.81
7.	आरक्षित (पुनर्मूल्यांकन आरक्षित को छोड़कर) पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलनपत्र में दर्शाये गये अनुसार	–	3,712.00	–
8.	प्रति शेयर अर्जन (रु. 10/– प्रत्येक) (चालू एवं बंद प्रचालनों के लिए)			
	1. मूल	0.26	0.93	(0.07)
	2. तनुकृत	0.26	0.93	(0.07)

टिप्पणीः
1. उपरोक्त सेबी (सूचीयन बाध्यताएं एवं प्रकटन आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंजों के पास दाखिल 31 मार्च 2019 को समाप्त तिमाही एवं वित्तीय वर्ष के लिए लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश है। कथित लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप कम्पनी की वेबसाइट www.genesisfinance.net और स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट. www.msei.in पर उपलब्ध है।
2. एक एनबीएफसी के रूप में, कम्पनी (भारतीय लेखाकरण मानक) नियम 2015 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के अंतर्गत निर्धारित इंड एएस वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिए के लिए जेनेसिस फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड के लिए लागू नहीं है।
3. उपरोक्त परिणामों की लेखापरीक्षा समिति द्वारा समीक्षा की गई है और 30 मई, 2019 को आयोजित अपनी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया जाएगा।

बोर्ड की ओर से
कृते जेनेसिस फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड
हस्ता./–
नरेश गर्ग
प्रबंध निदेशक
डीआईएनः 00916814

तिथिः 30.05.2019
स्थानः नई दिल्ली

विदेश मंत्री जयशंकर के सामने चीन और मध्य पूर्व की जटिल चुनौती

दीपक रस्तोगी
नई दिल्ली 31 मई।

विदेश मंत्री बनाए गए सुब्रमण्यम जयशंकर के सामने तात्कालिक चुनौती अमेरिका और ईरान के साथ रिश्तों का संतुलन बनाना और भारत के पड़ोसी देशों में चीन के बढ़ते प्रभाव से निपटने की है। विदेश मंत्रालय का काम संभालने के बाद जयशंकर ने प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा निर्धारित पांच प्रमुख एजंडों पर कामकाज की रणनीति बनानी शुरू कर दी है। अमेरिका, चीन और अरब देशों को केंद्र में रखकर तैयार किए जा रहे एजंडे भारत की प्राथमिकता में हैं।

जयशंकर ने जनवरी 2015 से लेकर जनवरी 2018 तक विदेश सचिव रहते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहले कार्यकाल के दौरान उनकी विदेश नीति को आकार देने में अहम भूमिका निभाई थी, जिसके चलते प्रमुख देशों, खासकर अमेरिका और अरब देशों के साथ भारत के संबंध में महत्त्वपूर्ण प्रगति हुई। विदेश सचिव बनने से पहले वह 2013 से अमेरिका में भारत के राजदूत रहे। इस दौरान उन्होंने अमेरिकी प्रशासन और मोदी सरकार को करीब लाने में बड़ी भूमिका निभाई।

भारत सरकार जी-20 (20 प्रमुख देशों के समूह), शंघाई शिखर सम्मेलन (एससीओ), ब्रिक्स, इंडो-आसियान, भारत-अफ्रीका मंच जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर नेतृत्व वाली भूमिका निभाना चाहती है। इसके लिए नए विदेश मंत्री को इन सभी संगठनों में भारत के हितों के मद्देनजर नीतिगत योजनाओं पर काम करना होगा।

पाकिस्तान के मामले में भारत के लिए अब भी यह चुनौती है कि किस तरह से आतंकवाद और बातचीत साथ-साथ न होने के अपने रुख पर कायम रहते हुए उससे रिश्तों को सामान्य बनाया जाए। इसके अलावा नेपाल, बांग्लादेश, म्यांमा जैसे मुल्कों से रिश्ते मजबूत करने की चुनौती है, जहां चीन का प्रभाव बढ़ रहा है। चीन के साथ भारत के कई अनसुलझे मसले हैं। नए विदेश मंत्री चीनी मामलों के विशेषज्ञ रहे हैं। चीन के साथ डोकलाम विवाद सुलझाने में एस जयशंकर की भूमिका अहम रही।

ईरान तेल संकट का सीधा असर भारत और खाड़ी देशों से रिश्तों पर पड़ने को है। मध्य पूर्व में करीब 80 लाख भारतीय रहते और काम करते हैं। भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिहाज से यह क्षेत्र महत्त्वपूर्ण है। इस क्षेत्र के देशों की आपसी वैमनस्यता और पाकिस्तान के साथ उनके रिश्तों के कारण वह क्षेत्र भारतीय राजनय के लिहाज से जटिल रहा है। अमेरिका के साथ भारत के संबंध मजबूत रहे हैं। लेकिन एच1बी वीजा और व्यापार के मोर्चे पर कई मसले हैं। ईरान तेल संकट से अमेरिका-भारत के संबंध प्रभावित हुए हैं। रूस के साथ भारत अब रक्षा, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष के क्षेत्र में अपने रिश्ते मजबूत करने में लगा है।

एनजीटी ने बिहार, झारखंड और प. बंगाल को लगाई फटकार

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 31 मई।

राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने गंगा नदी को लगातार पहुंच रहे नुकसान पर निष्क्रियता बरतने को लेकर बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल सरकारों को फटकार लगाई है और प्रत्येक पर 25 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। एनजीटी ने कहा कि बिहार में व्यावहारिक रूप से कोई प्रगति नहीं हुई है क्योंकि एक भी सीवेज परियोजना पूरी नहीं हुई है। अधिकरण ने कहा कि इसी तरह पश्चिम बंगाल में 22 में सिर्फ तीन परियोजनाएं पूरी हुईं हैं। यहां तक कि इस संबंध में झारखंड में भी पर्याप्त प्रगति नहीं हुई है। पीठ ने कहा-एक गंभीर विषय में इस तरह की असंवेदनशीलता चिंता का विषय है। उन्होंने कहा-गंगा को लगातार पहुंच रहे नुकसान और बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल की निष्क्रियता को लेकर अंतरिम मुआवजे के तौर पर हम प्रत्येक (तीनों राज्यों) को 25 लाख रुपए जमा करने का निर्देश देते हैं।

अधिकरण ने कहा कि अपशिष्ट जल को नदी में डालना एक अपराध है और उत्तर प्रदेश सरकार को ऐसी किसी प्रदूषणकारी औद्योगिक गतिविधि पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया जाता है। एनजीटी ने उप्र के मुख्य सचिव को अधिकरण के समक्ष सात अगस्त तक एक हलफनामा भी दाखिल करने को कहा है। अधिकरण ने राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन की इस दलील का भी जिक्र किया कि शुरू की गई 31 परियोजनाओं में सिर्फ चार ही पूरी हुई है और चार परियोजनाओं पर काम चल रहा है।

भारतीय स्टेट बैंक
स्ट्रेस्ड एसेट्स रिकवरी शाखा
द्वितीय फ्लोर, अजीत कॉम्पलेक्स, सहारनपुर रोड, देहरादून-248001

शुद्धिपत्र
(अचल संपत्तियों के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस)

दिनांक 03.05.2019 को जनसत्ता (हिन्दी संस्करण) में सरफेसी एक्ट के तहत ई-नीलामी विक्रय नोटिस अचल सम्पत्ति हेतु प्रकाशित की गई है। दिनांक 03.05.2019 को प्रकाशित ऋणी: मैसर्स रूद्रा मैन पॉवर सोल्यूशन्स की होने वाली ई-नीलामी दिनांक 10.06.2019 को रद्द की जा रही है, उक्त ई-नीलामी की सभी नियम व शर्तें पूर्ववत् रहेंगी।

दिनांक: 31.05.2019
स्थान: देहरादून
प्राधिकृत अधिकारी,
स्टेट बैंक ऑफ इंडिया

शुद्धिपत्र

मालनपुर कैप्टिव पावर लिमिटेड के पंजीकृत कार्यालय को 'राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली' से 'हरियाणा राज्य' में स्थानांतरित करने हेतु एक सूचना जो 11.05.2019 को इस अखबार में प्रकाशित हुआ था, जहाँ असाधारण आम बैठक की तारीख 26 अप्रैल, 2019 गलत प्रकाशित हुआ है उसको सुधारकर 18 मार्च, 2019 के रूप में पढ़ा जाऐ। त्रुटि के लिए खेद है।

JATALIA GLOBAL VENTURES LIMITED

जटालिया ग्लोबल वेन्चर्स लिमिटेड
(पूर्व में आशी इन्फोटेक लिमिटेड के नाम से विदित)
CIN: L74110HR1987PLC049459
पंजी. कार्या.: 307, लूसा टावर, आजादपुर, दिल्ली-110033,
वेबसाईट: www.jatalia.in, ईमेल: info@jatalia.in, फोन नं. 011-40424242, फैक्स: 011-40424200

31 मार्च, 2019 को समाप्त तिमाही एवं वर्ष के लिए अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार (ईपीएस छोड़कर रु. लाखों में)

क्रम सं.	विवरण	स्टैंडएलॉन समाप्त तिमाही		समेकित समाप्त तिमाही		स्टैंडएलॉन समाप्त वर्ष		समेकित समाप्त वर्ष	
		31.3.2019 अंकेक्षित	31.3.2018 अंकेक्षित	31.3.2019 अंकेक्षित	31.3.2018 अंकेक्षित	31.3.2019 अंकेक्षित	31.3.2018 अंकेक्षित	31.3.2019 अंकेक्षित	31.3.2018 अंकेक्षित
1.	परिचालनों से कुल आय (शुद्ध)	6124.82	3.45	6,118.34	3.45	38,817.92	46,628.24	41,173.23	48,920.36
2.	अवधि के लिए शुद्ध लाभ/ (हानि) (कर, विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों से पूर्व)	118.20	(0.22)	117.98	(0.22)	419.30	503.70	426.83	520.09
3.	कर से पूर्व अवधि के लिए शुद्ध लाभ/ (हानि) (विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों के बाद)	118.20	(0.22)	117.98	(0.22)	419.30	503.70	426.83	520.09
4.	कर से बाद अवधि के लिए शुद्ध लाभ/ (हानि) (विशिष्ट एवं अथवा असाधारण मदों के बाद)	71.99	(0.22)	71.77	(0.22)	280.05	331.54	287.58	341.91
5.	अवधि हेतु कुल व्यापक आय (अवधि हेतु (कर के बाद) लाभ/ (हानि) एवं अन्य व्यापक आय (कर के बाद से शामिल)	72.06	(0.22)	71.84	0.22	280.12	340.39	287.65	350.76
6.	इक्विटी शेयर पूंजी	1497.56	370.57	1,497.56	370.57	1497.56	1497.56	1497.56	1497.56
7.	आरक्षित (पुनर्मूल्यांकन आरक्षितों के अतिरिक्त आरक्षित जैसा कि पूर्व वर्ष के अंकेक्षित तुलन पत्र में दर्शाया गया है)	2166.61	198.91	2,210.06	198.91	2166.61	1,886.49	2,210.06	1,895.71
8.	आय प्रति शेयर (रु. 10/- प्रति का)								
	मूल	0.48	(0.11)	0.48	0.00	1.87	2.21	1.92	2.28
	तरल	0.48	(0.11)	0.48	0.00	1.87	2.21	1.92	2.28

टिप्पणी:
1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन तथा अन्य उद्घाटन अपेक्षा) विनियमन, 2015 के विनियमन 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंज के पास दाखिल की गई समाप्त तिमाही एवं वर्ष के अंकेक्षित वित्तीय परिणामों के सम्पूर्ण विवरण प्रारूप का सार है। समाप्त तिमाही तथा वर्ष के अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का संपूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाईट www.bseindia.in तथा कम्पनी की वेबसाईट http://jatalia.in पर भी उपलब्ध है।
2. उपरोक्त परिणामों की ऑडिट कमिटी द्वारा समीक्षा की गई तथा 30 मई, 2019 को आयोजित उनकी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किये गये।

जटालिया ग्लोबल वेन्चर्स लिमिटेड के लिये
पूर्व में आशी इन्फोटेक लिमिटेड विदित
हस्ता./-
अनिल कुमार जैन
प्रबंध निदेशक

स्थान: दिल्ली
तिथि: 30 मई, 2019

IS/ISO : 9002 OSC/1 : 002030

CLC INDUSTRIES LIMITED
[Formerly known as Spentex Industries Ltd.]
Regd. Office : A-60, Okhla Industrial Area, Phase-II, New Delhi-110 020
TeL : +91-11-46598900, Email : secretarial@clcindia.com, CIN – L74899DL1991PLC138153, PAN – AABCS4997E

EXTRACT OF STATEMENT OF AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED 31ST MARCH, 2019
(Rs. in Lakhs except EPS)

S. No.	Particulars	Standalone Quarter Ended 31.03.2019 Audited	Standalone Year Ended 31.03.2019 Audited	Standalone Quarter Ended 31.03.2018 Audited	Consolidated Year Ended 31.03.2019 Audited	Consolidated Year Ended 31.03.2018 Audited
1.	Total Income from operations	2,886.72	24,516.95	10,630.05	24,516.95	48,053.43
2.	Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items)	492.39	(2,635.73)	(198.07)	(4,153.36)	2,913.45
3.	Net Profit / (Loss) for the period before Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	492.39	(2,119.67)	(2,799.25)	(3,637.30)	(11,589.13)
4.	Net Profit / (Loss) for the period after Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	492.39	(2,119.67)	(2,755.12)	(3,637.30)	(11,545.00)
5.	Total Comprehensive Income for the period {Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)}	652.15	(2,134.26)	(2,900.36)	(3,651.89)	(11,782.91)
6.	Paid up Equity Share Capital in Rs. (Face Value Rs. 10/- each)	8,977.20	8,977.20	8,977.20	8,977.20	8,977.20
7.	Other Equity (Excluding Revaluation Reserves as per balance sheet)	–	(55,955.19)	–	(94,428.66)	(87,721.01)
8.	**Earnings Per Share (EPS) (not annualized) (Rs.)** Basic & Diluted EPS for the period and for the previous year	0.55	(2.36)	(3.07)	(4.05)	(12.86)

Note : The above is an extract of the detailed format of Quarterly and Annual Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the said results are available on the websites of stock exchanges (www.bseindia.com & www.nseindia.com) as well as on the company's website(www.clcindia.com).

By order of the Board of Directors
For CLC INDUSTRIES LTD.
(Sd./-) Mukund Choudhary
Managing Director, DIN : 00051529

Place : New Delhi
Date : May 30, 2019
CLC

CORPORATE MERCHANT BANKERS LIMITED
CIN:L74899DL1994PLC061107
Reg. Office: UG-24, Vishwadeep Tower, District Centre, Janak Puri, New Delhi- 110 058
Standalone and Consolidated Audited Financial Results for the Quarter and Year ended 31st March 2019
(Rs. In Lacs)

Sr No	Particulars	Standalone Quarter Ended 31.03.2019 Audited	Standalone Year Ended 31.03.2019 Audited	Standalone Corresponding 3 months Ended 31.03.2018 Audited	Consolidated Quarter Ended 31.03.2019 Audited	Consolidated Year Ended 31.03.2019 Audited	Consolidated Corresponding 3 months Ended 31.03.2018 Audited
1	Total Income from operations (net)	5.83	16.17	0.56	5.83	16.17	0.56
2	Net Profit / (Loss) for the period before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items)	-0.71	0.21	-1.30	-0.97	-0.05	-1.40
3	Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	-0.71	0.21	-1.30	-0.97	-0.05	-1.40
4	Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items)	-0.51	0.13	-0.90	-0.77	-0.13	-1.00
5	Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)]	-0.51	0.13	-0.90	-0.77	-0.13	-1.00
6	Equity Share Capital	330.00	330.00	330.00	330.00	330.00	330.00
7	Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year	-	-	-	-	-	-
8	Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations)						
	(a) Basic	-0.02	0.00	-0.03	-0.02	0.00	-0.03
	(b) Diluted	-0.02	0.00	-0.03	-0.02	0.00	-0.03

Note: The above is an extract of the detailed format of Quarterly Results filed with the stock exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) regulations, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results are available on the Stock Exchange Webiste (www.bseindia.com) & (www.msei.in) and our website www.cmbl.com

For Corporate Merchant Bankers Limited
Sd/-
P Venkateshwar Reddy
Director

Place : Delhi
Date : 30.05.2019

unitech
यूनीटेक लिमिटेड
CIN: L74899DL1971PLC009720
पंजीकृत कार्यालय: बेस्मेन्ट, 6, कम्युनिटी सेन्टर, साकेत, नई दिल्ली-110017
Tel: 011-26857331, Fax: -11-26857338,
E-mail: share.dept@unitechgroup.com
Web: www.unitechgroup.com

सूचना
बैठक का स्थगन
[24 मई, 2019 को प्रकाशित सूचना के अधिक्रम में]

सूचित किया जाता है कि 30 मई, 2019 को निर्धारित कम्पनी की ऑडिट कमिटी की बैठक स्वतंत्र निदेशकों की पर्याप्त संख्या में अनुपलब्धता के कारण स्थगित कर दी गई थी। तदनुसार, बोर्ड के अध्यक्ष ने उस तिथि को पर्याप्त संख्या में निदेशकों की उपलब्धता को सुनिश्चित करने के बाद बोर्ड की बैठक (जो मूलरूप से 30 मई, 2019 के लिए निर्धारित) को भी शनिवार, 15 जून, 2019 के लिये स्थगित कर दिया है जिसमें अन्य विषयों के साथ 31 मार्च, 2019 को समाप्त तिमाही तथा वर्ष के अंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार तथा अनुमोदन किये जाएंगे।

पुनः बोर्ड की बैठक के उपरोक्त स्थगन को देखते हुए एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि इन्सायडरों द्वारा ट्रेडिंग के विनियमन, निगरानी तथा रिपोर्ट के लिए कम्पनी की आचार संहिता के अनुसार ट्रेडिंग विण्डो बंद रहने की अवधि जो 4 अप्रैल, 2019 को शुरू हुई थी, अब 15 जून, 2019 को इन परिणामों को सार्वजनिक किए जाने के 48 घंटे बाद तक बंद रहेगी।

निवेशकगण www.unitechgroup.com , www.bseindia.com, www.nseindia.com भी देख सकते हैं।

यूनिटेक लिमिटेड के लिये
हस्ता./-
ऋषि देव
कम्पनी सचिव

नई दिल्ली
30.05.2019

अंसल प्रोपर्टीज एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड
सीआईएन: L45101DL1967PLC004759
पंजीकृत कार्यालय: 115, अंसल भवन, 16, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-110001
मोबाइल: +91-9987105341 9, फोन: 91-11-23353550, 66302268-69-70-72
ई-मेल: shareholderservice@ansalapi.com वेबसाइट: www.ansalapi.com
31 मार्च, 2019 को समाप्त तिमाही एवं वर्ष के लिए लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का सारांश
(रु. लाख में)

क्र.सं.	विवरण	एकल समाप्त तिमाही 31 मार्च, 2019 लेखापरीक्षित	एकल समाप्त तिमाही 31 दिसम्बर, 2018 अलेखापरीक्षित	एकल समाप्त तिमाही 31 मार्च, 2018 लेखापरीक्षित	एकल समाप्त वर्ष 31 मार्च, 2019 लेखापरीक्षित	एकल समाप्त वर्ष 31 मार्च, 2018 लेखापरीक्षित	समेकित समाप्त वर्ष 31 मार्च, 2019 लेखापरीक्षित	समेकित समाप्त वर्ष 31 मार्च, 2018 लेखापरीक्षित
	प्रचालनों से कुल आय (निवल)	38,155	12,591	15,905	64,875	56,882	85,439	69,888
	अवधि के लिए निवल लाभ/(हानि) (कर, अपवादात्मक और/या अतिविशिष्ट मदों से पूर्व)	1,139	(1,830)	1,721	(2,989)	(3,824)	(10,665)	(16,912)
	कर पूर्व अवधि के लिए निवल लाभ/(हानि) (अपवादात्मक और/या अतिविशिष्ट मदों के बाद)	(1,045)	(1,830)	1,721	(5,173)	(6,387)	(12,849)	(20,234)
	कर पश्चात अवधि के लिए निवल लाभ/(हानि) (अपवादात्मक और/या अतिविशिष्ट मदों के बाद)	(593)	(1,969)	1,431	(6,019)	(3,858)	(13,699)	(17,466)
	अवधि के लिए कुल व्यापक आय (अवधि के लिए लाभ (कर पश्चात) और अन्य व्यापक आय (कर पश्चात) शामिल)	(593)	(1,965)	1,430	(6,008)	(3,832)	(14,037)	(17,158)
	इक्विटी शेयर पूंजी	7,870	7,870	7,870	7,870	7,870	7,870	7,870
	आरक्षित (पुनर्मूल्यांकन आरक्षित को छोड़कर) पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलनपत्र में दर्शाये गये अनुसार	—	—	—	34,449	157,975	11,734	146,652
	प्रति शेयर अर्जन (रु. 5/— प्रत्येक) (चालू एवं बंद प्रचालनों क लिए)							
	1. मूल	(0.38)	1.25)	0.91	(3.82)	(2.45)	(8.91)	(10.91)
	2. तनुकृत	(0.38	(1.25)	0.91	(3.82)	(2.45)	(8.91)	(10.91)

टिप्पणी: उपरोक्त सेबी (सूचीयन बाध्यताएं एवं प्रकटन आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंजों के पास दाखिल 31 मार्च 2019 को समाप्त तिमाही एवं वर्ष के लिए वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश है। कथित एकल एवं समेकित परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट- www.nesindia.com, www.bseindia.com और कम्पनी की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

कृते अंसल प्रोपर्टीज एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड
हस्ता./—
सुशील अंसल
अध्यक्ष एवं पूर्णकालिक निदेशक
डीआईएन: 00002007

तिथि: 30 मई, 2019
स्थान: नई दिल्ली

"श्री जी"
NATIONAL GENERAL INDUSTRIES LIMITED
Regd. Off : 3rd Floor, Surya Plaza, K-185/1, Sarai Julena, New Friends Colony, New Delhi - 110025
Tel. No. : 011-26829517, 19 E-mail: cs@modisteel.net CIN: L74899DL1987PLC026617

Extract of Audited Financial Results for the Quarterand Yearended 31st March 2019
(Rs. in Lakhs, Unless Otherwise Stated)

Particulars	Quarter Ended 31.03.2019 Audited	Quarter Ended 31.12.2018 Un-Audited	Quarter Ended 31.03.2018 Audited	Year Ended 31.03.2019 Audited	Year Ended 31.03.2018 Audited
Total income from operations	487.84	418.50	500.12	1863.32	1849.93
Net Profit / (Loss) for the period (before Tax and Exceptional)	(6.80)	(10.41)	32.76	38.78	82.05
Net Profit / (Loss) for the period (before Tax and after Exceptional)	(6.80)	(10.41)	32.76	38.78	82.05
Net Profit / (Loss) for the period (after Tax and after Exceptional)	(12.45)	(1.26)	26.19	30.17	67.83
Equity Share Capital	466.96	466.96	466.96	466.96	466.96
Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Balance Sheet of previous year)				1919.14	1901.79
Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations)					
- Basic (in Rs.):	(0.22)	(0.02)	0.48	0.55	1.23
- Diluted (in Rs.):	(0.22)	(0.02)	0.48	0.55	1.23

NOTE:
1. The above is an extract of the detailed format of Quarterly/Annual Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly / Annual Financial Results are available on the Stock Exchange website (www.bseindia.com) and on the Company's website (www.modisteel.com).

For NATIONAL GENERAL INDUSTRIES LTD.
Sd/-
Pawan Kumar Modi
Jt. Managing Director
DIN: 00051679

Place : New Delhi
Date : 30.05.2019

फोनैक्स इंटरनेशनल लिमिटेड
सीआईएन: L74899DL1987PLC030092
पंजीकृत कार्यालय: तीसरा तल, गोपाला टॉवर, 25, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली-110008
फोन: (91-11) 25747696, 25751934/35/36 फैक्स: (91-11) 25751937/38
ई-मेल: narendermakkar@yahoo.com, वेबसाइट: www.phoenixindia.com
31.03.2019 को समाप्त तिमाही एवं वर्ष के लिए एकल एवं समेकित लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का सारांश
(रु. में)

क्र. सं.	विवरण	एकल समाप्त तिमाही 31.03.2019 (लेखापरीक्षित)	एकल समाप्त तिमाही 31.12.2018 (अलेखापरीक्षित)	एकल समाप्त तिमाही 31.03.2018 (लेखापरीक्षित)	एकल समाप्त वर्ष 31.03.2019 (लेखापरीक्षित)	एकल समाप्त वर्ष 31.03.2018 (लेखापरीक्षित)	समेकित समेकित 31.03.2019 (लेखापरीक्षित)	समेकित समेकित 31.03.2018 (लेखापरीक्षित)
1	प्रचालनों से कुल आय (निवल)	1223.91	1129.42	1059.21	4548.67	3964.76	4548.97	3964.75
2	अवधि के लिए निवल लाभ/(हानि) (कर, अपवादात्मक और/या अतिविशिष्ट मदों से पूर्व)	165.41	98.31	(33.06)	369.57	107.69	349.43	96.87
3	कर पूर्व अवधि के लिए निवल लाभ/(हानि) (अपवादात्मक और/या अतिविशिष्ट मदों के बाद)	165.41	98.31	(33.06)	369.57	107.69	349.43	96.87
4	कर पश्चात अवधि के लिए निवल लाभ/(हानि) (अपवादात्मक और/या अतिविशिष्ट मदों के बाद)	156.12	98.31	91.30	325.28	190.65	305.14	179.22
5	अवधि के लिए कुल व्यापक आय (अवधि के लिए लाभ (कर पश्चात) और अन्य व्यापक आय (कर पश्चात) शामिल)	155.79	96.47	98.46	319.49	197.21	299.35	186.38
6	इक्विटी शेयर पूंजी	1678.96	1678.96	1678.96	1678.96	1678.96	1678.96	1678.96
7	अन्य इक्विटी	31345.29	31189.48	31025.78	31345.29	31025.79	31364.58	30056.21
8	प्रति शेयर अर्जन (अतिविशिष्ट मदों के बाद) (रु. 10/— प्रत्येक) (चालू एवं बंद प्रचालनों के लिए)							
	(क) मूल (रु.)	0.93	0.57	0.59	1.90	1.17	1.78	1.11
	(ख) तनुकृत (रु.)	0.93	0.57	0.59	1.90	1.17	1.78	1.11

टिप्पणी:
1. उपरोक्त सेबी (सूचीयन बाध्यताएं एवं प्रकटन आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंजों के पास दाखिल तिमाही एवं वार्षिक समेकित एवं एकल लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश है। तिमाही एवं वार्षिक समेकित एवं एकल लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज बीएसई की वेबसाइट. www.bseindia.com और कम्पनी की वेबसाइट www.phoenixindia.com उपलब्ध है।
2. उपरोक्त परिणामों की लेखापरीक्षा समिति द्वारा समीक्षा की गई है और 30 मई को आयोजित अपनी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया है।
3. जहां कही आवश्यक हुआ, तुलनात्मक बनाने के लिए संगत पिछली अवधि के आंकड़ों को पुनः वर्णित/पुन समूहित किया गया है।

बोर्ड के आदेशानुसार
कृते फोनैक्स इंटरनेशनल लिमिटेड
हस्ता./—
नरेन्दर कुमार मक्कड़
निदेशक
डीआईएन: 00026857

तिथि: 30 मई, 2019
स्थान: दिल्ली

MOHIT PAPER MILLS LIMITED
CIN:L21093DL1992PLC116600
Regd. Office : 15A/13, Upper Ground Floor, East Patel Nagar, New Delhi - 110 008
Website : mohitpaper.in,
Email :mohit.paper@rediffmail.com

Extract of Statement of Standalone Audited Financial Results for the quarter and year ended 31st March, 2019
₹ in Lacs

Particulars	Quarter Ending 31.03.2019 (Audited)	Year to date ending 31.03.2019 (Audited)	Corresponding Quarter Ending 31.03.2018 (Audited)
Total income from operations (Net)	4240.37	15749.26	3199.80
Net Profit/Loss from ordinary activities after tax	120.45	295.63	28.20
Net Profit/Loss for the period after tax (after Extraordinary items)	78.42	205.83	-3.05
Equity Share Capital	1400	1400	1400
Reserves (excluding Revaluation Reserve)	1467.63	1467.63	1261.8
Earnings Per Share (before extraordinary items)of ₹10/-each):			
Basic	0.56	1.47	-0.02
Diluted	0.56	1.47	-0.02
Earnings Per Share (after extraordinary items) of ₹10/-each):			
Basic	0.56	1.47	-0.02
Diluted	0.56	1.47	-0.02

Note : Notes: The abvoe is an extract of the detailed quarterly and yearly audited financial results for the quarter and year ended 31/03/2019 filed with the stock exchange under regulation 33 of SEBI (LODR) Regulations 2015. The full format is available on the website of the Company www.mohitpaper.in and on the website of BSE www.bseindia.com.

By Order of the Board
For Mohit Paper Mills Limited
Sd/-
Sandeep Jain
Managing Director
(DIN No.00458048)

Place : New Delhi
Dated : 30/05/2019

जनसत्ता

1 जून, 2019

संतुलित आधार

नई सरकार में मंत्रिमंडल के गठन और मंत्रियों के विभागों के बंटवारे का काम लगभग पूरा हो चुका है। ऐसी स्थिति में स्वाभाविक ही सरकार की तस्वीर में इस बात की खोज की जाएगी कि देश और राजनीतिक सहयोगियों के बीच मौजूद भिन्नताओं के मद्देनजर किस स्तर तक संतुलन बिठाया गया है। इस लिहाज से देखें तो नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बनी मौजूदा सरकार ने अपनी ओर से इस बात का ध्यान रखने की कोशिश की है कि सबको अपनी नुमाइंदगी दिखे। इसके बावजूद इतने बड़े देश में सभी पक्षों को चूंकि पूरी तरह संतुष्ट करना संभव नहीं है, इसलिए अगर संतुलन के कुछ सवाल बाकी रहेंगे तो इसमें कोई हैरानी बात नहीं होगी। गौरतलब है कि न केवल राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सभी सहयोगियों को उनकी मांग के मुताबिक जगह देना संभव नहीं हुआ, बल्कि पिछली बार खुद राजग सरकार में मंत्री रहे कई ऊंचे कद के नेताओं को भी मौका नहीं मिला। मसलन, अरुण जेटली, सुषमा स्वराज, सुरेश प्रभु, महेश शर्मा, मेनका गांधी जैसे कद्दावर नेता मौजूदा मंत्रिमंडल में नहीं हैं। जाहिर है, यह सवाल चर्चा का केंद्र जरूर रहेगा कि इस बार बाहर रह गए ज्यादातर मंत्रियों के शामिल नहीं होने की वजह उनका प्रदर्शन रहा या नई सरकार में नए चेहरों को जगह देने के लिए कुछ पुराने लोगों को किनारे किया गया। यों अरुण जेटली ने खुद पत्र लिख कर मंत्रिपरिषद में शामिल नहीं होने की इच्छा जताई थी।

सबसे ज्यादा चौंकाने वाली बात यह रही कि बिहार में भाजपा की प्रमुख सहयोगी पार्टी जदयू इस बार सरकार या मंत्रिपरिषद से बाहर है। इसका कारण शायद यह है कि सरकार में शामिल होने का प्रस्ताव जदयू को अपने अनुकूल नहीं लगा और इसलिए उसने बाहर रहने का फैसला किया। लंबे समय से भाजपा की अच्छी सहयोगी मानी जाने वाली पार्टी अगर सरकार गठन से संतुष्ट नहीं है तो यह देखने की बात होगी कि आने वाले वक्त में जदयू का क्या रुख रहता है और उसका सत्ता-संतुलन में क्या असर पड़ता है। हालांकि तमिलनाडु में भाजपा की सहयोगी पार्टी अन्नाद्रमुक को भी मंत्रिपरिषद में फिलहाल जगह नहीं मिल सकी। इसके अलावा, चुनाव में सामाजिक समीकरण की बुनियाद पर गठित गठबंधनों का सामना करने के मकसद से राजग और भाजपा ने भी उसी के मुताबिक बिसात बिछाने की पूरी कोशिश की थी। यही वजह है कि नतीजे के आकलन में जातिगत समीकरणों का मुद्दा प्रमुख रहा और इसकी छाया सरकार के गठन में साफतौर पर देखी जा सकती है। कुल अट्ठावन मंत्रियों में अगड़ी जातियों का प्रभाव साफ दिखता है, लेकिन अन्य पिछड़े वर्गों, अनुसूचित जाति और जनजातियों को भी पर्याप्त जगह मिली है।

जहां तक महिलाओं की नुमाइंदगी का सवाल है, पिछली राजग सरकार में मंत्रिपरिषद में दस महिलाओं को शामिल किया गया था, जबकि इस बार केवल छह महिलाओं को जगह मिल सकी। इसके बावजूद कहा जा सकता है कि नई सरकार के गठन में इस बात का खयाल रखने की कोशिश की गई है कि समाज के सभी वर्गों को अपना प्रतिनिधित्व दिखे। फिर भी उत्तर प्रदेश से सबसे ज्यादा प्रतिनिधि और दक्षिण भारत में खासी सीटें मिलने के बावजूद वहां से कुल चार चेहरों की उपस्थिति और खासतौर पर तमिलनाडु से एक भी मंत्री का नहीं होना सत्ता में संतुलन के आकलन का आधार बनेगा। हालांकि विभागों के बंटवारे के मामले में इस बात की पूरी कोशिश की गई है कि देश भर में इसका सकारात्मक संदेश जाए। अब यह देखने की बात होगी कि इस समूची कवायद के बाद आने वाले वक्त में सरकार क्षेत्रीय सहित दूसरे तमाम पक्षों के साथ संतुलन कायम करने में कितनी कामयाब हो पाती है!

खतरे का संदेश

हर साल इकतीस मई को मनाया जाने वाला विश्व तंबाकू निषेध दिवस इस बात का संदेश देकर जाता है कि अब हम तंबाकू के सेवन को बंद करें और आने वाली पीढ़ियों को गंभीर संकट से बचा लें। लेकिन लगता है यह संदेश मात्र इस दिन विशेष के लिए होता है, अगले दिन से हम सब इसे भुला देते हैं। इसी का नतीजा है कि आज सिर्फ भारत में नहीं, ज्यादातर विकासशील देशों में बच्चों से लेकर उम्रदराज लोग तक तंबाकू के नशे के आदी हैं। मादक पदार्थों में अगर किसी पदार्थ का सबसे ज्यादा सेवन किया जाता है तो वह तंबाकू है। बीड़ी, सिगरेट, पान, गुटखा जैसे तमाम रूपों में तंबाकू का नशा सामान्य है। चूंकि तंबाकू से बने उत्पाद सस्ते और आसानी से उपलब्ध होते हैं, इसलिए किसी और नशीले पदार्थ के मुकाबले तंबाकू का नशा करने वालों का वर्ग कहीं ज्यादा बड़ा है। हालांकि सब जानते हैं कि तंबाकू एक नहीं, कई गंभीर और जानलेवा बीमारियों का कारण बन सकता है, फिर भी इसे छोड़ नहीं पाते। ऐसे में सवाल उठता है कि विश्व तंबाकू निषेध दिवस का आखिर औचित्य क्या रह जाता है। सवाल है कि इसके जानलेवा होने के बारे में जानते हुए भी इस मसले पर समाज जागरूक क्यों नहीं हो पा रहा? क्या यह सरकार और समाज के लिए चिंता और विचार का विषय नहीं होना चाहिए?

इस बार विश्व तंबाकू निषेध की थीम 'तंबाकू और फेफड़े का स्वास्थ्य' रखी गई है। जाहिर है, पूरी दुनिया में लोगों को यह बताने की कोशिश हो रही है कि तंबाकू फेफड़ों के लिए कितना हानिकारक है, बीड़ी-सिगरेट का धुआं कितनी तेजी से फेफड़ों को कमजोर खत्म करता हुआ न जाने कितनी गंभीर बीमारियों से ग्रस्त कर सकता है। वैसे ही भारत में वायु प्रदूषण लोगों के स्वास्थ्य के लिए सबसे बड़ा खतरा बना हुआ है। लाखों लोग जहरीली हवा से होने वाली बीमारियों से मर रहे हैं। ऐसे में तंबाकू का सेवन करने वालों के लिए तो खतरा कहीं ज्यादा बड़ा और गंभीर है। तंबाकू का सेवन करने से पच्चीसों बीमारियां और चालीस से ज्यादा तरह का कैंसर हो सकता है। सरकारी आंकड़ों की मानें तो भारत में धूम्रपान करने वालों की संख्या बारह करोड़ है। लेकिन यह आंकड़ा हकीकत से कोसों दूर ही होगा। गांवों, कस्बों, शहरों से लेकर महानगरों तक में शायद ही कोई ऐसी दुकान, थड़ी, गुमटी होगी जहां बीड़ी, सिगरेट और गुटखा न मिलता हो। अधिसंख्य आबादी के लिए तंबाकू के उत्पाद रोजमर्रा की लत बन चुके हैं। इसीलिए तंबाकू के खतरों के बारे में लोगों को जागरूक करना सरकारी तंत्र के लिए एक असंभव-सा काम बन गया है।

ऐसे में बात घूम फिर कर जागरूकता पर आ जाती है। हालांकि जागरूकता अभियान चलते भी हैं, लेकिन हमारे यहां वे दिखावटी ज्यादा होते हैं। दूसरी ओर, कई विकसित देशों के उदाहरण सामने हैं जहां तंबाकू के इस्तेमाल के खिलाफ सरकार की पहल से बड़े जागरूकता अभियान चले और इनका परिणाम यह रहा कि धूम्रपान करने वालों की संख्या में खासी कमी देखी गई। लेकिन भारत में ऐसे प्रयास नहीं दिखते। इसके पीछे बड़ा कारण तंबाकू उद्योग के हित हैं, सरकार इसे खत्म नहीं होने देना चाहती। तंबाकू के उपभोग के मामले में भारत दुनिया में दूसरे नंबर पर आता है। तंबाकू की बड़े पैमाने पर खेती होती है। तंबाकू की खेती और इससे जुड़े उद्योग में तीन करोड़ लोग लगे हैं। सरकार को खरबों रुपए का राजस्व मिलता है। ऐसे में क्या सरकारी तंत्र से उम्मीद की जा सकती है कि वह देश को तंबाकू मुक्त बनाएगा?

कल्पमेधा

प्रजातंत्र का अर्थ मैं समझता हूं कि उसमें नीचे से नीचे और ऊंचे से ऊंचे आदमी को आगे बढ़ने का समान अवसर मिले।

–महात्मा गांधी

क्यों न लगे ई-सिगरेट पर पाबंदी

सौरभ जैन

अब तक दुनिया के छत्तीस देशों, जिनमें मॉरीशस, आस्ट्रेलिया, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, श्रीलंका, थाईलैंड, ब्राजील, मेक्सिको, उरुग्वे, बहरीन, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात तथा भारत के बारह राज्य शामिल हैं, में ई-सिगरेट की बिक्री पर रोक लगा दी गई है। लेकिन भारत के अधिकांश राज्यों में यह अब भी कई रूपों में उपलब्ध है।

हाल में वाणिज्य मंत्रालय ने कानून मंत्रालय से ई-सिगरेट बनाने और इसकी बिक्री पर प्रतिबंध लगाने के लिए कानून बनाने की मांग की है। वाणिज्य मंत्रालय के मतानुसार कानून की आवश्यकता इसलिए है कि इसके अभाव में ई-सिगरेट के आयात पर प्रतिबंध लगाना पूरी तरह संभव नहीं है। यदि बगैर वैधानिक उपायों के ई-सिगरेट के आयात पर प्रतिबंध लगाया गया तो यह वैश्विक व्यापार के मानदंडों के विपरीत होगा। इससे पहले भी स्वास्थ्य मंत्रालय ने इलेक्ट्रॉनिक निकोटीन डिलीवरी सिस्टम के आयात पर रोक लगाने के लिए एक अधिसूचना जारी करने की मांग वाणिज्य मंत्रालय से की थी। इस मांग में ई-सिगरेट के साथ फ्लेवर्ड हुक्का नामक मादक पदार्थ भी शामिल था। हालांकि इसकी रोकथाम की कवायद तभी से प्रारंभ हो गई थी जब पिछले साल अगस्त में स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को इलेक्ट्रॉनिक निकोटीन डिलीवरी सिस्टम के विनिर्माण, बिक्री एवं आयात रोकने के लिए एक परामर्श जारी किया था। ऐसा करने के लिए आधार दिल्ली उच्च न्यायालय की मानव स्वास्थ्य को लेकर चिंता थी। दिल्ली उच्च न्यायालय ने ई-सिगरेट के खतरों की रोकथाम में हो रही देरी पर गहरी चिंता व्यक्त की। नतीजतन, सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सभी दवा नियंत्रकों को अपने अधिकार क्षेत्र में ई-सिगरेट और फ्लेवर्ड हुक्का सहित इलेक्ट्रॉनिक निकोटीन डिलीवरी सिस्टम के विनिर्माण, बिक्री, आयात और विज्ञापन की अनुमति नहीं देने का निर्देश दिया था। ई-सिगरेट मानव स्वास्थ्य के लिए इतनी हानिकारक है कि इस साल अप्रैल में भारत के चौबीस राज्यों और तीन केंद्रशासित प्रदेशों के एक हजार से अधिक डाक्टरों ने भारतीयों, विशेषकर युवाओं में इसकी लत लगने के पूर्व इस पर प्रतिबंध लगा देने की मांग की है।

ई-सिगरेट एक बैटरी संचालित यंत्र है जो तरल निकोटीन, प्रोपलीन, ग्लाइकॉल, पानी, ग्लिसरीन के मिश्रण को गर्म करके एक एअरोसोल बनाता है जो असली सिगरेट का अनुभव प्रदान करने का कार्य करता है। ई-सिगरेट की बिक्री सर्वप्रथम 2004 में चीन के बाजारों में तंबाकू के विकल्प के रूप में प्रारंभ की गई थी। विश्व स्वास्थ्य संगठन 2005 से ई-सिगरेट के व्यवसाय को वैश्विक व्यापार बनने की बात को स्वीकार करता है। वर्तमान में तो यह व्यवसाय लगभग तीन अरब डॉलर तक पहुंच गया है। जाहिर है, इसकी प्रवृत्ति धूम्रपान के आदी व्यक्तियों में तेजी से बढ़ रही है। धूम्रपान करने वाले व्यक्तियों में ई-सिगरेट के प्रति आकर्षण बढ़ने का कारण इसका दुष्प्रचार है। सिगरेट सेवन करने वालों के मध्य इस भ्रांति को फैलाया गया है कि ई-सिगरेट के सेवन से स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता है। जबकि अब तक सिगरेट का सेवन करने वाले लोग इस बात से वाकिफ थे कि सिगरेट से कैंसर, फेफड़ों से संबंधी रोग, श्वसन तंत्र पर बुरा प्रभाव जैसी समस्याएं होती हैं। सिगरेट में पाए जाने वाले निकोटीन का प्रभाव सिगरेट पीने के चालीस मिनट बाद भी रहता है। इसलिए इस भ्रांति को फैलाया गया गया कि सिगरेट की तुलना में ई-सिगरेट हानिरहित है। इस भ्रांति ने ई-सिगरेट के व्यवसाय को वैश्विक रूप से समृद्ध बना दिया और अपने दैनिक जीवन में धूम्रपान को जीवन शैली का हिस्सा बना चुके लोग स्वतः इस ओर आकर्षित होते चले गए।

ई-सिगरेट के प्रचलन में आने के बाद धूम्रपान करने वालों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। निरंतर ई-सिगरेट का सेवन करने वालों की संख्या में वृद्धि होते देख ब्रिटेन की स्वास्थ्य क्षेत्र में काम करने वाली संस्था एक्शन ऑन स्मोकिंग एंड हेल्थ (ऐश) ने इसके कारणों को जानने के लिए सर्वेक्षण किया। सर्वेक्षण में धूम्रपान करने वाले बारह हजार वयस्कों को शामिल किया गया। अध्ययन से पता चला कि ई-सिगरेट का सेवन वाले अधिकांश लोग धूम्रपान कम करने के लिए ई-सिगरेट का सहारा ले रहे हैं। सर्वे में पता चला कि ई-सिगरेट का सेवन करने वाले ऐसे लोगों की संख्या मात्र एक प्रतिशत है, जिन्होंने कभी धूम्रपान नहीं किया। नियमित रूप से सिगरेट का सेवन करने वाले लोगों में ई-सिगरेट का उपयोग करने वालों की संख्या वर्ष 2010 में 2.70 फीसद थी, जो वर्ष 2014 में 17.70 फीसद तक पहुंच गई। जब धूम्रपान छोड़ चुके लोगों से ई-सिगरेट का उपयोग करने का कारण पूछा गया तो इकहत्तर प्रतिशत लोगों ने बताया कि वे धूम्रपान छोड़ने में ई-सिगरेट का सहारा लेना चाहते थे। वहीं दूसरी ओर धूम्रपान करने वाले अड़तालीस प्रतिशत लोगों का

कहना था कि उन्होंने तंबाकू की मात्रा को कम करने के लिए ई-सिगरेट का सहारा लिया। जबकि सैंतीस प्रतिशत लोगों की राय थी कि उन्होंने पैसे बचाने के लिए ई-सिगरेट के विकल्प का चुनाव किया।

भारत में बिकने वाली कुल ई-सिगरेट में से करीब 50 फीसद ई-सिगरेट की बिक्री ऑनलाइन होती है। इसकी आपूर्ति में चीन सबसे बड़ी भूमिका निभाता है। ऑनलाइन उपलब्धता के चलते बच्चों से लेकर किशोरों तक इसकी पहुंच बहुत आसान हो गई है। ऑनलाइन बाजार जहां जीवनशैली को सुलभ एवं आसान बनाता हैं, वहीं ऐसे उत्पादों की बिक्री के चलते स्वास्थ्य एवं जीवन को संकट में भी ला खड़ा करता है।

ई-सिगरेट के सेवन से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों को जानने के लिए किए गए एक अध्ययन में चौंका देने वाले सामने आए। तकरीबन छियानवे हजार लोगों पर किए गए शोध में यह बात सामने आई कि ई-सिगरेट के सेवन से दिल के दौरे का खतरा छप्पन प्रतिशत तक बढ़ जाता है, साथ ही लंबे समय तक इसका सेवन करने से खून के थक्के बनने की समस्या भी उत्पन्न हो सकती है। इतना ही नहीं, ई-सिगरेट की लत के शिकार लोगों में अवसाद का खतरा दुगना हो जाता है। ई-सिगरेट का सबसे अधिक असर गर्भवती महिलाओं, बच्चों और किशोरों के स्वास्थ्य पर होता है। शोध अध्ययन के ये तथ्य उन भ्रांतियों से पर्दा उठाने के लिए काफी हैं जो बताते हैं कि ई-सिगरेट का सेवन हानिरहित है। कुछ समय पूर्व अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नेशनल सेंटर फॉर डिजीज इन्फॉर्मेटिक्स एंड रिसर्च और अन्य सरकारी स्वास्थ्य संगठनों के डाक्टरों को शामिल कर ई-सिगरेट के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभावों के अध्ययन को लिए एक कमेटी बनाई गई थी। उक्त कमेटी ने लगभग ढाई सौ रिपोर्टों का विश्लेषण किया, जिसमें यह नतीजा सामने आया कि ई-सिगरेट से जहर फैल सकता है। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि इसे बनाने में जिन सामग्रियों का इस्तेमाल होता है वे नुकसानदायक होती हैं और जहरीला प्रभाव पैदा कर सकती हैं।

जापान के स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से भी इस तरह का शोध किया जा चुका है। जापान में हुए एक शोध के मुताबिक साधारण तंबाकू के मुकाबले ई-सिगरेट में दस गुना अधिक मात्र में कैंसरकारी तत्त्व पाए जाते हैं। इसकी भाप में फॉर्मेल्डिहाइड और एसिटलडीहाइड जैसे कार्सिनोजेन तत्त्व पाए गए हैं। फॉर्मेल्डिहाइड का इस्तेमाल इमारतों के निर्माण में होता है और ई-सिगरेट में इसकी मात्रा साधारण सिगरेट के मुकाबले ज्यादा पाई गई है। अमेरिकी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने इस बात को स्वीकारा है कि 2011 से 2013 के बीच ई-सिगरेट का इस्तेमाल करने वाले युवाओं की संख्या में तीन गुना वृद्धि दर्ज हुई हैं।

अब तक दुनिया के छत्तीस देशों, जिनमें मॉरीशस, आस्ट्रेलिया, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, श्रीलंका, थाईलैंड, ब्राजील, मेक्सिको, उरुग्वे, बहरीन, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात तथा भारत के बारह राज्य शामिल हैं, में ई-सिगरेट की बिक्री पर रोक लगा दी गई है। लेकिन भारत के अधिकांश राज्यों में यह अब भी कई रूपों में उपलब्ध है। अतः आवश्यक है कि अब ई-सिगरेट पर रोक के लिए शीघ्र कानून का निर्माण किया जाए।

https://t.me/upsc_civil

कामयाबी की पगडंडी

संजीव राय

दुनिया मेरे आगे

हमारे परिचय-वृत्त यानी 'सीवी' में हमारी अकादमिक विफलताओं का उल्लेख नहीं होता है, लेकिन प्रिंसटोन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर जोहंस हॉउसफेर मनोविज्ञान और लोक मामलों के विद्वान होने के अलावा अपने प्रोफाइल में विफलताओं को दर्ज करने के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने अपनी असफलता के दस्तावेज को 2016 में ऑनलाइन कर दिया था और देखते-देखते वह लाखों लोगों तक पहुंच गया। उन्होंने खुद प्रिंसटोन विश्वविद्यालय पहुंचने तक की अपनी यात्रा में नौकरी में चयन न होने, छात्रवृत्ति में चयनित न होने, शोध पत्र बिना छपे लौटा दिए जाने और डिग्री-पीएचडी पाठ्यक्रम में नामांकन न होने जैसी असफलताओं का उल्लेख किया है।

अब सीबीएसई और राज्यों के दसवीं और बारहवीं कक्षा के परीक्षा-परिणाम आ चुके हैं। लेकिन वे माता-पिता और बच्चे सामाजिक दबाव झेल रहे होंगे, जिनके नंबर अपेक्षया कम आए होंगे या जो असफल करार दिए गए होंगे। क्या किसी बच्चे की स्कूली परीक्षा में असफलता उसकी खुद की असफलता होती है? क्या इस असफलता में उस स्कूल, उनके अध्यापकों, शिक्षा-व्यवस्था और सामाजिक-आर्थिक-राजनीतिक व्यवस्था की भागीदारी नहीं होती है? शिक्षा शास्त्र और मनोविज्ञान इस बात की वकालत करते हैं कि हर एक बच्चा या व्यक्ति बुनियादी रूप से एक दूसरे से भिन्न होता है। फिर एक जैसी दक्षता विकसित करने और उसे प्रमाण-पत्र जारी करने की पद्धति कहां तक उचित है?

स्कूल समाज का एक छोटा रूप होता है। जैसे समाज में अलग-अलग दक्षता के लोगों की भूमिका होती है, वैसे ही स्कूल में भी अलग-अलग हुनर और प्रतिभा के विद्यार्थी होते हैं। एक अनुमान के मुताबिक सौ विद्यार्थियों की कक्षा में केवल बीस फीसद अकादमिक रूप से बेहतर प्रदर्शन करने वाले होते हैं। अस्सी प्रतिशत विद्यार्थी स्कूल में अकादमिक रूप से औसत होते हैं। लेकिन उनकी रुचि जीवन के विभिन्न आयाम जैसे खेल, संगीत, साहित्य, कला, अन्वेषण, रचनात्मकता आदि में ज्यादा हो सकती है और सार्वजनिक जीवन में वे अपनी पहचान बना लेते हैं। जिन लोगों ने फिल्म या खेल में नाम कमाया है, उनमें से कितनों ने पांच सौ में से चार सौ निन्यानबे अंक हासिल किए हैं? आप अपने आसपास देखिए। स्कूल से बाहर आकर कितनों ने अपनी मेहनत से स्कूल में बनी औसत विद्यार्थी की धारणा को पलट दिया है!

बोर्ड की परीक्षा में जिन विद्यार्थियों के नंबर नब्बे प्रतिशत से अधिक आए, उनमें से कुछ के माता-पिता उनके अंकपत्र फेसबुक पर साझा कर रहे हैं। निश्चित रूप से ऐसे बच्चे प्रशंसा के पात्र हैं। मगर कहीं ऐसा तो नहीं कि जाने-अनजाने मां-बाप अपने बच्चे की उपलब्धियों को अपनी सामाजिक प्रतिष्ठा से जोड़ कर देख रहे हैं? परीक्षा में पाए गए नंबरों का उत्सव जीवन के हर मुकाम पर आपको खुशी दे और आप हमेशा अव्वल ही रहें, ऐसा जरूरी नहीं है! सबके जीवन में उतार-चढ़ाव आता रहता है और अगर मां-बाप खुद को देखें तो कितनी बार उन्हें ही असफलता का सामना करना पड़ा है। असफलता का यह अहसास स्कूल-कॉलेज, नौकरी से लेकर सार्वजनिक स्थलों तक पर होता रहता है। अक्सर स्कूल में जब कोई समूह नृत्य या समूह गायन होता है तो हर अभिभावक की इच्छा होती है कि उनका बच्चा सबसे अगली पंक्ति में हो, तो क्या बीस-तीस में से सभी बच्चे अगली पंक्ति में हो सकते हैं?

दुनिया में होमवर्क को लेकर शिक्षाविदों में एक राय नहीं है। अधिकतर विद्वान इसके बढ़ते बोझ से चिंतित हैं, क्योंकि बच्चों के पास परिवार और सामाजिक मेल-मिलाप के लिए समय नहीं है। जबकि नंबरों की अंधाधुंध दौड़ ने किंडरगार्टन से ही गृहकार्य और कक्षा एक से ट्यूशन की शुरुआत करा दी है। चार-पांच साल के बच्चे दो से तीन घंटे का होमवर्क कर रहे हैं। वह स्कूल अच्छा माना जा रहा है जो तीन-चार साल की उम्र से लिखने की शुरुआत करा दे! जबकि लिखने की शुरुआत छह-सात साल की उम्र से हो तो बेहतर होता है। आज छठी कक्षा से ही बच्चे आइआइटी की कोचिंग करने लगे हैं। बच्चों में प्रथम आने की होड़ और असफल होने पर सामाजिक उपेक्षा का डर उन्हें आत्महत्या की ओर भी उन्मुख कर सकता है। हम अपनी महत्त्वाकांक्षा के नशे में भूल गए हैं कि बच्चे आखिर बच्चे हैं और उन्हें खेलने का भी समय चाहिए। परीक्षा की तैयारी के कारण बहुत सारी बातें स्थगित होती जा रही हैं। बच्चों में बढ़ता तनाव प्रतियोगी परीक्षा का दबाव, अकादमिक सफलता पर जोर अध्यापकों को भी असहज बना रहा है। अध्यापकों पर भी बेहतर परीक्षा परिणाम देने का दबाव स्कूल प्रशासन की ओर से रहता है। तो रास्ता क्या है?

धीरे-धीरे कुछ बच्चे इस भागमभाग वाली शिक्षा-पद्धति से बाहर आ रहे हैं, कुछ परीक्षा के डर से अपराध की ओर भी जा रहे हैं। कुछ सचेत अभिभावक ओपन स्कूल और होम स्कूलिंग को अपना रहे हैं। लेकिन स्कूली सर्टिफिकेट की अनिवार्यता अभी भी स्कूलों की मौजूदगी का आधार है, लेकिन स्कूल में असफलता-सफलता का ठप्पा जीवन में कामयाबी की गरंटी नहीं होता है। केवल अकादमिक दक्षता जीवन में आपको एक बेहतर इंसान नहीं बनाती है। इसलिए प्रोफेसर जोहंस की यह बात तार्किक लगती है कि सफलता का रास्ता असफलताओं की पगडंडी से होकर जाता है।

कांटों का ताज

ऐसा माना जाता है कि पांच साल बाद सरकार का जनाधार कम होने लगता है, पर मोदी के नेतृत्व में भाजपा का जनसमर्थन इसके विपरीत देखने को मिला। जनता ने विपक्ष के तमाम आरोपों और वादों के बाद भी जिस तरह से मोदी सरकार पर अटूट भरोसा जताया है, वह प्रधानमंत्री से आने वाले समय में और बेहतर करने की उम्मीद पाले हुए है। देश को सपनों की इस नाव पर बैठाकर उपलब्धियों की मंजिल तक ले जाना मोदी सरकार के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण रहने वाला है।

इस बार मोदी सरकार पर भरोसा करने वालों में सबसे पहला स्थान युवाओं का है जबकि हाल ही में एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि बेरोजगारी ने पिछले पैंतालीस सालों के सभी रिकार्ड तोड़ दिए हैं। ऐसे में सरकार के लिए युवाओं के सपने को हकीकत में बदलना सबसे कठिन काम रहेगा। देश की अर्थव्यवस्था हाल-फिलहाल में कोई बेहतर संकेत नहीं दे रही। ऐसे में अर्थव्यवस्था को नई रफ्तार देने के लिए सरकार क्या कदम उठाती है यह देखने वाला रहेगा। उसने पिछले कार्यकाल में ही किसानों की पीड़ा को समझते हुए उन्हें छह हजार रुपए की सालाना पेंशन देने का ऐलान कर दिया था। लेकिन पेंशन न तो कभी स्थायी समाधान कहा जा सकता है, न ही देश के लिए बेहतर संकेत। ऐसे में संभव है कि सरकार इस बार किसानों की फसल बिक्री को लेकर कोई नई नीति लेकर सामने आए जिससे किसानों की सेहत में सुधार होता दिखाई दे। महिला सुरक्षा पर सरकार पिछले कार्यकाल में कोई बेहतर काम नहीं कर सकी। ऐसे में समझना मुश्किल रहेगा कि सरकार कानून व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए क्या कदम उठाएगी। इस वर्ष निर्भया कांड की पीड़िता के माता-पिता ने वोट देने से भी इंकार कर दिया था क्योंकि उन्हें किसी भी सरकार से कोई उम्मीद नहीं थी। ऐसे में सरकार की महिला सुरक्षा को लेकर जिम्मेदारी और बड़ी हो जाती है।

देश के विकास की बात करें तो सरकार ने गरीबों के लिए सस्ती हवाई यात्रा से लेकर प्रधानमंत्री आवास योजना तक की शुरुआत की थी। यदि सरकार इस कार्यकाल में देश के हर नागरिक को अपनी छत देने का लक्ष्य हासिल कर लेती है तो यह गरीबी खत्म करने के लिए बड़ा कदम साबित होगा। लेट-लतीफी वाली ट्रेनों को छोड़ कर देश बुलेट ट्रेन में भी बैठने को बेताब है। हालांकि सरकार लगातार इस दिशा में काम रही है। बुलेट ट्रेन आने के बाद भारत भी रफ्तार की दुनिया में चीन और जापान से बराबरी कर लेगा। उम्मीद है कि सरकार इस बार बुलेट ट्रेन पटरी पर दौड़ा कर रहेगी। बहरहाल, वादों की सूची तो और भी लंबी है। पर जनादेश और जनाकांक्षाओं को देख कर कहा जा सकता है कि प्रधानमंत्री ने गुरुवार की शाम जो कांटों का ताज पहन लिया है, देखना होगा उसे फूलों का ताज बनाने में वे कितने सफल होते हैं।

● *रोहित यादव, महर्षि दयानंद विवि, रोहतक*

स्वच्छता और स्वास्थ्य

जीवन में स्वास्थ्य का महत्त्व सदियों से बताया जाता रहा है और यह एक व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के विकास के लिए अत्यंत महत्त्व रखता है। इन दिनों स्वच्छता को लेकर राष्ट्रव्यापी अभियान छिड़ा हुआ है और यह खुशी की बात है कि इसका आगाज राजनीतिक क्षेत्र से हुआ है। स्वास्थ्य और स्वच्छता कोई राजनीतिक अवधारणा नहीं हैं। स्वाधीनता आंदोलन के दौरान भी महात्मा गांधी और उनके समर्थक लगातार लोगों को इस दिशा में जागरूक करते रहे। राजनीति शास्त्र की भाषा में स्वच्छता अभियान को न तो वोटों का आधार माना जाता है और न राजनीतिक वैचारिकी। फिर भी यह लोगों के बड़े समूह तक यदि सीधे पहुंच रहा है तो इसे बेहतर पहल ही कहा जाएगा।

● *दिव्यानी त्रिपाठी, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश*

घटती हरियाली

भारत जैसे प्रकृति पूजक देश में पर्यावरण पर गंभीर संकट खड़े हैं और इनसे निपटने में वृक्षारोपण एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। जाहिर है, इसका समाधान प्रदूषण कम करने के साथ ज्यादा से ज्यादा मात्रा में पेड़ लगाने में है। अमूमन होता यह है कि सरकारें या स्वयंसेवी संस्थाएं जोरशोर से बड़े पैमाने पर पौधारोपण तो करती हैं, लेकिन परिणाम लगभग शून्य ही आता है।

पिछले 10-15 वर्षों में यदि ये आयोजन पेड़ों से लगाव पैदा कर नैतिक जिम्मेदारी से किए जाते तो शायद घटती हरियाली का संकट इतना गंभीर नहीं होता। अब ज्यादातर ये आयोजन एक वार्षिक त्योहार की भांति हो गए हैं, जो अपने लोगों को आमंत्रित करने और दूसरे दिन फोटो प्रकाशित होने तक सीमित हो गए हैं। हमारी सभ्यता और संस्कृति में पेड़ों का विशेष महत्त्व रहा है और वे देवतुल्य माने गए हैं। इतिहास में जाकर देखें तो हमें कई ऐसे उदाहरण मिलते हैं, जहां पौधारोपण का कार्य बहुत हर्षोल्लास और जिम्मेदारी से किया जाता था।

● *सुशील वर्मा, गोरखपुर विश्वविद्यालय*

अस्पतालों का इलाज

जब भी हम भारत में स्वास्थ्य सेवाओं की चर्चा करते हैं तो अक्सर कई प्रकार के आंकड़ों के साथ मरीजों के समांतर डॉक्टरों और अस्पतालों की कमी का हवाला देते हैं। ऐसे आंकड़ों में अस्पतालों का यांत्रिक अमानवीय व्यवहार ढक जाता है और पूरा ध्यान संसाधनों की कमी पर आ जाता है। संसाधनों की समस्या अपने आप में काफी बड़ी है लेकिन मरीजों के प्रति उपेक्षा का भाव ऐसी समस्या है, जिसे लेकर कभी कहीं भी कुछ नहीं किया जाता। मरीज को यह उपेक्षा पूरे चिकित्सा तंत्र से मिलती है। पूरे चिकित्सा तंत्र का अर्थ है किसी अस्पताल के द्वार पर खड़े सिक्योरिटी गार्ड से लेकर पर्ची बनाने वाले और डॉक्टर का 'अपॉइंटमेंट' देने वाले, सभी में उपेक्षा का भाव दिखता है।

केवल डॉक्टर अकेला ढांचे को नहीं चलाता। डॉक्टरों के अंदर तो हमदर्दी का भाव होना ही चाहिए। लेकिन जब तक उन्हें सहयोग देने वालों और अन्य कर्मचारियों के अंदर माननीय भाव पैदा नहीं होगा, डॉक्टर चाहे भी तो स्थिति नहीं बदल सकते। मरीज या उसके साथ गए रिश्तेदारों को प्रवेश के साथ ही यह लगना चाहिए कि पूरे अस्पताल की उनके साथ सहानुभूति है और उनका पूरा सहयोग मिल रहा है। हमारे समाज की कई त्रासदियां ऐसी हैं, जो हमदर्दी के अभाव के कारण ही पैदा होती हैं। पर यह स्थिति बदलेगी कैसे? इसके कई तरीके हो सकते हैं। मसलन, स्वास्थ्य महकमे से जुड़े हर व्यक्ति की नियुक्ति के पूर्व प्रशिक्षण की ऐसी व्यवस्था की जा सकती है, जिसमें अस्पताल आने वाले व्यक्ति के बारे में उनकी सोच कैसी हो और उसके प्रति उनका व्यवहार कैसा हो आदि का ज्ञान हो जाए। ऐसा प्रशिक्षण अनिवार्य किया जाना चाहिए। समय-समय पर 'रिफ्रेशर कोर्स' भी चलते रहने चाहिए। इससे पूरी स्थिति एकदम से बदल जाएगी ऐसा नहीं है, लेकिन एक बड़ा सुधार अवश्य होगा।

● *अजीत कुमार गौतम, उत्तर प्रदेश*

चौपाल

किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश

आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com

एक पंथ दो काज

नीतीश को सियासत का पैंतरेबाज खिलाड़ी माना जाता है। लालू यादव ने तो मौसम विज्ञानी बता कर उनकी खिल्ली उड़ाई थी पर नीतीश सियासी सौदेबाजी के माहिर निकले। पिछली दफा राजग से अलग थे तो दो सीटें आई थीं सूबे का मुख्यमंत्री होने के बावजूद उनकी झोली में। इस बार सौदेबाजी कर भाजपा से बराबर की यानी 17 सीटें ली। मोदी की आंधी में 16 जीत भी गए। पर बंपर बहुमत वाले मोदी से मंत्री पदों और विभागों की सौदेबाजी नहीं कर पाए। पहले एलान किया कि उनकी पार्टी जद (एकी) राजग सरकार में शामिल होगी। फिर पलटी मार गए। खुद तो कुछ नहीं कहा और शपथ समारोह में शरीक भी हो गए। पर अपने सहयोगियों पवन वर्मा और केसी त्यागी से कहलवा दिया कि अपेक्षित हिस्सेदारी नहीं मिलने के चलते त्याग दिया शिरकत का इरादा। कहां तो दो साल पहले जब राजग में आए थे तो उलाहना दिया था कि उन्हें भाजपा ने केंद्र में सहयोगी नहीं बनाया है। कहां न्योता मिलने पर भी हिस्सेदारी करने से इनकार कर दिया। दरअसल अपेक्षित हिस्सेदारी नहीं मिलना तो बहाना ठहरा। वे भी तो मायावती और जयललिता जैसे क्षत्रप ठहरे। चाहते ही नहीं कि पार्टी में किसी दूसरे नेता की भी केंद्र में मंत्री बनने से बढ़ जाए हैसियत।

बेबाक बोल

राहुल गांधी को खुद के अंदर के विपक्ष को अनसुना नहीं करना चाहिए। यह वक्त है सड़े हुए ढांचे में विस्फोट कर खुद के खिलाफ खड़े होने का। राहुल खुद तो पद छोड़ें ही साथ ही उन्हें भी छोड़ने के लिए मजबूर करें जो गांधी-नेहरू परिवार के नाम पर सिर्फ अपना ही परिवार देख रहे थे। आज पूरे हिंदुस्तान की जमीन राहुल गांधी की कर्मभूमि है। दरबारी राग से निकल कर जनता के दिलों की आग में झुलसेंगे तो खरा सोना बनकर निकलेंगे। यह वक्त है जब आप खुद के खिलाफ जाकर खुद को पाएं। कांग्रेस और राहुल के इस करो या मरो वाले समय पर बेबाक बोल।

खुद के खिलाफ

मुकेश भारद्वाज

अब तक तो सब कुछ पूर्व अनुमानित लकीर के फकीर जैसा ही होता दिख रहा है। राज्यों में कांग्रेस हारती है, वहां के कर्ताधर्ता इस्तीफा देते हैं, जो नामंजूर होता है। 2014 में सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने इस्तीफे की पेशकश की थी जो मंजूर नहीं हुई थी। अब लोकसभा चुनाव में औंधे मुंह गिरने के बाद कर्णधारों की तरफ से इस्तीफों की बाढ़ तो आ गई है, लेकिन अभी तक किसी के कंधे से तमगा उतारा नहीं गया है।

सोनिया गांधी पर दरबारी कांग्रेसियों से घिरे रहने के आरोप लगते थे। लेकिन यह आरोप तब सच साबित हुआ जब हार के बाद राहुल गांधी ने अपनी पीड़ा जताई। कांग्रेस के संविधान के अनुसार अध्यक्ष फैसलों के लिए सर्वोपरि है। इसके बावजूद टिकट बंटवारे में राहुल गांधी के हाथ बंधे रहे। उन्होंने साफ-साफ कहा कि मैंने मुख्यमंत्रियों के बेटों को टिकट देने का विरोध किया तो मेरा विरोध शुरू हुआ। हालात ऐसे हैं कि जिन लोगों पर राहुल गांधी ने साफ-साफ इशारा किया, अभी तक उनका कुछ भी नहीं बिगड़ा है। इसके उलट वे लोग राहुल को इस्तीफा नहीं देने के लिए मना रहे हैं।

राहुल की मुश्किल यह है कि वे उस दाग पर सवाल उठा रहे हैं, जो उनके दामन पर भी लगा है। राहुल गांधी कह रहे हैं कि दिग्गज नेताओं ने अपनी पूरी ऊर्जा अपने वारिसों को जिताने में लगाई और पार्टी की लुटिया डुबो दी। तो क्या आज राहुल के पास यह नैतिक बल नहीं है कि वे उन मुख्यमंत्रियों को निकाल-बाहर करें जो पूरा चुनाव सिर्फ अपने वारिसों के लिए लड़ते रहे।

राहुल गांधी कह रहे हैं कि एक महीने के अंदर उनका विकल्प चुन लिया जाए। राहुल को अपने इस रुख पर पूरी तरह कायम रहना चाहिए। इसके साथ ही एक महीने में उन्हें यह व्यवस्था करनी चाहिए कि चमचों को हाशिए पर कर दें। आम कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को अधिकार दिया जाए कि नेहरू-गांधी परिवार से इतर अपना अध्यक्ष चुने। राहुल अगर कांग्रेस को इतिहास की किताब में खत्म अध्याय होने से बचाना चाहते हैं तो उन्हें खुद वारिसी कुर्सी को खाली कर जमीन पर आना होगा। राहुल वंश-बेल की ही उपज हैं इसलिए उन्हें दूसरों को जवाब देने में समस्या आ रही है। ढर्रे को बदलने के लिए उन्हें खुद बदलना होगा। राहुल गांधी के लिए इससे बेहतर समय कुछ और नहीं हो सकता है। आपको जिस जनता की रहनुमाई करनी है उसके बीच जाइए। वह जनता ही आपको सिखाएगी-पढ़ाएगी और अपना नेता बनाएगी। यह दरबार से दूर होकर जनता का राग समझने का वक्त है।

महज यह कहकर कि वंशवाद सारे दलों में है, राहुल को खुद को माफ नहीं करना चाहिए। कांग्रेस पार्टी का इतिहास आधुनिक भारत के इतिहास के साथ शुरू होता है। इस पार्टी की नींव में आजाद भारत की बुनियाद भी है। कांग्रेस का इतिहास जब समृद्ध और अलग है तो फिर उसके अगुआ को आज भेड़चाल का हिस्सा क्यों बनना चाहिए कि यह कहां नहीं है।

प्रजातंत्र में प्रतीकों का अपना महत्त्व है। राजीव गांधी की हत्या के बाद पूरी कांग्रेस सोनिया गांधी पर निर्भर हो गई थी। वे खुद सक्रिय राजनीति में आने की इच्छुक नहीं थीं लेकिन उन्होंने ऐतिहासिक

जिम्मेदारी निभाते हुए एक गृहणी का चोला उतार सार्वजनिक नेता का बाना पहना। कांग्रेस को फिर से पांवों पर खड़ा कर उस हाल तक लाईं कि वे प्रधानमंत्री हो सकती थीं। विदेशी मूल के मसले पर हंगामा होते ही उन्होंने अपने कदम पीछे कर लिए। विदेशी मूल का मुद्दा एक भावनात्मक मुद्दा था जिसकी गहराई को सोनिया गांधी समझ रही थीं। उस वक्त बहुत से चाटुकारों ने सोनिया गांधी को कहा होगा कि यह मौका गंवाना नहीं चाहिए, आपको प्रधानमंत्री बनना चाहिए। पर, सोनिया ने दरबारियों की बात न मान जनमानस का ख्याल रखते हुए इतिहास में अपना नाम दर्ज कर लिया।

सोनिया ने जनता के बीच रहने के लिए ही जनादेश को एक नया अर्थ दिया था। लेकिन 2019 में उनकी बेटी प्रियंका गांधी वाड्रा अपनी मां की इस विरासत को नहीं समझ पाई थीं। जब रॉबर्ट वाड्रा पर भ्रष्टाचार के आरोपों में प्रवर्तन निदेशालय का शिकंजा कसता गया और उनकी गिरफ्तारी की भी आशंका जताई जाने लगी तभी राहुल गांधी अपनी बहन को पूर्वी उत्तर प्रदेश में कांग्रेस महासचिव बना देते हैं। ऐन चुनावों के समय प्रियंका गांधी को आधिकारिक मोहर के साथ उत्तर प्रदेश में उतार दिया गया।

2014 में भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन की आंधी में ही कांग्रेस के पांव उखड़े थे। इसके बावजूद 2019 में प्रियंका गांधी वाड्रा को तुरुप के पत्ते की तरह उतारा जाता है। रॉबर्ट वाड्रा पर अभी आरोप साबित नहीं हुए हैं, लेकिन वे गंभीर हैं। यह वह समय था जब नामदार और कामदार की बहस छिड़ चुकी थी। कांग्रेस अभी तक इसी गुमां में थी कि इंदिरा गांधी से मिलता-जुलता चेहरा ही जनता को प्रभावित करने के लिए काफी होगा। लेकिन पिछले 70 सालों में राजनीति का पाठ बिल्कुल बदल चुका है और कांग्रेस ने प्रियंका को उतार उसी वंशवाद और भ्रष्टाचार के आरोप को आगे बढ़ाया। प्रियंका गांधी वाड्रा की बेपरवाही का आलम यह था कि कांग्रेस दफ्तर में अपना आधिकारिक पद संभालने के पहले वो मीडिया और गाजेबाजे के साथ अपने पति रॉबर्ट वाड्रा को प्रवर्तन निदेशालय के दफ्तर में पूछताछ के लिए छोड़ने गईं। पति का हाथ थाम तस्वीरें खिंचवाईं। छवि-बोध की लड़ाई में वे भ्रष्टाचार के आरोपी की पत्नी भर थीं।

नब्बे के दशक के बाद से क्षेत्रीय दलों के उभारों ने 'राष्ट्रीय नेता' के वजूद को खत्म कर दिया था। सीटों का आंकड़ा ही किसी को सिकंदर बना रहा था। लेकिन 2019 ने नागरिकशास्त्र और राजनीतिशास्त्र के पुराने पाठ्यक्रम को बदल दिया है। टिक-टॉक जैसे ऐप से खुद ही स्टार बनी जनता को अब राजा-रानी की कहानी उनके वारिसों की जुबानी सुनने में कोई दिलचस्पी नहीं रही। आप आज के समय में क्या, क्यों और कैसे हैं उसे इससे मतलब है। यह रियलिटी शो का जमाना है जिसमें आपका अविश्वसनीय संघर्ष ही आपके लिए तालियां बजवाता है।

राहुल गांधी वंशनाम ढोते हुए वंशों के मठाधीशों के चक्रव्यूह में फंस चुके थे और जनता ने इस बार इन मठों को ढहा दिया है। अब राहुल को एक महीने का भी इंतजार नहीं कर तुरंत उसी जनता के बीच जाना चाहिए जिसने उन्हें नकारा है। आप उन किसानों के पास जाइए जिसने मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में दिल में बिठाया था। उन नौजवानों के पास जाइए जिन्हें आपमें उम्मीद दिखी थी। उन बच्चों की चिताओं के पास जाकर खड़े हो जाइए जो बुनियादी सुविधाओं के अभाव में जिंदा जल रहे हैं। उन परिवारों के पास जाइए जिनके बच्चे व्यवस्था से निराश होकर जिंदगी की आस तोड़ रहे हैं। राजनीति के मैदान में विपक्ष से ज्यादा बड़ी जमीन किसी के पास नहीं होती। अभी तो पूरा हिंदुस्तान आपकी कर्मभूमि हो सकता है।

राहुल को खुद के अंदर के विपक्ष को हारने नहीं देना चाहिए। यह समय है खुद के खिलाफ खड़े होने का। राहुल के सामने अपनी मां की मिसाल है। आगे जीत की उम्मीद रखनी है तो इस हार से सबक लेकर मठाधीशों को बेदखल करें। इन मठों का विध्वंस किए बिना राहुल गांधी के पास पुनर्जन्म का कोई रास्ता नहीं है।

इस विशेष पन्ने पर आपके ढेरों पत्र हमें लगातार मिलते हैं। हर बार मुमकिन नहीं कि सारे पत्रों का हम इस्तेमाल कर पाएं। पर यह तो तय है कि आपके पत्रों से आपकी पसंद और विषयों के चुनाव में हमें मदद मिलती है। इस बार का यह विशेष पन्ना आपको कैसा लगा? आप अपनी राय भेज सकते हैं।
हमारी ई-मेल आइडी है : vishesh.jansatta@expressindia.com

आपके पत्र

कमी कांग्रेस की

कांग्रेस ने अगर विभिन्न राज्यों के विधानसभा चुनाव में मिली हार का मंथन किया होता और इस बार के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री पद के लिए कोई राजनीति का उलझा-सुलझा चेहरा सामने लाया होता तो शायद इस बार के लोकसभा चुनाव के परिणाम इसके पक्ष में भी हो सकते थे। राहुल गांधी को बहुत से लोग राजनीति का कच्चा खिलाड़ी ही मानते हैं, इसका कारण यह है कि कांग्रेस जब सत्ता में थी, इसने राहुल गांधी को कोई जिम्मेदारी वाला मंत्रिपद नहीं दिया। खैर, अब यह देखना होगा कि कांग्रेस हार का मंथन कर अपनी गलतियों को कैसे सुधारती है।

– **राजेश कुमार चौहान**, जलंधर।

नई उम्मीदों की सरकार

नरेंद्र मोदी को बधाई। उम्मीद है कि वे आम जनता की आशाओं व अपेक्षाओं पर सौ फीसद खरे उतरेंगे। अब विकास की गति तेज होगी। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार पर ज्यादा ध्यान दिया जाएगा। देश में सामाजिक सौहार्द स्थापित करने की दिशा में ठोस पहल होगी। संवैधानिक संस्थाओं को स्वतंत्रता मिलेगी। पिछले पांच सालों में भीड़ द्वारा की गई हत्याओं में काफी वृद्धि हुई, इस पर लगाम लगाने की ईमानदार कोशिश की जाएगी। रोजगार के अवसर बढ़ाए जाएंगे। देश की आंतरिक सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। विशाल जनादेश की कद्र करते हुए नई सरकार हर कदम उठाएगी, हर वादे को ईमानदारी से पूरा करेगी, ऐसी आशा आम जनता करती है।

– **जफर अहमद**, रामपुर डेहरू, मधेपुरा, बिहार

भारत का नया दौर

17वीं लोकसभा का चुनाव एक नए दौर की शुरुआत है। पिछले पांच सालों में मोदी सरकार देश और दुनिया में अपना परिचय 'न्यू इंडिया' मिशन से करा ही चुकी है। सच है कि अब भी ढेरों चुनौतियां बनी हुई हैं। आतंकवाद पूरी दुनिया से खत्म हो यह मुख्य मुद्दा रहेगा। इसके साथ ही देश में गरीबी खत्म हो, किसानों की स्थिति कैसे सुधारें, शैक्षणिक संस्थानों में बढ़ोतरी, बेरोजगारी जैसे मसलों पर भी बात आगे बढ़ेगी। बढ़ती हुई जनसंख्या पर लोगों में जागरूकता लाना नए सरकार के मुख्य कार्यों में शामिल रहेगा।

– **नितेश कुमार सिन्हा**, मोतिहारी, बिहार।

नई सरकार से बड़ी आशाएं

ढेर सारी समस्याओं से घिरी जनता को अब नई सरकार से बड़ी आशाएं और अपेक्षाएं भी हैं। राजा और प्रजा का संबंध तो सदा पिता-पुत्र जैसा ही होता है। इस बात को विशेषकर ध्यान में रख कर ही उन्हें अब आगे बढ़ना होगा। इस चुनाव के बाद उनपर अब एक और बड़ी जिम्मेवारी आ गई है जिसे उन्होंने खुद स्वीकार भी किया है। कई बड़े कार्यों के साथ निश्चित ही राष्ट्र सुरक्षा और आतंकवाद पर तो उल्लेखनीय कार्य हुआ है। अब उन्हें विदेशी घुसपैठ, जनसंख्या नियंत्रण, रोजगार और सुनियोजित विकास पर विशेष कार्य करना होगा जिसके बिना आगे नहीं बढ़ा जा सकता।

–**वेद**, मामूरपुर, नरेला।

सवाल अब भी हैं

कुछ सवाल अब भी वैसे ही हैं और न जाने इसका हल कब निकलेगा। सवाल रोटी, कपड़ा और मकान का, सवाल बेरोजगारी का और सवाल इनकी आवाज का कि आखिर इनकी आवाज को फिर से संसद में कौन उठाएगा। आपने अपने लेख में जिस जागरूक तबके की बात की है, ये सवाल उन्हीं का है। जिस जागरूक वोटर की बात की है आपने, उन्हीं का सवाल है कि हमारा न्याय कब होगा?

– **सत्यम प्रियदर्शी**, दिल्ली विश्वविद्यालय।

आगे की उम्मीद

भरोसा है कि नरेंद्र मोदी अपने समय का एक-एक पल, बगैर किसी भेदभाव के देश के निर्धनतम व्यक्ति तक के हित को सोचकर उसके भलाई को ध्यान में रखते हुए अपनी नीतियों को बनाएंगे। साथ ही उन्हें अपने सरकारी अमले से कठोरता से पालन भी कराएंगे ताकि उन जनउपयोगी नीतियों का लाभ भारत के गरीब से गरीब वर्ग को भी मिल सके।

– **निर्मल कुमार शर्मा**, गाजियाबाद।

राजपाट

अनंत कलह

हार ने रार बढ़ा दी है राजस्थान में कांग्रेस के भीतर। छह महीने भी तो नहीं बीते थे कांग्रेस को सूबे की सत्ता संभाले। लेकिन लोकसभा चुनाव में 2014 की ही पुनरावृत्ति हो गई। सारी पच्चीस सीटें झटक ली फिर भाजपा ने। जबकि कांग्रेस को कम से कम चार-पांच सीट जीतने का तो पक्का भरोसा था। अलवर और अजमेर की लोकसभा सीटों के उपचुनाव तो कांग्रेस ने वसुंधरा के जमाने में ही जीते थे। और तो और जोधपुर में भी कांग्रेस के जादूगर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कोई जादू नहीं दिखा पाए। जहां उनके बेटे वैभव गहलोत का गजेंद्र सिंह शेखावत से था मुकाबला। सीटें तो हारी हीं, जीत का फासला भी बढ़ गया। राजस्थान के नतीजों से राहुल गांधी भी हैरान रह गए। तभी तो पार्टी की कार्यसमिति की बैठक में अशोक गहलोत पर तंज कसा कि वे पुत्रमोह में फंसे रहे और पार्टी का बेड़ा गर्क हो गया। इस एक टिप्पणी ने ही अशोक गहलोत के सियासी भविष्य पर सवालिया निशान लगा दिया है। कई मंत्री और विधायक हार के लिए जवाबदेही तय करने की मांग कर रहे हैं। मकसद परोक्ष रूप से गहलोत पर निशाना साधना ही है। सूबे में मोदी लहर का तो बेशक असर था पर कांग्रेस की बुरी गत गुटबाजी के कारण भी हुई। गहलोत और सचिन पायलट दोनों के अपने खेमे हैं। कांग्रेस के दो सौ में 99 ही विधायक ठहरे। बसपा के छह और बारह निर्दलियों की मदद से चल रही है गहलोत सरकार। चुनाव से पहले ही अटकलें शुरू हो गई थी कि नतीजे खराब आए तो सचिन पायलट का गुट आक्रामक तेवर दिखाएगा। खासकर जोधपुर की हार ने गहलोत को रक्षात्मक स्थिति में ला दिया है। पार्टी के आम कार्यकर्ता विधायकों और मंत्रियों की करतूतों का खमियाजा भी बता रहे हैं। जिन्होंने जनहित की चिंता छोड़ तबादला उद्योग में ध्यान लगा खूब माल कमाया। नतीजतन नाराज कार्यकर्ता सक्रिय नहीं हुए।

रार ठनी है

पिछले लोकसभा चुनाव के समय से ही चल रहा है पश्चिम बंगाल में भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के बीच सियासी टकराव। कोई अपने ऊपर नहीं लेता दोष। दोनों ही एक-दूसरे पर दोषारोपण करते रहे हैं। विधानसभा चुनाव तक तो फिर भी गनीमत दिखी लेकिन पंचायत चुनाव में यह टकराव हिंसक हो गया था। अदालती जंग भी लड़ी गई और सूबे की सरकार पर दादागीरी करने व विरोधियों को नामजदगी के पर्चे दाखिल नहीं करने देने तक के आरोप लगे। कहा गया कि निर्विरोध अपनों को विजयी घोषित कराने के फेर में उलझी थी तब ममता सरकार। पंचायत चुनाव में पचास से ज्यादा लोगों की जान चली गई थी। लेकिन ममता बनर्जी ने सियासी हिंसा का अंजाम इन मौतों को कभी नहीं माना। उलटे भाजपा की अंदरूनी कलह और उसी के लोगों की आपसी दुश्मनी का अंजाम बता दिया इन हत्याओं को। लोकसभा चुनाव में दीदी को गहरा झटका दे दिया भाजपा ने। एक तरफ वे चुनाव से पहले राजग के खिलाफ राष्ट्रीय स्तर पर एक मोर्चा बनाने का राग छेड़ रही थीं तो दूसरी तरफ कोलकाता पहुंचते ही सुर बदल जाते थे। यही कि न वाममोर्चे से हाथ मिलाएंगी और न कांग्रेस से। यही अहंकार भाजपा की बढ़त का कारण बन गया। लोकसभा में मोदी और शाह की सभाओं में जुटी भीड़ को देखकर भी नहीं हुआ ममता को बदलते सियासी माहौल का अहसास। भाजपा के विरोध में उन्होंने जो भी कदम उठाया, उससे भाजपा को लोगों की सहानुभूति ही मिली। कभी अमित शाह को यात्रा नहीं निकालने दी तो कभी योगी आदित्यनाथ का विमान नहीं उतरने दिया। चुनावी हिंसा में भाजपा के अनेक कार्यकर्ता पांच साल में बेमौत मर गए पर ममता गलतफहमी में ही अकड़ती रहीं। बहरहाल अमित शाह ने जब 22 सीट जीतने का लक्ष्य रखा था तो हर कोई हैरान था। पिछली बार तो दो ही सीटें मिली थीं भाजपा को। ममता ने तो चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा का खाता तक नहीं खुलने देने का दावा कर डाला था। प्रधानमंत्री की खिल्ली उड़ाते हुए शून्य को परिभाषित करने के लिए उंगली को गोल घुमाते हुए बोला था कि पश्चिम बंगाल में तो उन्हें रोसोगुल्ला ही हाथ आएगा। मोदी ने जब उनके रसगुल्ले को भी स्वीकार करने की बात कही तो ममता और बौखला गई कि वे रसगुल्ले में मिट्टी मिला देंगी। बहरहाल बात मोदी के नए मंत्रिमंडल की शपथ की चली तो ममता ने उदारता दिखानी चाही और कह दिया कि वे शपथ ग्रहण में दिल्ली जाएंगी। पर जैसे ही खबर मिली कि सियासी हिंसा में मारे गए भाजपा के 53 कार्यकर्ताओं के परिवारजनों को भी आया है मोदी का बुलावा तो ममता बिफर उठीं। दिल्ली जाकर शपथ समारोह में शिरकत का इरादा तो छोड़ा ही भाजपा पर फिर सियासी हिंसा की झूठी खबर फैलाने का आरोप मढ़ दिया। ममता को यह स्वीकार नहीं कि भाजपा कार्यकर्ताओं की मौत का सियासी लाभ उठाए। रही भाजपा की बात तो उसने साफ कह दिया कि मकसद सूबे के पार्टी कार्यकर्ताओं को यह अहसास कराना है कि पूरी पार्टी उनके साथ है। जहां तक दीदी का सवाल है वे तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भाजपाई हिंसा में हुई मौत के विरोध में धरने पर जा बैठीं। भाजपा ने अब ममता की पार्टी में सेंध का जो सिलसिला शुरू किया है उससे तो साफ है कि दोनों पार्टियों में टकराव लोकसभा चुनाव निपटने के बाद भी थमने से रहा।

चालबाजी पलटू की

रमेश पोखरियाल निशंक अपने विरोधियों पर भारी पड़े। सियासी विरोधी कांग्रेस को तो उन्होंने चुनाव में दूसरी बार हरा दिया लेकिन पार्टी के भीतर अपना विरोध करने वालों को केंद्र में मंत्री बन कर दिखा दिया कि दिल्ली में उनके पांव जमे हैं। निशंक उत्तराखंड में लंबे समय तक मंत्री थे और फिर मुख्यमंत्री भी बने। पार्टी में त्रिवेंद्र सिंह रावत और मदन कौशिक की चलती तो निशंक को टिकट भी नहीं मिल पाता। पर अमित शाह किसी के प्रभाव में नहीं आए। साफ है कि एक तो उत्तराखंड को दूसरी बार पांचों सीटें झोली में डालने का ईनाम देना था दूसरी तरफ सूबे के असंतुष्ट ब्राह्मणों को यह संदेश दे दिया कि मुख्यमंत्री राजपूत है तो ब्राह्मण केंद्र में कैबिनेट मंत्री।

(अनिल बंसल)

मंत्री और आबंटित विभाग

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी : कार्मिक मंत्रालय, लोक शिकायत एवं पेंशन, परमाणु ऊर्जा विभाग, अंतरिक्ष एवं अन्य महत्त्वपूर्ण नीतिगत मुद्दों वाले विभाग तथा बिना आबंटन वाले अन्य विभागों का प्रभार

कैबिनेट मंत्री

1. राजनाथ सिंह : रक्षा
2. अमित शाह : गृह
3. नितिन जयराम गडकरी : सड़क एवं राजमार्ग मंत्री तथा लघु एवं मध्यम उद्योग
4. डीवी सदानंद गौड़ा : रसायन एवं उर्वरक
5. निर्मला सीतारमण : वित्त मंत्रालय और वाणिज्य
6. रामविलास पासवान : उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं जन आपूर्ति
7. नरेंद्र सिंह तोमर : कृषि एवं किसान कल्याण, ग्रामीण विकास और पंचायत राज
8. रवि शंकर प्रसाद : कानून एवं न्याय मंत्री, संचार मंत्री तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी
9. हरसिमरत कौर बादल : खाद्य प्रसंस्करण
10. थावर चंद गहलोत : सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता
11. सुब्रमण्यम जयशंकर : विदेश
12. रमेश पोखरियाल 'निशंक' : मानव संसाधन विकास मंत्रालय
13. अर्जुन मुंडा : आदिवासी मामले
14. स्मृति जुबिन ईरानी : महिला एवं बाल विकास और कपड़ा मंत्रालय
15. हर्षवर्धन : स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान
16. प्रकाश जावडेकर : पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय
17. पीयूष गोयल : रेल, वाणिज्य और उद्योग
18. धर्मेंद्र प्रधान : पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, इस्पात मंत्रालय
19. मुख्तार अब्बास नकवी : अल्पसंख्यक मामले
20. प्रह्लाद जोशी : संसदीय कार्य मंत्री
21. महेंद्र नाथ पांडे : कौशल विकास एवं उद्यमिता
22. अरविंद गणपत सावंत : भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उद्यम
23. गिरिराज सिंह : पशुपालन, दुग्ध एवं मत्स्य पालन
24. गजेंद्र सिंह शेखावत : जल शक्ति मंत्रालय

राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

1. संतोष कुमार गंगवार : श्रम एवं रोजगार मंत्रालय
2. राव इंद्रजीत सिंह : सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन, योजना मंत्रालय
3. श्रीपद यसो नाइक : आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक उपचार, यूनानी, सिद्ध एवं होम्योपैथी (आयुष) मंत्रालय (स्वतंत्र प्रभार) और रक्षा मंत्रालय में राज्यमंत्री
4. जितेंद्र सिंह : पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास, प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन, परमाणु ऊर्जा विभाग के राज्य मंत्री और अंतरिक्ष विभाग में राज्य मंत्री
5. किरण रिजीजू : युवा एवं खेल मंत्रालय (स्वतंत्र प्रभार) और अल्पसंख्यक मामलों के राज्य मंत्री
6. प्रह्लाद सिंह पटेल : संस्कृति मंत्रालय और पर्यटन मंत्रालय के राज्य मंत्री
7. राज कुमार सिंह : ऊर्जा मंत्रालय, नवीन एवं नवीकरणीय उर्जा, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के राज्य मंत्री
8. हरदीप सिंह पुरी : आवास एवं शहरी मामले, नागर विमानन मंत्रालय और वाणिज्य एवं उद्योग
9. मनसुख एल मंडाविया : जहाजरानी (स्वतंत्र प्रभार) और रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री।
1. फग्गन सिंह कुलस्ते : इस्पात
2. अश्विनी कुमार चौबे : स्वास्थ्य

राज्यमंत्री

3. अर्जुन राम मेघवाल : संसदीय मामले, भारी उद्योग मंत्रालय
4. जनरल वीके सिंह : सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय
5. कृष्णपाल गुर्जर : सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय
6. दानवे राव साहेब दादाराव : उपभोक्ता मंत्रालय,खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण में राज्य मंत्री
7. जी किशन रेड्डी : गृह मंत्रालय
8. पुरुषोत्तम रूपाला : कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
9. रामदास अठावले : सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता
10. साध्वी निरंजन ज्योति : ग्रामीण विकास मंत्रालय
11. बाबुल सुप्रियो : पर्यावरण, वन तथा जलवायु परिवर्तन
12. संजीव कुमार बालियान : पशु पालन, डेयरी तथा मत्स्य
13. धोत्रे संजय शामराव : मानव संसाधन विकास, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स तथा सूचना प्रौद्योगिकी
14. अनुराग सिंह ठाकुर : वित्त मंत्रालय और निगमित मामले
15. सुरेश अंगाडी : रेल
16. नित्यानंद राय : गृह
17. रतन लाल कटारिया : जल शक्ति
18. वी मुरलीधरन : विदेश और संसदीय मामले
19. रेणुका सिंह सरूता: आदिवासी मामले
20. सोम प्रकाश : वाणिज्य एवं उद्योग
21. रामेश्वर तेली : खाद्य प्रसंस्करण
22. प्रताप चंद्र सारंगी : लघु, एवं मध्यम उद्योग, पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्य
23. कैलाश चौधरी : कृषि एवं किसान विकास मंत्रालय
24. देबश्री चौधरी : महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

अमित शाह संभालेंगे गृह, राजनाथ के जिम्मे रक्षा

पेज 1 का बाकी

शक्ति मंत्रालय का प्रभार दिया गया है। राम विलास पासवान उपभोक्ता मामलों के मंत्री बने रहेंगे। नरेंद्र सिंह तोमर नए कृषि मंत्री होंगे, उनके पास ग्रामीण विकास मंत्रालय भी रहेगा। डा. हर्षवर्धन को स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय दिया गया है। रविशंकर प्रसाद दूरसंचार के अलावा विधि एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री होंगे जबकि रमेश पोखरियाल निशंक नए मानव संसाधन विकास मंत्री बनाए गए हैं। डीवी सदानंद गौड़ा रसायन एवं उर्वरक मंत्री तथा अर्जुन मुंडा आदिवासी मामलों के मंत्री बनाए गए हैं।

हरसिमरत कौर बादल खाद्य प्रसंस्करण मंत्री बनी रहेंगी। थावर चंद गहलोत को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री बनाया गया है। प्रह्लाद जोशी संसदीय मामलों के मंत्री होंगे तथा कोयला एवं खनन मंत्रालय भी संभालेंगे। महेंद्र नाथ पांडे को कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय तथा गिरिराज सिंह को पशुपालन, डेयरी तथा मछली पालन मंत्रालय दिया गया है। मुख्तार अब्बास नकवी को अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपी गई है। संतोष कुमार गंगवार श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार, राव इंद्रजीत सिंह सांख्यिकी एवं कार्यक्रम अनुपालन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार, श्रीपद यशो नाइक को आयुर्वेद, योग एवं रक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार, जितेंद्र सिंह को प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार, किरण रिजीजू को युवा एवं खेल मामलों के मंत्री का स्वतंत्र प्रभार, प्रह्लाद पटेल को संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार, आरके सिंह ऊर्जा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार, हरदीप सिंह पुरी को आवास एवं शहरी मामलों के राज्य मंत्री का स्वतंत्र प्रभार तथा मनसुख मंडाविया को पोत परिवहन तथा रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री का स्वतंत्र प्रभार दिया गया है।

नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में आयोजित एक भव्य समारोह में प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। उनके साथ 24 कैबिनेट मंत्रियों, नौ राज्य मंत्रियों (स्वतंत्र प्रभार) और 24 अन्य ने राज्य मंत्रियों के रूप में शपथ ली थी। नई मोदी सरकार में फग्गन सिंह कुलस्ते को इस्पात राज्य मंत्री, अश्विनी कुमार चौबे को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री, अर्जुन राम मेघवाल को संसदीय कार्य एवं भारी उद्योग राज्य मंत्री बनाया गया है। जनरल वीके सिंह (सेवानिवृत्त) को सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री, किशन पाल को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री, राव साहब दानवे को उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री, जी किशन रेड्डी को गृह राज्य मंत्री, पुरूषोत्तम रूपाला को कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री, रामदास आठवले को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री बनाया गया है। निरंजन ज्योति को ग्रामीण विकास राज्य मंत्री, बाबुल सुप्रियो को पर्यावरण, वन, जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री, संजीव कुमार बालियान को पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य राज्य मंत्री, संजय धोत्रे को मानव संसाधन विकास एवं संचार राज्य मंत्री बनाया गया है ।

अनुराग सिंह ठाकुर को वित्त एवं कंपनी मामलों के राज्य मंत्री, सुरेश अंगाडी को रेल राज्य मंत्री, नित्यानंद राय को गृह राज्य मंत्री, रतन लाल कटारिया को जल शक्ति राज्य मंत्री, रेणुका सिंह सरूता को आदिवासी मामलों की राज्य मंत्री तथा वी मुरलीधरन को विदेश राज्य मंत्री बनाया गया है। सोम प्रकाश को वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री, रामेशवर तेली को खाद्य एवं प्रसंस्करण राज्य मंत्री, प्रताप चंद्र सारंगी को लघु, मध्यम एवं सूक्ष्म उद्यम राज्य मंत्री, कैलाश चौधरी को कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री तथा देबश्री चौधरी को महिला एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री बनाया गया है।

चौथी तिमाही में विकास दर 5 साल के न्यूनतम स्तर पर

पेज 1 का बाकी

तिमाही में जीडीपी वृद्धि में सुस्ती एनबीएफसी क्षेत्र में दबाव जैसे अस्थायी कारकों की वजह से आई। इस बीच, वित्त वर्ष 2018-19 में राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद का 3.39 फीसद रहा है। यह बजट के 3.40 फीसद के संशोधित अनुमान की तुलना में कम है। राजकोषीय घाटे के बजट के संशोधित अनुमान से कम रहने का मुख्य कारण कर के अलावा अन्य मदों से प्राप्त होने वाले राजस्व में वृद्धि तथा खर्च का कम रहना है। 31 मार्च 2019 के अंत में राजकोषीय घाटा 6.45 लाख करोड़ रुपए रहा है, जबकि बजट में राजकोषीय घाटे के 6.34 लाख करोड़ रुपए रहने का संशोधित पूर्वानुमान व्यक्त किया गया था।

राजकोषीय घाटे के आंकड़े हालांकि बढ़े हैं लेकिन जीडीपी के बढ़े आंकड़े से इसकी तुलना करने पर यह 3.39 फीसद रहा है। यह आंकड़ा महालेखा नियंत्रक द्वारा जारी किया गया। उधर, आम चुनाव से पहले बेरोजगारी के आंकड़ों पर जो रिपोर्ट लीक हुई थी शुक्रवार को सरकारी आंकड़ों में उसकी पुष्टि हो गई। सरकारी आंकड़ों के अनुसार देश में 2017- 18 में बेरोजगारी दर कुल उपलब्ध कार्यबल का 6.1 फीसद रही, जो 45 साल में सर्वाधिक है। सरकार द्वारा जारी इन आंकड़ों के अनुसार शहरी क्षेत्र में रोजगार योग्य युवाओं में 7.8 फीसद बेरोजगार रहे जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह अनुपात 5.3 फीसद रहा। अखिल भारतीय स्तर पर पर पुरुषों की बेरोजगारी दर 6.2 जबकि महिलाओं के मामले में 5.7 फीसद रही।

निर्णायक जनादेश नए भारत का आह्वान : राष्ट्रपति

पेज 1 का बाकी

उनकी मंत्रिपरिषद के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने वाले विदेशी सरकारों के प्रमुखों एवं प्रतिनिधियों के सम्मान में आयोजित एक भोज को संबोधित कर रहे थे।

राष्ट्रपति ने कहा कि यह जनादेश काफी आगे चल कर नहीं, बल्कि यहां और अभी से एक नए भारत के निर्माण के लिए मोदी की दूरदृष्टि वाले नेतृत्व की पुष्टि करता है। उन्होंने कहा- यह जनादेश एक ऐसे भारत के लिए हमारे लोगों की ओर से आह्वान है, जहां सभी के लिए प्रगति हो और कोई भी पीछे नहीं छूटे। एक ऐसा भारत जो आने वाले दशक में अत्यधिक गरीबी का उन्मूलन करे और हर बालिका की संभावनाओं को साकार करे। एक ऐसा भारत जो नए दौर की प्रौद्योगिकी और अपने युवा की असीम ऊर्जा का लाभ उठाने के लिए काम कर रहा है।

राष्ट्रपति ने कहा कि यह एक ऐसे भारत के लिए आह्वान है जो अपने बेहतर भविष्य की रूपरेखा तैयार करते वक्त समृद्ध अतीत के साथ गहरा संपर्क बनाने की इच्छा रखता है। एक भारत जो खुद को वैश्विक वृद्धि और वैश्विक शक्ति संबंध के एक केंद्र के रूप में तब्दील कर रहा है। कोविंद ने कहा कि हमारे लोगों में आकांक्षाओं का संचार हो रहा है। राष्ट्रपति ने कहा- वे लोग खुद के लिए और अपने बच्चों के लिए निरंतर ही एक बेहतर जीवन हासिल कर रहे हैं। सुशासन, समान अवसर और लोगों के उपयोग की वस्तुओं एवं सेवाओं को प्रभावी एवं न्यायसंगत तरीके से प्रदान करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है।

उन्होंने कहा कि मोदी एक ऐसी सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं जो निःस्वार्थ और अथक तरीके से सेवा करना जारी रखेगी ताकि इन आकांक्षाओं को पूरा किया जा सके और हमारे नागरिकों को गरिमा एवं सम्मान का जीवन मिले। भारत का सपना अपने अकेले के लिए नहीं है। हिंद महासागर से लेकर बंगाल की खाड़ी तक और साझा संबंध व मध्य एशिया के आर्थिक अवसरों में हमारे लोग समान आशा एवं आकांक्षाएं रखते हैं। उन्होंने कहा कि सदियों तक भारत एक बड़ी व्यापारिक प्रणाली के बीच की कड़ी रहा है जो मध्य एशिया से लेकर हिंद महासागर तक संचालित होता है। यह हमारी विरासत है और यह हमारा भविष्य भी है। हमारे सभी लोगों के लिए और वैश्विक समुदाय के लिए हमें अपने क्षेत्र और इससे आगे शांति एवं समृद्धि लाने के लिए अवश्य ही साथ मिल कर काम करना चाहिए। हमारे देश एक दूसरे की प्रगति और भलाई में हितधारक बने रहेंगे।

बढ़ी तपिश से चेतावनी का रंग हुआ लाल

पेज 1 का बाकी

महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस या इससे ऊपर रहने की आशंका को देखते हुए खतरे की पहचान लाल रंग की चेतावनी जारी की है।

देश के दूसरे हिस्सों में भी तपिश की स्थिति जस की तस बनी हुई है। इस कारण मौसम विभाग ने इन इलाकों के लिए नारंगी रंग (आरेंज कलर)की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के चार 'कलर कोड' हैं जिनमें हरा, पीला, सुनहरा या नारंगी और लाल। हरा रंग सामान्य स्थिति, नारंगी अपेक्षाकृत तेज गरम व एहतियात वाला पीला रंग मतलब सामन्य से अधिक गरम जबकि लाल रंग मौसम की खतरनाक स्थिति को दर्शाता है। मौसम विभाग की वेबसाइट ने राष्ट्रीय राजधानी,राजस्थान व विदर्भ के लिए 'रेड कोड' चेतावनी जारी की है। विभाग ने तीन व चार जून से मौसम के रुख में नरमी की संभावना जातई है।

मौसम विभाग ने गुरुवार को अधिकतम तापमान 46.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज की थी, जो पांच साल में सबसे अधिक तापमान है। सफदरजंग वेधशाला ने शुक्रवार को अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया, जो इस मौसम में अब तक का सर्वाधिक तापमान है। न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस बना रहा। जबकि पालम में यह क्रमशः 46 और 30 डिग्री सेल्सियस रहा।

राष्ट्रीय राजधानी के अधिकतर इलाकों में लगातार दो दिन अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस रहा। ऐसा रहने पर लू की स्थिति की घोषणा की जाती है। जबकि लगातार दो दिन पारा 47 डिग्री पहुंचने पर भीषण लू की स्थिति की घोषणा की जाती है। भारतीय मौसम विभाग के क्षेत्रीय मौसम पूर्वानुमान प्रमुख कुलदीप श्रीवास्तव ने बताया कि दिल्ली जैसे छोटे इलाकों में एक दिन भी 45 डिग्री सेल्सियस तापमान रहने पर लू की स्थिति मानी जाती है। पूर्वोत्तर के राज्यों व केरल कर्नाटक व आंध्र प्रदेश में बारिश की चेतवनी भी जारी की गई है।

बीते कुछ सालों में मई का तापमान

वर्ष	डिग्री सेल्सियस
2018	44.8
2017	44.7
2016	44.4
2015	44.7
2014	44.3

धनशोधन में एअरबस के पूर्व अधिकारी के नाम गैर जमानती वारंट

पेज 1 का बाकी

संबंधित है जिससे इंडियन एअरलाइंस को नुकसान हुआ था। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विशेष न्यायाधीश संतोष स्नेह मान को बताया कि एअरबस इंडस्ट्री के तत्कालीन उपाध्यक्ष (मूल्य निर्धारण और विपणन) ब्रिटिश नागरिक किरण राव ने जानबूझकर समन की अवहेलना की और जांच के लिए पेश नहीं हुए। उसने कहा कि राव सहयोग नहीं कर रहे है और उन्होंने जांच को प्रभावित किया है। ईडी की ओर से पेश विशेष लोक अभियोजक नीतेश राणा ने अदालत को बताया कि एअरबस इंडस्ट्री की ओर से राव और अन्य ने एअरबस इंडस्ट्री की तरफ से 43 विमानों की बिक्री के लिए छह सितंबर, 2005 को मंत्रियों के अधिकार प्राप्त समूह के साथ बातचीत की थी।

ईडी के वकील एआर आदित्य ने कहा कि इंडियन एअरलाइंस के अधिकारियों और अज्ञात लोगों के खिलाफ यह आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया गया था कि अधिकारी एअरबस इंडस्ट्री के साथ षड्यंत्र में शामिल थे जिसके कारण फ्रांसीसी कंपनी को अनुचित आर्थिक लाभ हुआ और 43 विमानों की खरीद में सरकारी खजाने को नुकसान हुआ था।

कश्मीर में सेना ने मार गिराए पांच आतंकवादी

पेज 1 का बाकी

ढेर कर दिया है। 23 मई को आतंकी सरगना जाकिर मूसा के मारे जाने के बाद उसके गुर्गों को खोज निकालने के अभियान में शुक्रवार को सेना की राष्ट्रीय राइफल्स, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ ने त्राल में आतंकियों को घेर कर मार गिराया।

सैन्य प्रवक्ता के मुताबिक, आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने दक्षिण कश्मीर के दारगाड सुगान इलाके की घेराबंदी की और तलाशी अभियान शुरू किया। वहां एक मकान में छिपे बैठे आतंकवादियों ने उन पर गोलीबारी की, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। मुठभेड़ में दो आतंकवादी और उनका एक 'सक्रिय सहयोगी' ढेर कर दिए गए। प्रवक्ता के मुताबिक, मारे गए आतंकियों में से एक हिज्बुल मुजाहिदीन का साजू माग्रे है। माग्रे आईईडी विस्फोटों सहित कई आतंकी वारदात में शामिल था। अन्य आतंकवादियों की पहचान की जा रही है।

सुगान इलाके में गुरुवार को भी दो आतंकवादियों को ढेर कर दिया गया था। इससे पहले जिले में बुधवार को शोपियां जिले के पिंजूरा गांव में चलाए गए अभियान के दौरान हिंसा भड़क गई थी, जिसमें एक प्रदर्शनकारी की मौत हो गई थी और 20 से अधिक लोग घायल हो गए। सैन्य अभियान की खबर फैलते ही स्थानीय युवा सड़कों पर उतर आए थे और जमकर पत्थरबाजी करने लगे थे।

संसद सत्र 17 जून से 26 जुलाई तक, 5 को बजट

पेज 1 का बाकी

राज्यसभा दोनों की संयुक्त बैठक को 20 जून को संबोधित करेंगे। आर्थिक सर्वेक्षण चार जुलाई को पेश किया जाएगा और इसके अगले दिन बजट पेश किया जाएगा। सत्र की कुल 30 बैठकें होंगी। यह मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का पहला बजट होगा और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बजट पेश करेंगी। गौरतलब है कि वित्त वर्ष 2019-20 के लिए अंतरिम बजट तत्कालीन वित्त मंत्री पीयूष गोयल ने एक फरवरी 2019 को पेश किया था।

गर्मी के कारण एक व्यक्ति की मौत

जींद, 31 मई (भाषा)।

हरियाणा के जींद जिले के नगूरां गांव में मांग कर अनाज एकत्रित कर रहे एक व्यक्ति की गर्मी के कारण शुक्रवार को मौत हो गई। अलेवा थाना पुलिस ने मृतक के शव का सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा कर उसे परिजनों के हवाले कर दिया है।

पुलिस ने बताया कि पिल्लूखेड़ा निवासी 50 वर्षीय रमेश वीरवार को अनाज एकत्रित करने के लिए नगूरां गांव गया था।

उत्तर, दक्षिण भारत में मानसून कम रहने के आसार

पेज 1 का बाकी

यह सामान्य रहेगा। आइएमडी ने कहा कि 2019 के दक्षिण-पश्चिम मानसून के मौसम में पूरे देश में कुल मिलाकर सामान्य बारिश होने की संभावना है। आइएमडी के उत्तर-पश्चिम भारत उप-मंडल में पूरा उत्तर भारत आता है, जबकि मध्य भारत के उपखंड में मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गोवा, गुजरात और छत्तीसगढ़ जैसे राज्य शामिल हैं। (भाषा)

रक्षा सचिव को तीन महीने का विस्तार मिला

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 31 मई।

रक्षा सचिव संजय मित्रा को शुक्रवार को सेवा में तीन महीने का विस्तार दिया गया है। कार्मिक मंत्रालय के आदेश के अनुसार मंत्रिमंडल की नियुक्ति संबंधी समिति ने 23 अगस्त, 2019 तक मित्रा के कार्यकाल में विस्तार किए जाने को मंजूरी दी।

पश्चिम बंगाल कैडर के 1982 बैच के आईएएस अधिकारी मित्रा ने दो वर्ष के कार्यकाल के लिए 24 मई, 2017 को रक्षा सचिव के रूप में पदभार संभाला था।

दरअसल

इस बार अलग नजर आएगी सीसीएस

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 31 मई।

भाजपा अध्यक्ष अमित शाह के गृह मंत्री बनने और वरिष्ठ राजनयिक एस जयशंकर को विदेश मंत्रालय का प्रभार सौंपे जाने के बाद 'मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति' (सीसीएस) में अब दो नए चेहरे शामिल होंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली सीसीएस रक्षा नीति और आंतरिक सुरक्षा समेत देश की सुरक्षा से जुड़े मामलों पर अंतिम निर्णय लेने वाली प्रभावशाली समिति है। समिति में प्रधानमंत्री के अलावा रक्षा मंत्री, गृह मंत्री, विदेश मंत्री और वित्त मंत्री सदस्य होते हैं। शाह पहली बार केंद्रीय गृह मंत्रालय संभाल रहे हैं। इससे पहले वे गुजरात में मोदी के मुख्यमंत्री रहते गृह मंत्री रह चुके हैं।

विदेश सचिव रहते हुए जनवरी 2015 से 2018 तक विभिन्न मौकों पर सीसीएस को जानकारी देने वाले जयशंकर अब इस समिति का हिस्सा होंगे। सीसीएस में राजनाथ सिंह और निर्मला सीतारमण नई भूमिका में होंगे। सिंह पिछली कैबिनेट में गृह मंत्री रहे थे और इस बार उन्हें रक्षा मंत्रालय का प्रभार सौंपा गया है, वहीं सीतारमण पिछली बार रक्षा मंत्री थीं और अब वित्त मंत्रालय की जिम्मेदारी संभालेंगी।

किसानों-मजदूरों को 3000 की मासिक पेंशन

पेज 1 का बाकी

साल के आखिर तक पांच करोड़ लोगों को इस योजना से जोड़ने का लक्ष्य रखा है। अगले पांच साल में 20 करोड़ से ज्यादा लोगों को इस योजना से जोड़ दिया जाएगा। इस योजना के तहत फेरी लगाने वाले, रिक्शा और ठेला चलाने वाले, दिहाड़ी मजदूर, घरों में काम करने वाले जैसे 127 असंगठित क्षेत्रों के कामगारों, किसानों, लघु कारोबारियों-व्यापारियों को शामिल किया गया है। इनको 60 साल की उम्र के बाद तीन हजार रुपए की मासिक पेंशन मिल सकती है। असंगठित क्षेत्र के 15 हजार रुपए तक की मासिक आमदनी वाले 18 से 40 साल के मजदूर इस योजना के पात्र हैं।

इस योजना के तहत आयु वर्ग के अनुसार हर महीने एक निश्चित राशि का प्रीमियम जमा कराना होगा। जितना प्रीमियम होगा, उतने रुपए की सबसिडी सरकार देगी। न्यूनतम मासिक प्रीमियम 55 रुपए और अधिकतम 200 रुपए प्रतिमाह है, जो कि प्रथम प्रीमियम जमा कराने के बाद व्यक्ति के बैंक खाते से स्वतः निकल जाएंगे। इसमें सरकार भी अपनी तरफ से प्रीमियम की राशि को जमा करेगी।

श्रममंत्री संतोष गंगवार के मुताबिक, सरकार ने पांच करोड़ श्रमिकों को इस योजना से जोड़ने का लक्ष्य रखा है। अगले साल अप्रैल के अंत तक करीब एक करोड़ श्रमिकों के पंजीकृत होने का अनुमान है, जबकि दिसंबर तक यह संख्या पांच करोड़ तक पहुंच जाएगी।

एडमिरल करमबीर सिंह ने नए नौसेना प्रमुख का कार्यभार संभाला

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 31 मई।

एडमिरल करमबीर सिंह ने शुक्रवार को भारतीय नौसेना के 24वें प्रमुख का कार्यभार संभाल लिया। वह ऐसे पहले हेलिकॉप्टर पायलट हैं, जो नौसेना का संचालन करेंगे। उन्होंने एडमिरल सुनील लांबा की जगह ली है। नौसेना में करीब चार दशक के उत्कृष्ट करिअर के बाद लांबा सेवानिवृत्त हो गए हैं। एडमिरल सिंह के इस पर नवंबर 2021 तक बने रहने की संभावना है। नौसेना में शीर्ष पद पर नियुक्ति से पहले करमबीर सिंह विशाखापत्तनम में पूर्वी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ थे।

आत्महत्या करने वाले किसान की मदद करे केरल सरकार : राहुल

नई दिल्ली, 31 मई (भाषा)।

कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने केरल के मुख्यमंत्री पी विजयन से आग्रह किया है कि वह उस किसान के परिवार को सहायता मुहैया कराएं, जिसने कर्ज अदा नहीं करने के कारण पिछले दिनों कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी।

केरल पुलिस के मुताबिक वायनाड में 25 मई को किसान वीडी दिनेश कुमार ने कथित तौर पर विषाक्त पदार्थ खाकर खुदकुशी कर ली थी।

DhanlaxmiBank established 1927

धनलक्ष्मी बिल्डिंग, षण्मुगम रोड, मरीन ड्राइव के सामने, एर्नाकुलम, केरल – 682031

आंचलिक कार्यालय : एर्नाकुलम — कार्पोरेट कार्यालय : त्रिशूर

अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनरनिर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के अधीन अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्द्वारा सर्व साधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार (रों) तथा गारंटर (रों) को सूचना दी जाती है कि प्रतिभूत लेनदार को बंधक/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्जा धनलक्ष्मी बैंके लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, (1) मैसर्स रियल वीडियो इम्पैक्ट प्रा. लि., नंबर एच–78, 7वां तल, हिमालय हाउस, कस्तूरबा गांधी मार्ग, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली–110001, इसके प्रबंध निदेशक द्वारा प्रतिनिधित्वकृत, (2) मैसर्स इंडिया मिडिल ईस्ट ब्रॉडकास्टिंग नेटवर्क प्रा. लि., केसीसीआई बिल्डिंग, षण्मुगम रोड, कोच्चि–682031, इसके प्रबंध निदेशक द्वारा प्रतिनिधित्वकृत, (3) मैसर्स रियल वीडियो इम्पैक्ट प्रा. लि., 10वां तल, वैंकार्थ टावर, एनएच बाईपास, पादिवट्टम, कोच्चि –682024, इसके प्रबंध निदेशक द्वारा प्रतिनिधित्वकृत, (4) मैसर्स जेमिनी सॉल्वेंट्स प्रा. लि., एक्सएल/35067–ए, क्रिस्टल कॉम्प्लेक्स, बनर्जी रोड, कोच्चि–682031, इसके प्रबंध निदेशक द्वारा प्रतिनिधित्वकृत, (5) मैसर्स जयहिन्द ट्रैवल्स प्रा. लि. सोनी सेंटर के पीछे, 39/4187, एमजी रोड, रविपुरम, कोच्चि –682016, इसके प्रबंध निदेशक द्वारा प्रतिनिधित्वकृत, (6) भगत चंद्रशेखर, वेट्टियाटिल हाउस, 34/418ए, पादिवट्टम, एडापल्ली, पीओ कोच्चि –682024, अब निवासी 2ए2, सनराइज अपार्टमेंट्स, विक्काकारा, कोच्चि –682021, (7) श्री केएन मारजूक, रत्नापुरी, ईआरजी रोड, कोच्चि –682024, अब निवासी "फ्लोरा", साबरमती रोड, जनता, पलारीवट्टम, कोच्चि –682025, (8) श्री ईपी जॉर्ज, एडातुरूथिकरन हाउस, जजेज एवेन्यू, कलूर, कोच्चि –682017, (9) श्री बीजू चेरियन, पुरूक्काल, जी–95, पनमपिल्ली नगर, कोच्चि –682036, (10) श्री मैथ्यू जॉर्ज, कुरूवितडम हाउस, पेरूम्पलूर, पीओ मुवातुपुजा, एर्नाकुलम –686 673, (11) श्री एन जॉर्ज, कुरूवितडम हाउस, पेरूम्पलूर, पीओ मुवातुपुजा, कलूर, कोच्चि –682017, (12) श्रीमती मरियम्मा मैथ्यू, कुरूवितडम हाउस, पेरूम्पलूर, पीओ मुवातुपुजा, एर्नाकुलम –686 673, (13) श्रीमती के एन नफीसा, रत्नापुरी, ईआरजी रोड, कोच्चि –682024, अब निवासी फ्लोरा, साबरमती रोड, जनता, पलारीवट्टम, कोच्चि –682025 से धनलक्ष्मी बैंक लिमिटेड, षण्मुगम रोड शाखा की बकाया राशि रू. 17,66,28,262.52 (रूपए सत्रह करोड़ छियासठ लाख अठाईस हजार दो सौ बासठ तथा पैसे बावन मात्र) + दिनांक 16–05–2019 से लागू दर पर आगे ब्याज एवं अन्य प्रभार की वसूली के लिए "जैसी है जहां है", "जो है जैसी है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर शुक्रवार दिनांक 21.06.2019को बेची जाएगी। सुरक्षित मूल्य रू. 2,37,00,000/– (रूपए दो करोड़ सैतीस लाख मात्र) तथा धरोहर राशि जमा रू. 23,70,000/– (रूपए तेयीस लाख सत्तर हजार मात्र) होगी।

सम्पत्ति का विवरण :

मैसर्स जेमिनी सॉल्वेंट्स प्रा. लि. के नाम में कीजाल्लूर ग्राम तालास्सेरी तालुक, कन्नूर जिला के सर्वे नंबर 55/1, रि. सर्वे नंबर 10/1 में औद्योगिक तथा आवासीय भूमि 138.6 एकड़, बिल्डिंग तथा उसमें किए गए सुधारों सहित।

चौहद्दी : पूरब : कुट्टी हसन हाजी एवं अन्य की सम्पत्ति, उत्तर : कन्नोठ गोविन्दन एवं अन्य की सम्पत्ति, पश्चिम : देवकी एवं राघवन की सम्पत्ति, दक्षिण : कुट्टी हसन हाजी की सम्पत्ति।

ऋणभार का विवरण : कोई नहीं

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया धनलक्ष्मी बैंक की वेबसाइट नामतः www.dhanbank.com में उपलब्ध कराया गया लिंक देखें।

तिथि : 29.05.2019

स्थान : एर्नाकुलम — प्राधिकृत अधिकारी

DhanlaxmiBank established 1927

धनलक्ष्मी बिल्डिंग, षण्मुगम रोड, मरीन ड्राइव के सामने, एर्नाकुलम, केरल – 682031

आंचलिक कार्यालय : एर्नाकुलम — कार्पोरेट कार्यालय : त्रिशूर

अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनरनिर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के अधीन अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्द्वारा सर्व साधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार (रों) तथा गारंटर (रों) को सूचना दी जाती है कि प्रतिभूत लेनदार को बंधक/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्जा धनलक्ष्मी बैंके लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, (1) मैसर्स रियल वीडियो इम्पैक्ट प्रा. लि., नंबर एच–78, 7वां तल, हिमालय हाउस, कस्तूरबा गांधी मार्ग, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली–110001, इसके प्रबंध निदेशक द्वारा प्रतिनिधित्वकृत, (2) मैसर्स इंडिया मिडिल ईस्ट ब्रॉडकास्टिंग नेटवर्क प्रा. लि., केसीसीआई बिल्डिंग, षण्मुगम रोड, कोच्चि–682031, इसके प्रबंध निदेशक द्वारा प्रतिनिधित्वकृत, (3) मैसर्स रियल वीडियो इम्पैक्ट प्रा. लि., 10वां तल, वैंकार्थ टावर, एनएच बाईपास, पादिवट्टम, कोच्चि –682024, इसके प्रबंध निदेशक द्वारा प्रतिनिधित्वकृत, (4) मैसर्स जेमिनी सॉल्वेंट्स प्रा. लि., एक्सएल/35067–ए, क्रिस्टल कॉम्प्लेक्स, बनर्जी रोड, कोच्चि–682031, इसके प्रबंध निदेशक द्वारा प्रतिनिधित्वकृत, (5) मैसर्स जयहिन्द ट्रैवल्स प्रा. लि. सोनी सेंटर के पीछे, 39/4187, एमजी रोड, रविपुरम, कोच्चि –682016, इसके प्रबंध निदेशक द्वारा प्रतिनिधित्वकृत, (6) भगत चंद्रशेखर, वेट्टियाटिल हाउस, 34/418ए, पादिवट्टम, एडापल्ली, पीओ कोच्चि –682024, अब निवासी 2ए2, सनराइज अपार्टमेंट्स, विक्काकारा, कोच्चि –682021, (7) श्री केएन मारजूक, रत्नापुरी, ईआरजी रोड, कोच्चि –682024, अब निवासी "फ्लोरा", साबरमती रोड, जनता, पलारीवट्टम, कोच्चि –682025, (8) श्री ईपी जॉर्ज, एडातुरूथिकरन हाउस, जजेज एवेन्यू, कलूर, कोच्चि –682017, (9) श्री बीजू चेरियन, पुरूक्काल, जी–95, पनमपिल्ली नगर, कोच्चि –682036, (10) श्री मैथ्यू जॉर्ज, कुरूवितडम हाउस, पेरूम्पलूर, पीओ मुवातुपुजा, एर्नाकुलम –686 673, (11) श्री एन जॉर्ज, कुरूवितडम हाउस, पेरूम्पलूर, पीओ मुवातुपुजा, कलूर, कोच्चि –682017, (12) श्रीमती मरियम्मा मैथ्यू, कुरूवितडम हाउस, पेरूम्पलूर, पीओ मुवातुपुजा, एर्नाकुलम –686 673, (13) श्रीमती के एन नफीसा, रत्नापुरी, ईआरजी रोड, कोच्चि –682024, अब निवासी फ्लोरा, साबरमती रोड, जनता, पलारीवट्टम, कोच्चि –682025 से धनलक्ष्मी बैंक लिमिटेड, षण्मुगम रोड शाखा की बकाया राशि रू. 17,66,28,262.52 (रूपए सत्रह करोड़ छियासठ लाख अठाईस हजार दो सौ बासठ तथा पैसे बावन मात्र) + दिनांक 16–05–2019 से लागू दर पर आगे ब्याज एवं अन्य प्रभार की वसूली के लिए "जैसी है जहां है", "जो है जैसी है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर शुक्रवार दिनांक 21.06.2019 को बेची जाएगी। सुरक्षित मूल्य रू. 1,07,45,000/– (रूपए एक करोड़ सात लाख पैतालीस हजार मात्र) तथा धरोहर राशि जमा रू. 10,74,500/– (रूपए दस लाख चौहत्तर हजार पांच सौ मात्र) होगी।

सम्पत्ति का विवरण :

एन जॉर्ज एडातुरूथिकरन के नाम में कनायन्नूर तालुक, कोविलवट्टोम देसम, एर्नाकुलम जिला में सर्वे नंबर 843 के तहत 202.48 एयर कुल भूमि में 2149/938500 अविभाजित हिस्सा तथा कोचीन कार्पोरेशन से डोर नंबर 45/2275–बी (06)2 धारक "प्रेस्टिज नेप्चून्स कोर्टयार्ड" के "ब्लू क्रश" टावर –2 के छठे तल पर आवासीय अपार्टमेंट नंबर 2062 परिमाप 199.64 वर्ग मीटर सुपर बिल्टअप एरिया के साथ कॉमन एरिया तथा अपार्टमेंट ब्लॉक की सुविधाओं तथा बेसमेंट/स्टिल्ट लेवल में 2062 नंबर के कार पार्किंग एरिया में और एसआरओ एर्नाकुलम की सेल डीडी नंबर 4620/2012 के अंतर्गत आवृत्त सभी सुधारों सहित।

चौहद्दी : पूरब : कार्पोरेशन रोड, उत्तर : बैकवाटर्स, पश्चिम : बैकवाटर्स, दक्षिण : पीडब्ल्यूडी रोड

ऋणभार का विवरण : कोई नहीं

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया धनलक्ष्मी बैंक की वेबसाइट नामतः www.dhanbank.com में उपलब्ध कराया गया लिंक देखें।

तिथि : 29–05–2019

स्थान : एर्नाकुलम — प्राधिकृत अधिकारी

PMC FINCORP LIMITED

CIN: L27109UP1985PLC006998
Regd Office:- B-10 VIP Colony, Civil Lines Rampur UP-244901
Corp Office:- 14/5, Old Rajinder Nagar, New Delhi-110060
Ph: 011-42436846 Email:- pritimercantile@gmail.com website: www.pmcfinance.in

Extract of Audited Financial Results for the Year ended 31st March, 2019

(₹ in Lacs)

Particulars	Quarter Ended		Year Ended	
	31.03.2019 Audited	31.03.2018 Audited	31.03.2019 Audited	31.03.2018 Audited
Total Income from Operation (Net)	389.53	41.86	849.92	570.44
Net Profit/(Loss) from the ordinary activities after tax	(132.25)	(72.85)	159.35	100.68
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके मंत्रिपरिषद के सदस्यों के शपथ ग्रहण के बाद कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि वह देश के विकास के लिए सरकार के साथ मिलकर काम करने की इच्छुक है। कांग्रेस ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से ट्वीट किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी नई कैबिनेट के मंत्रियों को बधाई। हम उन्हें शुभकामनाएं देते हैं और भारत और उसके नागरिकों की प्रगति और विकास के लिए साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार हैं। कांग्रेस को 2019 के लोकसभा चुनाव में करारी हार का सामना करना पड़ा है। लगातार दूसरी बार ऐसा हुआ है जब कांग्रेस को नेता प्रतिपक्ष बनने के लिए जरूरी 55 सीटें तक नहीं मिल पाई हैं।

संख्या को देखते हुए कांग्रेस को लोकसभा में विपक्ष के नेता का पद तो नहीं मिल पाएगा। पार्टी सांसदों की संख्या 52 है जबकि विपक्ष का नेता पद मिलने के लिए यह संख्या कम से कम 55 होनी चाहिए। लिहाजा, पार्टी लोकसभा में अपना नेता चुनेगी। पिछली लोकसभा में कांग्रेस ने बेहतर हिंदी बोलने वाले कर्नाटक से ताल्लुक रखने वाले वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे को यह जिम्मेदारी सौंपी थी लेकिन इस बार खड़गे चुनाव हार गए।

सूत्रों का कहना है कि चूंकि कांग्रेस को सबसे ज्यादा सीटें केरल से मिली हैं, लिहाजा तिरुवनंतपुरम से जीते शशि थरूर को लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल का नेता बनाया जा सकता है क्योंकि वे हिंदी और अंग्रेजी में समान रूप से बोल सकने की क्षमता रखते हैं। इस पद के लिए पंजाब से चुनाव जीते मनीष तिवारी का भी नाम लिया जा रहा है।

खराब सेहत का हवाला देकर ईडी के सामने पेश नहीं हुए वाड्रा

नई दिल्ली, 31 मई (भाषा)।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा विदेश में कथित तौर पर अवैध संपत्ति की खरीद से जुड़े धनशोधन के एक मामले में शुक्रवार को पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश नहीं हुए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वाड्रा खराब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए ईडी के सामने पेश नहीं हुए। जांच एजंसी उन्हें अगले हफ्ते पेश होने के लिए कोई नई तारीख दे सकती है।

वाड्रा से गुरुवार को करीब पांच घंटे तक पूछताछ हुई थी और मामले के जांच अधिकारी ने धनशोधन रोकथाम कानून के तहत उनका बयान दर्ज किया था। सोशल मीडिया पर अपनी टिप्पणी में उन्होंने गुरुवार को लिखा था कि वह 11वीं बार जांच एजंसियों के सामने पेश हो रहे हैं और उनसे 70 घंटे से अधिक की पूछताछ की जा चुकी है।

कांग्रेस में राकांपा के विलय की अटकलें तेज

अजय पांडेय
नई दिल्ली, 31 मई।

लोकसभा चुनाव में मिली करारी शिकस्त के बाद कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख शरद पवार की दिल्ली में हुई मुलाकात के मद्देनजर राकांपा के कांग्रेस में विलय की अटकलें तेज हैं। खुद पवार ने फौरी तौर पर ऐसी किसी संभावना से इनकार किया है लेकिन दिल्ली के सियासी गलियारों में चर्चाओं का बाजार गरमाया हुआ है। वजह यह है कि एक बार पहले भी पवार अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय कर चुके हैं।

1978 में देवराज अर्स की अगुआई में कांग्रेस (अर्स) का गठन हुआ था। इसमें पार्टी के अन्य नेताओं के अलावा शरद पवार भी शामिल थे। पवार 1983 में इस पार्टी के अध्यक्ष बन गए और तब इसका नाम बदलकर कांग्रेस (सोशलिस्ट) कर दिया गया। पवार 1986 तक इस पार्टी के अध्यक्ष रहे लेकिन उससे पहले 1984 में तत्कालीन प्रधामंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुए चुनाव में राजीव गांधी प्रधानमंत्री बने और वर्ष 1986 में महाराष्ट्र के औरंगाबाद में इंडियन कांग्रेस

- **कांग्रेस में अपनी पार्टी का पहले भी विलय कर चुके हैं पवार**
- **1986 में राजीव गांधी की मौजूदगी में कांग्रेस (सोशलिस्ट) का कांग्रेस में विलय किया था पवार ने**

(सोशलिस्ट) अधिवेशन में इसके कांग्रेस में विलय की औपचारिक तौर पर मुहर लगाई गई। राकांपा छोड़ कांग्रेस में आए तारिक अनवर ने पिछले दिनों कांग्रेस में अपनी वापसी को लेकर पूछने पर कहा कि असल में जिस मुद्दे को लेकर राकांपा का गठन हुआ था, वह मुद्दा अब खत्म हो चुका है। दूसरी बात यह कि राष्ट्रीय स्तर पर देश ने हमें कांग्रेस के विकल्प के तौर पर नहीं स्वीकार किया और पार्टी महाराष्ट्र तक सिमट कर रह गई।

अब लोकसभा चुनाव परिणाम में महाराष्ट्र में कांग्रेस व राकांपा गठबंधन के बेहद खराब प्रदर्शन और सूबे में कुछ ही महीने बाद होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर गुरुवार को कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की पवार से उनके निवास पर हुई मुलाकात के बाद राकांपा के कांग्रेस में विलय का शोर बढ़ गया। इससे पहले महाराष्ट्र के प्रभारी कांग्रेस महासचिव मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी के वरिष्ठ नेता अहमद पटेल से मिले थे। पवार से राहुल की मुलाकात को इसलिए भी ज्यादा तवज्जो मिली क्योंकि लोकसभा में हार के बाद 25 मई को कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में इस्तीफे की पेशकश करने वाले राहुल, पवार से पहले किसी भी नेता से नहीं मिले थे।

इस मुलाकात को लेकर खुद शरद पवार ने कहा कि राहुल मेरे आवास आए लेकिन यहां लोकसभा चुनाव के परिणाम और महाराष्ट्र में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा हुई न कि एनसीपी की कांग्रेस के साथ विलय को लेकर। यह सब अफवाह है। कांग्रेस के नेता भी इसे मीडिया की कयासबाजी कह कर खारिज कर रहे हैं लेकिन यह भी कहा जा रहा है कि अगर यह होता है तो इससे राकांपा और कांग्रेस दोनों फायदे में रहेंगे। तब लोकसभा में कांग्रेस की संख्या 51 से बढ़कर 56 हो जाएगी जो कि लोकसभा में विपक्ष का नेता बनने के लिए उपयुक्त है। आगे, कांग्रेस शरद पवार को राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष का पद दे सकती है।

'अभयारण्य की सीमा छह महीने के भीतर तय करें'

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 31 मई।

राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने शुक्रवार को कहा कि हस्तिनापुर वन्यजीव अभयारण्य में वन्यजीवों की प्रजातियों का संरक्षण तब तक संभव नहीं है जब तक उन्हें मानवीय दखल से मुक्त नहीं रखा जाए। एनजीटी ने केंद्र और उत्तर प्रदेश की सरकारों को निर्देश दिया कि वे अभयारण्य की सीमा तय करने के लिए छह महीने के भीतर अधिसूचना जारी करें।

एनजीटी ने कहा कि वन्यजीव संरक्षण कानून की धारा 26 (ए) के तहत अधिसूचना में हो रही अत्यधिक देरी अस्वीकार्य है और इसी वजह से अभयारण्य के भीतर बड़ी संख्या में उद्योग फल-फूल रहे हैं। इनसे वन्यजीवों की विभिन्न प्रजातियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

समिति ने राष्ट्रीय शिक्षा आयोग, पाठ्यक्रम में भारतीय ज्ञान प्रणाली की सिफारिश की

नई दिल्ली, 31 मई (भाषा)।

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के लिए गठित विशेषज्ञ समिति ने मानव संसाधन विकास मंत्रालय से पाठ्यक्रम में भारतीय शिक्षा प्रणाली को शामिल करने, राष्ट्रीय शिक्षा आयोग का गठन और निजी स्कूलों द्वारा मनमाने तरीके से शुल्क बढ़ाने पर रोक लगाने जैसी सिफारिशें की है।

इसरो के पूर्व प्रमुख के कस्तूरीरंगन के नेतृत्व वाली कमेटी द्वारा तैयार नई एनईपी का प्रारूप शुक्रवार को मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक को सौंपा गया। निशंक ने आज ही कार्यभार संभाला। मौजूदा शिक्षा नीति 1986 में तैयार हुई थी और 1992 में इसमें संशोधन हुआ। नई शिक्षा नीति 2014 के आम चुनाव के पहले भारतीय जनता पार्टी के घोषणापत्र का हिस्सा थी। कस्तूरीरंगन के अलावा कमेटी में गणितज्ञ मंजुल भार्गव सहित आठ सदस्य थे।

विशेषज्ञों ने पूर्व कैबिनेट सचिव टीएसआर सुब्रमण्यम की अध्यक्षता वाली एक समिति की रिपोर्ट का भी संज्ञान लिया। मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने इस समिति को बनाया था, उस समय स्मृति ईरानी मंत्रालय का प्रभार संभाल रही थीं। नीति के प्रारूप में कहा गया है, ज्ञान में भारतीय योगदान और ऐतिहासिक संदर्भ को जहां भी प्रासंगिक होगा, उनको मौजूदा स्कूली पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तकों में शामिल किया जाएगा। इसमें कहा गया कि गणित, खगोल शास्त्र, दर्शन, मनोविज्ञान, योग, वास्तुकला, औषधि के साथ ही शासन, शासन विधि, समाज में भारत का योगदान को शामिल किया जाए। प्रारूप में कहा गया है कि निरंतर और नियमित आधार पर देश में शिक्षा के दृष्टिकोण को विकसित करने, मूल्यांकन करने और संशोधन करने के लिए एक नई शीर्ष संस्था राष्ट्रीय शिक्षा आयोग या एनईसी का गठन किया जाए।

कर्नाटक निकाय चुनावों में कांग्रेस को सबसे ज्यादा सीटें

बंगलुरु, 31 मई (भाषा)।

लोकसभा चुनाव में करारी हार के बाद कांग्रेस को कर्नाटक से राहत देने वाली एक खबर मिली और पार्टी ने राज्य में हुए स्थानीय निकाय चुनाव में शुक्रवार को सबसे अधिक सीटें जीतीं। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार 56 शहरी स्थानीय निकायों में कुल 1,221 वार्डों में से कांग्रेस ने 509 वार्डों में जीत हासिल की जबकि भाजपा को 366 स्थानों पर जीत मिली।

अकेले चुनाव लड़ने वाली जद (सेकु) को 174 वार्डों में जीत मिली। 160 वार्डों में निर्दलीय उम्मीदवार विजयी हुए जबकि बसपा को तीन, माकपा को दो और अन्य दलों को सात सीटें मिलीं। सात नगर परिषदों के 217 वार्डों, 30 नगरपालिका परिषदों के 714 वार्डों और 19 नगर पंचायतों के 290 वार्डों के परिणाम घोषित किए गए।

गोहिल ने कांग्रेस के बिहार प्रभारी पद से दिया इस्तीफा

नई दिल्ली, 31 मई (भाषा)।

लोकसभा चुनाव में बिहार में करारी हार की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता शक्ति सिंह गोहिल ने राज्य के प्रभारी पद से इस्तीफा दे दिया है।

पार्टी के उच्च पदस्थ सूत्रों ने एजंसी को बताया कि गोहिल ने कुछ दिन पहले कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी को अपना त्यागपत्र भेजा है। इस्तीफे में गोहिल ने कहा है कि वह बिहार में पार्टी की हार के लिए अपनी नैतिक जिम्मेदारी मानते हैं और पद पर नहीं रहना चाहते।

बिटकॉइन पोंजी घोटाले की जांच के लिए सीबीआइ तैयार

नई दिल्ली, 31 मई (भाषा)।

सीबीआइ ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट से कहा कि वह कई निवेशकों को मोटी रकम मिलने का प्रोलभन देने वाली करोड़ों रुपए की बिटकॉइन पोंजी स्कीम की जांच अपने हाथों में लेने को तैयार है।

'बिटकॉइन' या 'क्रिप्टोकरेंसी' एक डिजिटल मुद्रा है। यह कंप्यूटर नेटवर्किंग पर आधारित होती है। यह भारत में वैध नहीं है। सीबीआइ ने न्यायमूर्ति एमआर शाह और न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना के अवकाश पीठ के समक्ष यह कहा।

अभी भी दो दर्जन मंत्री बनाने की गुंजाइश बाकी | **निरंतरता पर जोर** | **ज्यादातर मंत्रियों के विभागों में बदलाव नहीं**

इस मंत्रिमंडल में फिलहाल किसी बदलाव के आसार नहीं

मनोज मिश्र
नई दिल्ली, 31 मई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुआई में बनी सरकार के मंत्रियों के विभागों के बंटवारे में ज्यादा बदलाव न करके प्रधानमंत्री ने मंत्रियों को फौरन काम पर लग जाने के संकेत दे दिए हैं। बंटवारे में किसी बड़े मंत्रालय का अतिरिक्त कार्यभार किसी मंत्री के पास नहीं देकर उन्होंने यह संकेत भी दे दिया है कि आने वाले दिनों में तुरंत कोई बड़ा बदलाव नहीं होने वाला है। 30 मई को प्रधानमंत्री व 24 कैबिनेट मंत्रियों समेत 58 मंत्रियों ने शपथ ली थी। माना जा रहा है कि अभी करीब दो दर्जन मंत्री बनाए जा सकते हैं।

जिन बड़े नामों को मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किया गया है, उनमें जगत प्रकाश नड्डा को भाजपा अध्यक्ष बनाने की चर्चा है। उनके अलावा जो नाम रह गए हैं उनमें से किसी के फिर से मंत्री बनने की संभावना नहीं दिख रही है। बड़े मंत्रालयों में जो बदलाव किए गए हैं उनमें भाजपा अध्यक्ष को गृह मंत्री बनाना, गृह मंत्री राजनाथ सिंह को रक्षा मंत्रालय देना और रक्षा मंत्री रही निर्मला सीतारमण को पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली के सभी विभाग देना प्रमुख है। पूर्व विदेश सचिव रहे एस जयशंकर को विदेश मंत्रालय बनाया गया। मंत्री पद की शपथ लेने और सुषमा स्वराज के मंत्री नहीं बनने पर ही यह माना जाने लगा था कि प्रधानमंत्री ने उन्हें विदेश मंत्री बनाने के लिए सरकार में शामिल किया है।

ज्यादातर पुराने मंत्रियों के विभाग बरकरार रखे गए हैं। हर्षवर्धन के पास पर्यावरण मंत्रालय का अतिरिक्त कार्यभार था उसे प्रकाश जावडेकर को दिया गया है। जावडेकर को सूचना प्रसारण मंत्रालय भी सौंपा गया है जो पहले राजवर्धन सिंह राठौड़ के पास था। राठौड़ को इस बार मंत्री नहीं बनाया गया है। जगत प्रकाश नड्डा को हर्षवर्धन से लेकर स्वास्थ्य मंत्रालय दिया गया था। अब हर्षवर्धन को उनके पुराने विभागों के साथ स्वास्थ्य मंत्रालय दे दिया गया है। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी को अमेठी में पराजित करने वाली स्मृति ईरानी को उनके पुराने कपड़ा मंत्रालय के अलावा महिला और बाल विकास मंत्रालय सौंपा गया है। पिछली बार महिला और बाल विकास मंत्री रही मेनका गांधी अबकी मंत्री नहीं बनी हैं। उन्हें प्रोटर्म स्पीकर(अस्थायी अध्यक्ष) बनाया गया। लोक सभा अध्यक्ष पर किसकी नियुक्ति होगी, इसका खुलासा अभी नहीं किया गया है। प्रकाश जावडेकर की जगह उत्तराखंड के पूर्व

- **विभागों में ज्यादा बदलाव न करने का भी यही कारण बताया जा रहा है कि नए विभागों के नाम पर काम में देरी होगी, जिसके लिए समय देने को प्रधानमंत्री तैयार नहीं हैं।**
- **भाजपा के संगठन में बदलाव होने वाला है।अमित शाह के गृह मंत्री बनने के बाद तो तय सा हो गया है कि तुरंत नया भाजपा अध्यक्ष बनेगा और फिर संगठन में बदलाव होगा।**

मुख्य मंत्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' नए मानव संसाधन विकास मंत्री (शिक्षा मंत्री) बने हैं। पिछली सरकार में कृषि मंत्री रहे राधा मोहन सिंह को इस बार प्रधानमंत्री ने मंत्री नहीं बनाया है। उनकी जगह नरेंद्र सिंह तोमर को कृषि विभाग दिया गया है, वे अपने बाकी मंत्रालयों के साथ कृषि मंत्रालय का भी काम देखेंगे। उनसे संसदीय कार्य मंत्रालय लेकर नए मंत्री प्रह्लाद जोशी को खान और कोयला मंत्रालय के साथ संसदीय कार्य मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है।

नितिन गडकरी के विभाग में भी बदलाव हुआ है। गंगा सफाई मंत्रालय का नाम बदलकर अब जल शक्ति मंत्रालय किया गया है और उसे गजेंद्र सिंह शेखावत को दिया गया है। गडकरी को उनके बाकी विभागों के साथ मध्यम और लघु उद्योग मंत्रालय दिया गया है। रविशंकर प्रसाग, पीयूष गोयल, रामविलास पासवान,हरसिमरत कौर बादल, थावर चंद्र गहलोत, मुख्तार अब्बास नकवी, धर्मेंद्र प्रधान आदि के विभागों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। स्वतंत्र प्रभार के मंत्रियों में भी पुरानों के विभागों में बदलाव नहीं किया गया है। किरन रिजीजू को राज्य मंत्री के रूप में स्वतंत्र प्रभार देकर युवा और खेल मंत्रालय सौंपा गया है। संतोष गंगवार, राव इंद्रजीत सिंह, राज कुमार सिंह, जितेंद्र सिंह, श्रीपद नायक, हरदीप सिंह पुरी आदि के विभागों में ज्यादा बदलाव नहीं किया गया है। हरदीप पुरी चुनाव हारने के बाद भी मंत्री बनाए गए हैं। संयोग से अमृतसर सीट से पिछली बार पराजित होने वाले अरुण जेटली भी मंत्री बने थे। चर्चा थी कि पश्चिम बंगाल भाजपा की प्राथमिकता में है इसलिए वहां से ज्यादा मंत्री बनेंगे लेकिन इस बार भी दो ही मंत्री बने। एसएस अहलूवालिया इस बार मंत्री नहीं बने।

लोकसभा चुनाव के तुरंत बाद हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखंड और दिल्ली विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं लेकिन मंत्रिमंडल में इन राज्यों को ज्यादा महत्त्व नहीं दिया गया है। शिव सेना कोटे के मंत्री अरविंद सावंत को पिछली बार के मंत्रालय ही दिए गए हैं। पिछली बार उत्तर प्रदेश और बिहार से बड़ी तादात में मंत्री बनाए गए थे।

मंत्रिमंडल का स्वरूप ऐसा बना है कि लगता नहीं कि तुरंत उसमें विस्तार होगा। इसके बजाय भाजपा के संगठन में बदलाव होने वाला है। भाजपा अध्यक्ष अमित शाह के गृह मंत्री बनने के बाद तो तय सा हो गया है कि तुरंत नया भाजपा अध्यक्ष बनेगा और फिर संगठन में बदलाव होगा। भाजपा अध्यक्ष के लिए जगत प्रकाश नड्डा का नाम प्रमुखता से लिया जा रहा है। उनके साथ-साथ भाजपा महासचिव भूपेंद्र यादव के नाम की चर्चा चल रही है। अध्यक्ष तय करने में भी सबसे बड़ी भूमिका प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की ही होगी। नए मंत्रियों ने दनादन कार्यभार लेकर काम करना शुरू कर दिया है। कहा जा रहा है कि ऐसा प्रधानमंत्री के निर्देश पर हो रहा है। विभागों में ज्यादा बदलाव न करने का भी यही कारण बताया जा रहा है कि नए विभागों के नाम पर काम में देरी होगी, जिसके लिए समय देने को प्रधानमंत्री तैयार नहीं हैं।

भारी उथल-पुथल के बीच सूचकांक 118 अंक गिरा

मुंबई, 31 मई (भाषा)।

शेयर बाजारों में शुक्रवार को वैश्विक व्यापार युद्ध और वृहद आर्थिक आंकड़ों से जुड़ी चिताओं पर ध्यान देते हुए निवेशकों का रुख नरम रहा। इसके चलते सूचकांक और निफ्टी गिरकर बंद हुए। भारी उथल-पुथल वाले कारोबारी सत्र में बीएसई सूचकांक करीब 118 अंक गिरकर बंद हुआ। इसकी अहम वजह वाहन और वित्त कंपनियों के शेयर में गिरावट रही। एनएसई का निफ्टी भी 23 अंक लुढ़क कर 12,000 अंक के स्तर से नीचे बंद हुआ। हालांकि, साप्ताहिक आधार पर सूचकांक में 279.4 अंक और निफ्टी में 78.70 अंकों की तेजी रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार में मंत्रालयों के बंटवारे के बीच शेयर बाजार पर अन्य वैश्विक व घरेलू कारकों का दबाव रहा। सूचकांक में दिन के कारोबार में करीब 750 अंकों की उथल-पुथल रही। सूचकांक अंत में 117.77 अंक यानी 0.30 फीसद गिरकर 39,714.20 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सूचकांक एक समय 40,122.34 अंक के दिन के उच्च स्तर पर पहुंच गया। जबकि 39,374.24 अंक तक नीचे भी आया।

एनएसई का निफ्टी भी 23.10 अंक यानी 0.19 फीसद गिरकर 11,922.80 अंक पर बंद हुआ। दिन में कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 12,039.25 अंक और नीचे में 11,829.45 अंक के बीच रहा। सूचकांक की कंपनियों में येस बैंक सर्वाधिक 4.27 फीसद गिरा। अन्य कंपनियों में आईटीसी, वेदांता और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर 3.61 फीसद तक गिरे। एशियन पेंट्स, टीसीएस और एचसीएल टेक के शेयर 2.43 फीसद तक मजबूत हो गए।

कारोबारियों ने कहा कि सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े जारी होने से पहले निवेशकों ने सतर्कता बरती। बीएनपी परिबा के शेयरखान में परामर्श प्रमुख हेमांग जानी ने कहा कि शेयर बाजार इस सप्ताह उतार-चढ़ाव भरे स्तर पर बंद हुए। शुरुआत में बेहतर रुझान के साथ खुलने के बाद सूचकांक अपनी पटरी पर लौट आया और 117 अंक से ज्यादा गिरकर बंद हुआ। निकट अवधि में बाजार की चाल 2018-19 की चौथी तिमाही के जीडीपी वृद्धि आंकड़ों, अप्रैल के बुनियादी क्षेत्र के उत्पादन आंकड़ों और विदेशी मुद्रा विनिमय के आंकड़ों से प्रभावित होगी। प्राथमिक आंकड़ों के अनुसार, गुरुवार को विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने 1664.74 करोड़ रुपए की शुद्ध खरीदारी की। हालांकि घरेलू संस्थान संस्थागत निवेशक 1122.60 करोड़ रुपए के शुद्ध बिकवाल रहे।

कारोबारियों ने कहा कि वैश्विक बाजारों में नरमी के संकेतों से भी घरेलू बाजार में निवेशकों की धारणा पर असर पड़ा। एशियाई बाजार मिश्रित रहे जबकि यूरोपीय बाजारों ने गिरावट में कारोबार की शुरुआत की।

जमानत के लिए नीरव मोदी ब्रिटेन के उच्च न्यायालय पहुंचे

लंदन, 31 मई (भाषा)।

भारत में धोखाधड़ी व मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों में वांछित भगोड़ा हीरा कारोबारी नीरव मोदी ने ब्रिटेन के उच्च न्यायालय में शुक्रवार को जमानत के लिए अर्जी दी।

नीरव मोदी करीब दो अरब डॉलर की धोखाधड़ी व मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों में भारत में वांछित है। क्रॉउन प्रॉसीक्यूशन सर्विस ने कहा कि इस जमानत याचिका पर 11 जून को सुनवाई होगी।

ब्रिटेन की एक अदालत ने नीरव मोदी को गुरुवार को 27 जून तक की हिरासत में भेज दिया। अदालत ने भारत सरकार को 14 दिनों के भीतर यह बताने को कहा था कि यदि नीरव मोदी का प्रत्यर्पण किया गया तो उसे किस जेल में रखा जाएगा।

नीरव मोदी को केंद्रीय लंदन में स्थित मेट्रो बैंक की एक शाखा के प्रत्यर्पण वारंट पर स्कॉटलैंड यार्ड ने 19 मार्च को गिरफ्तार किया था। वह तब से जेल में ही है।

मजबूत वैश्विक संकेतों से सोना तीन सौ रुपए मजबूत

नई दिल्ली, 31 मई (भाषा)।

वैश्विक बाजार में बहुमूल्य धातुओं में तेजी के बीच स्थानीय जौहरियों की लिवाली बढ़ने से दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना शुक्रवार को तीन सौ रुपए बढ़कर 33,170 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया।

अखिल भारतीय सर्राफा संगठन के अनुसार, औद्योगिक इकाइयों और सिक्का ढलावों का उठाव बढ़ने के चलते चांदी के भाव में भी 150 रुपए की तेजी दर्ज की गई। यह 37,550 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई।

कारोबारियों के अनुसार वैश्विक स्थिति स्थिर रहने और स्थानीय सर्राफा व्यवसायियों की लिवाली धारणा से बाजार को समर्थन मिला है। वैश्विक स्तर पर न्यूयॉर्क में सोने का हाजिर भाव 1,297.90 डॉलर प्रति औंस और चांदी का भाव 14.61 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को मैक्सिको से आयात किए जाने वाले सभी सामान पर पांच फीसद का आयात शुल्क लगाने की घोषणा की थी। यह व्यवस्था 10 जून से प्रभावी होना है। इसके चलते निवेशकों द्वारा सोना को सुरक्षित निवेश के रूप में चुनने से भी बाजार प्रभावित हुआ है।

दिल्ली सर्राफा बाजार में 99.9 और 99.5 फीसद की शुद्धता सोना 300-300 रुपए बढ़कर क्रमसे 33,170 और 33,000 रुपए प्रति 10 ग्राम पर रहा। हालांकि आठ ग्राम वजनी सोने की गिन्नी का भाव 26,500 रुपए प्रति इकाई पर बना रहा।

इस बीच, चांदी हाजिर का भाव 150 रुपए की तेजी के साथ 37,550 प्रति किलोग्राम और साप्ताहिक डिलीवरी वाली चांदी का भाव 36,378 प्रति किलोग्राम रहा। चांदी के सिक्कों में जहां एक-एक हजार रुपए की तेजी दर्ज की गई, वहीं सिक्का लिवाल 80,000 और बिकवाल 81,000 रुपए प्रति सैकड़ा रहे।

आरके सिंह ने बिजली मंत्रालय का पदभार संभालने के बाद कहा

सातों दिन 24 घंटे भरोसेमंद और टिकाऊ बिजली मुहैया कराने पर जोर

नई दिल्ली, 31 मई (भाषा)।

नौकरशाह से राजनेता बने आर के सिंह ने शुक्रवार को बिजली और नवीन व नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालयों का पदभार संभाल लिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि टीम मोदी के दूसरे कार्यकाल में सभी को सातों दिन 24 घंटे भरोसेमंद और टिकाऊ बिजली उपलब्ध कराने पर जोर होगा।

कार्यभार संभालने के बाद यहां संवाददाताओं से बातचीत में सिंह ने कहा- हमारा जोर सभी को सातों दिन 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराने पर होगा। हम सभी को भरोसेमंद और टिकाऊ बिजली उपलब्ध कराना चाहते हैं। टिकाऊ से आशय उपभोक्ताओं को होने वाली बिजली आपूर्ति की वाणिज्यिक व्यवहार्यता से है। सौ दिन के एजंडे के बारे में मंत्री ने कहा कि वह जल्दी ही अन्य मंत्रियों के साथ मिलकर इस बारे में जानकारी देंगे। पिछली राजग सरकार ने एक अप्रैल 2019 से सभी को सातों दिन 24 घंटे बिजली देने पर जोर दिया था। सरकार ने इस दिशा में काम भी किया तथा 16,320 करोड़ रुपये की लागत वाली सौभाग्य के तहत 2.6 करोड़ परिवारों को बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराया गया।

नरेंद्र मोदी की अगुआई वाली पहली सरकार में सिंह के पास बिजली और नवीन व नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की जिम्मेदारी थी। उन्होंने सभी घरों को बिजली पहुंचाने की सौभाग्य योजना के क्रियान्वयन में अहम भूमिका निभाई। अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में चुनौतियों के बारे में सिह ने कहा कि वह चुनौती से अवगत हैं और सरकार स्वच्छ ऊर्जा खंड में वृद्धि की गति बनाये रखेगी। पिछले पांच साल में इस क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता मिली हैं। आइएएस अधिकारी रह चुके सिह ने देश की अक्षय ऊर्जा क्षमता बढ़ाने में भी अहम भूमिका निभायी। देश ने 2022 तक अक्षय ऊर्जा क्षमता बढ़ाकर 1,75,000 मेगावाट करने का लक्ष्य रखा है। अप्रैल 2019 तक कुल 78,000 मेगावाट अक्षय ऊर्जा क्षमता सृजित की गई है।

प्रति व्यक्ति आय 10 फीसद बढ़कर 10,534 रुपए महीना

नई दिल्ली, 31 मई (भाषा)।

देश की प्रति व्यक्ति आय मार्च 2019 को समाप्त वित्त वर्ष में 10 फीसद बढ़कर 10,534 रुपए महीना पहुंच जाने का अनुमान है। सरकार के राष्ट्रीय आय पर शुक्रवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। इससे पहले वित्त वर्ष 2017-18 में मासिक प्रति व्यक्ति आय 9,580 रुपए थी।

सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी वित्त वर्ष 2018-19 की सालाना राष्ट्रीय आय और जीडीपी आंकड़े के अनुसार, 'वर्तमान मूल्य पर प्रति व्यक्ति आय 2018-19 में 10 फीसद बढ़कर 1,26,406 रुपए (10,533.83 रुपए मासिक) पहुंच जाने का अनुमान है। वर्ष 2017-18 में यह आंकड़ा 1,14,958 रुपए वार्षिक(9,579.83 रुपए मासिक) था।' प्रति व्यक्ति आय देश की समृद्धि का स्वाभाविक संकेतक है। वर्तमान मूल्य पर सकल राष्ट्रीय आय (जीएनआई) 2018-19 में 11.3 फीसद बढ़कर 188.17 लाख करोड़ रुपए रहने का अनुमान है, जो इससे पूर्व वित्त वर्ष में 169.10 लाख करोड़ रुपए थी। कृषि और विनिर्माण क्षेत्रों के कमजोर प्रदर्शन से देश की सकल घरेलू उत्पाद 2018-19 वृद्धि चौथी तिमाही में 5.8 फीसद रही। पिछले पांच साल के दौरान चौथी तिमाही में यह सबसे कम वृद्धि रही है।

इससे पहले सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि 2014-15 के बाद सबसे कम है। इससे पहले 2013-14 में वृद्धि दर सबसे कम 6.4 फीसद रही थी। पूरे वित्त वर्ष की यदि बात की जाए तो 2018-19 में आर्थिक वृद्धि दर 6.8 फीसद रही, जो इससे पूर्व वित्त वर्ष में 7.2 फीसद थी।

इस साल की पहली तिमाही में केरल आने वाले पर्यटकों की संख्या 6.82 फीसद बढ़ी

तिरुवनंतपुरम, 31 मई (भाषा)।

इस साल जनवरी-मार्च के बीच केरल आने वाले पर्यटकों की संख्या में 6.82 फीसद की वृद्धि दर्ज की गई। यह दिखाता है कि राज्य पिछले साल आई विनाशकारी बाढ़ से आगे निकल चुका है।

इस साल की पहली तिमाही में राज्य में आने वाले कुल (घरेलू व विदेशी) पर्यटकों की संख्या 46,12,937 रही। पिछले साल की इसी तिमाही में कुल 43,18,406 पर्यटक केरल आए थे। यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस साल जनवरी-मार्च की तिमाही में 41,90,468 घरेलू पर्यटक राज्य में आए। वहीं वर्ष 2018 की पहली तिमाही में यह आंकड़ा 38,77,712 पर्यटकों का रहा था। नया आंकड़ा राज्य में आई बेहतरी को दिखाता है। इस तरह राज्य आने वाले घरेलू पर्यटकों की संख्या में 8.07 फीसद की वृद्धि दर्ज की गई है। हालांकि, विदेशी पर्यटकों की संख्या में 4.14 फीसद की कमी दर्ज की गई है।

देश की पहली पूर्णकालिक महिला वित्त मंत्री बनीं सीतारमण

अनुराग ठाकुर ने संभाला वित्त राज्य मंत्री का कार्यभार

नई दिल्ली, 31 मई (भाषा)। निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को देश की पहली पूर्णकालिक महिला वित्त मंत्री बनकर एक बार फिर इतिहास रचा। वित्त मंत्री के तौर पर उन्हें आर्थिक नरमी, रोजगार सृजन, फंसे कर्ज को काबू में लाने और निवेश बढ़ाने की चुनौती से निपटना होगा।

सीतारमण ने इससे पहले भी इतिहास रचा जब उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली पिछली सरकार में पूर्णकालिक रक्षा मंत्री का कार्यभार संभाला। मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में अब वह वित्त मंत्रालय का जिम्मा संभालेंगी। यह पहला मौका है जब किसी महिला को पूर्णकालिक वित्त मंत्री बनाया गया है। इससे पहले, प्रधानमंत्री रहते हुए इंदिरा गांधी ने 1970-71 में वित्त मंत्रालय का अतिरिक्त कार्यभार संभाला था।

साठ साल की सीतारमण ने अरूण जेटली का स्थान लिया है। जेटली ने इस हफ्ते की शुरुआत में प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर कहा था कि वह स्वास्थ्य कारणों से मंत्री पद पर नहीं बने रहना चाहते। उन्होंने ऐसे समय वित्त मंत्रालय का जिम्मा संभाला है जब अर्थव्यवस्था नरमी, निर्यात में गिरावट और फंसे कर्ज की समस्या से जूझ रही है। जेटली के मातहत काम कर चुकी सीतारमण 2014 में वित्त राज्यमंत्री और वाणिज्य मंत्रालय मे स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री रह चुकी हैं। उसके बाद सितंबर 2017 में वह रक्षा मंत्री बनी।

पबजी खेलने के दौरान दिल का दौरा पड़ने से बच्चे की मौत

नीमच (मप्र) 31 मई (भाषा)।

मोबाइल फोन पर लगातार छह घंटे तक पबजी खेलने और इसमें हारने के बाद दिल का दौरा पड़ने से 16 वर्ष के एक किशोर की मौत हो गई।

मरने वाले किशोर के पिता हारुन कुरैशी ने शुक्रवार को बताया कि उनका बेटा फुरकान 26 मई की रात को दो बजे तक पबजी खेल रहा था। फिर 27 मई को सुबह उठकर वह लगातार छह घंटे तक पबजी खेलता रहा। बाद में 'ब्लास्ट कर', 'ब्लास्ट कर' चिल्लाने लगा और फिर उसकी मौत हो गई।

- दिल का दौरा पड़ने के बाद बच्चे को नर्सिंग होम लाया गया परंतु यहां आने से पहले ही उसकी हृदय गति बंद हो चुकी थी
- परिजनों की तरफ से पुलिस को कोई सूचना नहीं दी गई है कि बालक की मौत किसी गेम की वजह से हुई है

उन्होंने बताया कि फुरकान बेहद सक्रिय बच्चा था। कुरैशी ने बताया कि वह अजमेर के निकट नसीराबाद में रहते हैं और परिवार के साथ नीमच में एक सगाई में शामिल होने आए थे, तभी यह घटना हुई। नीमच के हृदय रोग चिकित्सक डॉ. अशोक जैन ने कहा कि दिल का दौरा पड़ने के बाद बालक को नर्सिंग होम लाया गया परंतु यहां आने से पहले ही उसकी हृदय गति बंद हो चुकी थी। उन्होंने बताया कि फिर भी बालक को इलेक्ट्रिक शॉक दिया गया और दिल की पंपिंग शुरू करने का इंजेक्शन भी दिया गया, लेकिन वह मर चुका था।

कोतवाली पुलिस थाने के प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि परिजनों की तरफ से इस मामले में पुलिस को कोई सूचना नहीं दी गई है कि बालक की मौत किसी गेम की वजह से हुई है। इसलिए पुलिस इस मामले में किसी प्रकार की जांच नहीं कर रही है। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. विपुल गर्ग ने कहा कि गेम खेलते खेलते बच्चे अपने आपको उस से जोड़ लेते हैं और अत्याधिक आवेश में अक्सर दिल का दौरे के शिकार हो जाते हैं।

बंगलुरु रेलवे स्टेशन पर संदिग्ध वस्तु मिलने से दहशत

बंगलुरु, 31 मई (भाषा)।

शहर के एक रेलवे स्टेशन के भीतर पटरी के पास हथगोले की तरह की धातु की एक गोलाकार वस्तु मिलने के बाद यात्रियों में दहशत फैल गई। पुलिस ने बताया कि प्लेटफार्म नंबर एक पर पटरी के पास धातु की एक गोलाकार वस्तु मिलने के बाद रेलवे सुरक्षा नियंत्रण कक्ष को जैसे ही इसकी सूचना मिली, रेलवे सुरक्षा बल और रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी तुरंत हरकत में आए और इलाके की घेराबंदी कर दी।

बम निरोधक दस्ता के पहुंचने और संदिग्ध वस्तु को अपने कब्जे में लेने तक कैंपे गौड़ा रेलवे स्टेशन पर दहशत की स्थिति रही। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (रेलवे) आलोक मोहन ने बताया, 'प्लेटफॉर्म नंबर एक पर रेलवे लाइन के पास धातु की गोलाकार वस्तु मिली। जांच करने के लिए जीआरपी (राजकीय रेलवे पुलिस) और आरपीएफ कर्मी वहां पहुंचे।' उन्होंने संवाददाताओं से कहा, 'बम निरोधक दस्ता के साथ कर्मी वहां पहुंचे क्योंकि कोई जोखिम नहीं लेना चाहते थे। वस्तु को वहां से हटा दिया गया और हम जांच कर रहे हैं।' क्या यह संदिग्ध सामान ग्रेनेड था, इस पर उन्होंने कहा, 'यह गोलाकार वस्तु है। हम देख रहे हैं कि यह धातु का है या प्लास्टिक का है।'

कई भाजपा नेताओं ने की सरकार में वापसी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 31 मई।

राजनीतिक सुर्खियों से दूर रहे भाजपा के कई नेताओं को मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में शामिल किया गया है और इसे एक तरह से उनकी सियासी वापसी कहा जा सकता है। अर्जुन मुंडा और रमेश पोखरियाल 'निशंक' (दोनों पूर्व मुख्यमंत्री) को कैबिनेट में जगह मिली है, जबकि कई वर्ष तक राजनीतिक नेपथ्य में रहे पार्टी के वरिष्ठ सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल व फग्गन सिंह कुलस्ते को भी मंत्री पद की जिम्मेदारी दी गई है। पांच बार सांसद रहे पटेल अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में मंत्री थे, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने अपने पहले कार्यकाल में उन्हें नजरअंदाज किया था, जबकि छह बार सांसद रहे कुलस्ते को भी शामिल नहीं किया था।

सबसे प्रमुख नाम तीन बार झारखंड के मुख्यमंत्री रहे मुंडा और पोखरियाल का है। मुख्यमंत्री के तौर पर मुंडा का आखिरी कार्यकाल 2010 से 2013 तक था, जबकि पोखरियाल 2011 में अनौपचारिक ढंग से उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पद से हटा दिए गए थे। दोनों पहले मोदी सरकार के सदस्य नहीं थे। 2014 में झारखंड में विधानसभा चुनाव हारने के बाद मुंडा पार्टी में हाशिए पर चले गए थे। भाजपा ने इसके बाद रघुबर दास को राज्य का मुख्यमंत्री चुना। मुंडा ने इस बार खूंटी लोकसभा सीट से महज एक हजार मतों के अंतर से चुनाव जीता। राज्य में इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होने हैं और मुंडा

सबसे प्रमुख नाम तीन बार झारखंड के मुख्यमंत्री रहे मुंडा और पोखरियाल का है। मुख्यमंत्री के तौर पर मुंडा का आखिरी कार्यकाल 2010 से 2013 तक था, जबकि पोखरियाल 2011 में अनौपचारिक ढंग से उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पद से हटा दिए गए थे।

को आदिवासी कल्याण विभाग के इनाम से नवाज कर भाजपा को आंकड़ों में मजबूत अनुसूचित जाति की बड़ी आबादी को अपने पाले में करने की उम्मीद है।

कई आरोप लगने के बाद पोखरियाल की जगह बीसी खंडूरी को मुख्यमंत्री बनाया गया। उन्हें राज्य की राजनीति से दूर ही रखा गया और 2014 में लोकसभा चुनाव में चुनाव मैदान में उतारा गया। उन्होंने 2014 के चुनाव में जीत हासिल की, हालांकि उन्हें मंत्री पद नहीं मिली। 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के सत्ता में वापसी करने के बाद उन्हें मुख्यमंत्री पद का दावेदार समझा जा रहा था। अब उन्हें केंद्र में मानव संसाधन विकास मंत्रालय दिया गया है, जो इस बात के संकेत हैं कि पार्टी को पोखरियाल की जरूरत है। ज्योतिषशास्त्र और पारंपरिक चिकित्सा सहित प्राचीन भारतीय विधाओं में दक्ष पोखरियाल सरकार के शिक्षा एजंडा को आगे बढ़ाएंगे।

समझा जाता है कि उमा भारती की जगह भरने के लिए भाजपा मध्य प्रदेश से सांसद पटेल को लेकर आई, क्योंकि दोनों ही पिछड़ी जाति के लोध समुदाय से आते हैं। पटेल वाजपेयी सरकार में मंत्री थे, लेकिन 2006 में वह भाजपा से अलग होकर अपनी पार्टी बनाने वाली भारती के साथ चले गए। जमीनी स्तर के नेता माने जाने वाले पटेल अपनी राजनीतिक गुरु उमा भारती की तरह ही फिर से भाजपा में शामिल हो गए, लेकिन केंद्र सरकार में वापसी के लिए उन्हें एक दशक का इंतजार करना पड़ा। उन्हें संस्कृति व पर्यटन जैसे अहम विभाग का स्वतंत्र प्रभार दिया गया है। मध्य प्रदेश के ही आदिवासी नेता कुलस्ते को मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में शामिल किया गया था, हालांकि बाद में उन्हें हटा दिया गया। इसी तरह की किस्मत उत्तर प्रदेश के जाट नेता संजीव बालियान की रही।

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड

(भारत सरकार का प्रतिष्ठान)

पंजीकृत कार्यालय: प्रथम तल, कोर-4ए, ईस्ट कोर्ट, भारत पर्यावास केंद्र, लोधी रोड, नई दिल्ली - 110003; वेबसाइट: www.ireda.in

इरेडा IREDA

31.03.2019 को वित्तीय परिणाम

(रु. करोड़ में)

क्र. सं.	विवरण	समाप्त वर्तमान वर्ष 31.03.19 (लेखापरीक्षित)	समाप्त पिछला वर्ष 31.03.18 (लेखापरीक्षित)
1	प्रचालनों से कुल आय	2,022.79	1,813.18
2	अवधि के लिए निवल लाभ (+)/हानि (-) (कर, अपवादात्मक और/या अतिविशिष्ट मदों से पूर्व)	385.63	538.97
3	कर पूर्व अवधि के लिए निवल लाभ (+)/हानि (-) (अपवादात्मक और/या अतिविशिष्ट मदों के बाद)	311.30	538.97
4	कर पश्चात अवधि के लिए निवल लाभ (+)/हानि (-) (अपवादात्मक और/या अतिविशिष्ट मदों के बाद)	244.13	370.44
5	अवधि के लिए कुल व्यापक आय	150.90	363.35
6	प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी	784.60	784.60
7	आरक्षित (पुनर्मूल्यांकन आरक्षित को छोड़कर)	1,779.17	1,628.23
8	निवल मूल्य	2,563.77	2,412.83
9	प्रदत्त ऋण पूंजी/बकाया ऋण	18,752.92	14,992.93
10	बकाया विमोचनीय अधिमान शेयर	-	-
11	ऋण इक्विटी अनुपात	7.31	6.21
12	प्रति शेयर अर्जन (रु. 10/- प्रत्येक) (वार्षिकीकृत रु. में)		
	1.मूल	3.11	4.72
	2. तनुकृत	3.11	4.72
13	पूंजी विमोचन आरक्षित	-	-
14	ऋणपत्र विमोचना आरक्षित	212.81	166.52

टिप्पणियां:

क) कम्पनी ने वित्तीय वर्ष 2018-19 से भारतीय लेखाकरण मानक (इंड एएस) अपनाया है और तद्नुसार पारगमन की प्रभावी तिथि 01.04.2017 है। वित्तीय विवरणों को कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के साथ पठित इसके अधीन जारी संगत नियमों के अंतर्गत निर्धारित इंड एएस के गणना एवं मापक सिद्धांतों के अनुरूप तैयार किया गया है। भारतीय लेखाकरण मानक 101-भारतीय लेखाकरण मानक का पहली बार अंगीकरण की आवश्यकताओं के अनुपालन में 01.04.2017 को प्रारंभिक आरक्षित में पारगमन के प्रभाव की गणना की गई है। पिछले जीएएपी के अंतर्गत तैयार किये गये संगत अवधि के लिए परिणामों को इंड एएस के अनुसार पुन: वर्णित किया गया है।

ख) सेबी (एलओडीआर) विनियमों के अंतर्गत अपेक्षित अनुसार, परिणामों को एससीए द्वारा 11.10.2018 को अधिसूचित कम्पनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची-II के खण्ड-III में शामिल प्रारूप के आधार पर तैयार किया गया है और इन परिणामों में प्रस्तुत किये गये संगत तुलनात्मक आंकड़ों को वर्तमान अवधि प्रस्तुतिकरण की पुष्टि के लिए पुन: समूहित/पुन: वर्गीकृत किया गया है।

ग) उपर्युक्त परिणामों को क्रमश: 29.05.2019 और 30.05.2019 को हुई अपनी संबंधित बैठकों में निदेशकों की लेखापरीक्षा समिति द्वारा समीक्षा और अनुशंसित किया गया है तथा निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया है। 31.03.2019 को समाप्त वर्ष के लिए परिणाम सांविधिक लेखापरीक्षकों - मैसर्स जैन चोपड़ा एंड कं., चार्टर्ड एकाउंटेंट्स द्वारा लेखापरीक्षा के अधीन हैं।

घ) सौर विद्युत प्लांट की आय को केरल राज्य विद्युत विनियामक आयोग (केएसईआरसी) निर्धारित रु. 3.83 प्रति यूनिट टैरिफ पर उपार्जित आधार पर गणना एवं हिसाब में लिया गया है।

ङ) आरबीआई ने अपने परिपत्र सं. डीएनबीआर (पीडी) सीसी. नं. 092/03.10.001/2017-18 दिनांक 31.05.2018 के माध्यम से सभी सरकारी एनबीएफसी के लिए अब तक उपलब्ध छूट को वापिस ले लिया है। कथित परिपत्र में 31 मार्च 2019 के तुलनपत्र के लिए सभी सरकारी एनबीएफसी द्वारा पालन करने हेतु आय की गणना, परिसम्पत्ति वर्गीकरण और प्रावधान की आवश्यकताएं निर्धारित की गई हैं। तद्नुसार 31 मार्च, 2019 को समाप्त अवधि के लिए परिणामों में लेखा जिसके लिए परिपत्र के अनुसार अपेक्षित बकाये (120 से अधिक दिनों से लंबित) का भुगतान नहीं किया गया है, उसे एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया गया है और इसी अनुसार प्रावधान किया गया है।
आरबीआई द्वारा अपने परिपत्र दिनांक 31.05.2018 द्वारा विवेकपूर्ण मानदंडों की छूट वापस लिये जाने के परिणामस्वरूप रु. 74.33 करोड़ की पुनर्निर्धारित राशि के संबंध में सृजित निधिपोषित ब्याज मियादी ऋण को लाभ एवं हानि खाते में शीर्षक "छूट मद" के अंतर्गत तकनीकी रूप से बट्टे खाते एवं वर्णित किया गया है।

च) अवधि के दौरान, कम्पनी ने 61 दिनों की परिपक्वता अवधि (29.10.2018 को परिपक्वता) के लिए आईएलएंडएफएस द्वारा जारी कॉमर्शियल पेपर में रु. 70 करोड़ के विमोचनीय मूल्य के साथ रु. 68.99 करोड़ का निवेश किया है। यद्यपि, कम्पनी परिपक्वता तिथि को कॉमर्शियल पेपर के भुगतान प्रक्रिया की अपनी प्रतिबद्धता को पूरा नहीं कर सकी। इस मामले को समूह द्वारा एनसीएलएटी और एनसीएलएटी के माध्यम से अंतरिम आदेश दिनांक 15.10.2018 के माध्यम से संदर्भित किया गया है कि कम्पनी/इसकी 348 समूह इकाईयों के खिलाफ किसी भी बैंक/संस्था द्वारा कोई भी वसूली की कार्यवाही रोक दी गई है। यद्यपि, एनसीएलएटी के निर्णय के लंबित रहने तक, 31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के लिए लेखा बहियों में कथित कॉमर्शियल पेपर के कथित राशि का प्रावधान किया गया है।

छ) पिछले जीएएपी और इंड एएस के अंतर्गत दर्ज किये गये आंकड़ों के बीच निवल लाभ का मिलान निम्नानुसार है:

(रु. करोड़ में)

विवरण	31 मार्च, 2018
आईजीएएपी के अनुसार लाभ	393.20
दिये गये ऋणों पर फ्रंट शुल्क का समायोजन	(22.82)
डेरीवेटिव इंस्ट्रूमेंट के परिवर्तनों का अंकित मूल्य	51.02
बांड पर लेनदेन लागत का समायोजन	2.46
विदेशी मुद्रा ऋणों के विनिमय अर्जन/हानि का पुन:विवरण	(53.09)
ओसीआई को परिभाषित हितलाभ योजनाओं पर बीमांकिक अर्जन/हानि का पुन: वर्गीकरण	0.87
वेतन के लिए प्रावधान का पूर्व अवधि समायोजन	(0.22)
लेनदेन लागत एवं फ्रंट एंड शुल्कों पर अतिरिक्त आस्थगित कर	(0.73)
ओसीआई को परिभाषित हितलाभ योजना पर आस्थगित कर का पुन: वर्गीकरण	(0.25)
इंड एएस के अनुसार लाभ	370.44
अन्य व्यापक आय	0
परिभाषित हितलाभ योजनाओं का पुन:मापन	(0.87)
परिभाषित हितलाभ योजनाओं के पुन:मापन पर आस्थगित कर	0.25
कैश लो हेज का प्रभावी भाग	(6.47)
इंड एएस के अनुसार कुल अन्य व्यापक आय	363.35

ज) पूर्ण जीएएपी और इंड एएस के अंतर्गत 31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष और 1 अप्रैल 2017 के लिए इक्विटी पुनर्मिलान निम्नानुसार है:

(रु. करोड़ में)

विवरण	31 मार्च 2018	1 अप्रैल, 2017
इक्विटी शेयर पूंजी	784.60	784.60
अन्य इक्विटी	1,751.98	1,725.41
कुल इक्विटी (आईजीएएपी के अनुसार शेयरधारक निधि)	**2,536.58**	**2,510.01**
समायोजन:		
बांडों पर समायोजित लेनदेन लागत पर आस्थगित कर	(1.29)	(0.57)
गैरपरिशोधित लेनदेन लागत	1.96	1.96
प्रस्तावित लाभांश	21.84	25.50
प्रस्तावित लाभांश पर कॉर्पोरेट लाभांश कर	4.45	5.19
ऋणों/जमाओं के पुन:विवरण पर विदेशी विनिमय अर्जन/(हानि)	18.06	71.16
डेरिवेटिव अनुबंधों पर बाजार मूल्यांकन के लिए मार्क पर अर्जन/(हानि)	(44.07)	(95.09)
दिये गये ऋणों के ईआईआर का समायोजन	(22.82)	-
ईआईआर प्रक्रिया के अनुसार बांडों पर परिशोधित अवधि से अधिक लेनदेन लागत का व्युत्क्रमण	2.46	-
कर्मचारी हितलाभ व्यय में पूर्व अवधि समायोजन	(0.22)	-
डेरिवेटिव कम्पोनेंट को हटाने के लिए विदेशी मुद्रा मौद्रिक मद परिवर्तन में समायोजन	(2.48)	-
कैश लो हेज का प्रभावी हिस्सा	(101.64)	(95.16)
कुल समायोजन	(123.76)	(87.01)
इंड एएस के अनुसार कुल इक्विटी (शेयरधारक निधि)	**2,412.83**	**2,423.00**

झ) कम्पनी ने ऋण पोर्टफोलियों का मूल्यांकन किया है और ऋणों की एक समान समूहीकरण पर आधारित ऋण या पोर्टफोलियो स्तर पर ईसीएल मूल्यांकन के उच्च और आरबीआई मानकों पर अपनी ऋण परिसम्पत्तियों पर हानि भत्ता सृजित किया है।

ञ) 31.03.2019 को संचयी हानि छूट (मानक ऋण सहित) रु. 658.27 करोड़ पहुंच गई है।

विवरण	31.03.2019 (रु. करोड़ में)
क्रेडिट हानि ऋण परिसम्पत्तियां	1308.47
हानि भत्ता बनाए रखा	500.89
हानि भत्ता कवरेज %	38.28

ट) 01.04.17 को या उसके बाद नये ऋणों की स्वीकृति पर प्राप्त फ्रंट एंड शुल्कों के संबंध में इंड-एएस द्वारा अपेक्षित अनुसार ब्याज की प्रभावी दर का प्रभाव वार्षिक लेखाओं में दिया जाएगा।

ठ) कम्पनी का मुख्य व्यवसाय नवीकरणीय ऊर्जा एवं ऊर्जा दक्षता परियोजनाओं के लिए वित्त प्रदान करना है और तद्नुसार, इंड एएस 108 परिचालन खण्ड के अनुसार कोई भी रिपोर्ट देने योग्य खण्ड नहीं है।

ड) उपरोक्त सेबी (सूचीयन एवं अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 52 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंज के साथ दाखिल वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रपत्र का एक सार है। वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप कम्पनी और बाम्बे स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

ढ) सेबी (सूचीयन एवं अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 52(4) के उपबंध (क),

विश्व कप -2019

जनसत्ता
महासमर

1 जून, 2019 20



वार्नर फिट हुए तो करेंगे पारी की शुरुआत : लैंगर

आस्ट्रेलियाई कोच जस्टिन लैंगर सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर को लेकर कोई जोखिम नहीं लेना चाहते। यही कारण है कि वे चाहते हैं कि वार्नर पूरी तरह फिट हों तभी उनसे पारी की शुरुआत कराई जाए। उन्होंने कहा कि बाएं हाथ का यह बल्लेबाज अगर पूरी तरह फिट हुआ तभी अफगानिस्तान के खिलाफ शनिवार को विश्व कप के अपने पहले मुकाबले में खेलेगा।

कैरेबियाई गेंदबाजों ने पाकिस्तान को 105 पर किया ढेर

विंडीज ने 13.4 ओवर में जीता मैच

नॉटिंघम, 31 मई (भाषा)।

तेज गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद क्रिस गेल के तूफानी अर्धशतक की मदद से वेस्ट इंडीज ने पाकिस्तान को 218 गेंद शेष रहते सात विकेट से हराया। पाकिस्तान को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित करने के बाद वेस्ट इंडीज ने शॉर्ट पिच गेंदों से कहर बरपाया। पाक की पूरी टीम केवल 21.4 ओवर में 105 रन पर ढेर हो गई। वेस्ट इंडीज ने 13.4 ओवर में तीन विकेट पर 108 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की।

गेल ने 34 गेंदों पर छह चौकों और तीन छक्कों की मदद से 50 रन बनाए। निकोलस पूरण 19 गेंदों पर 34 रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान की यह वनडे मैचों में लगातार 11वीं हार है। इस पूरे मैच में केवल 212 गेंदें फेंकी गईं।

वेस्ट इंडीज के तेज गेंदबाजों ने बड़ी जीत की नींव रखी। पाकिस्तान के केवल चार बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंचे। उसके आखिरी छह बल्लेबाज 5.3 ओवर के अंदर पवेलियन लौटे। पाकिस्तान का यह विश्व कप में दूसरा न्यूनतम स्कोर है। इससे पहले 1992 में इंग्लैंड के खिलाफ एडिलेड में उसकी टीम 74 रन पर आउट हो गई थी।

वेस्ट इंडीज की तरफ से सभी विकेट तेज गेंदबाजों ने लिए। थॉमस ने 27 रन देकर चार और कप्तान जैसन होल्डर ने 42 रन देकर तीन विकेट लिए। आंद्रे रसेल ने तीन ओवर में चार रन देकर दो विकेट हासिल कर पाकिस्तान का शीर्ष क्रम झकझोरा। शेल्डन कोटरेल ने 18 रन के एवज में एक विकेट हासिल किया। विकेटकीपर शाई होप ने चार कैच लिए।

बेहतरीन फॉर्म में चल रहे होप हालांकि अच्छी लय में दिखने के बावजूद केवल 11 रन बनाकर मोहम्मद आमिर (26 रन देकर तीन) की गेंद पर कैच दे बैठे। स्पॉट फिक्सिंग के लिए पांच साल का प्रतिबंध लगने कारण पिछले दो विश्व कप में नहीं खेल पाने वाले आमिर ने इसके बाद डेरेन ब्रावो (शून्य) को भी पवेलियन भेजा। हालांकि गेल ने अपने सदाबहार अंदाज में बल्लेबाजी की।

गेल ने शुरू में हसन अली को निशाने पर रखा। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने उनके पहले ओवर में लगातार दो चौके लगाए और फिर इसी गेंदबाज के अगले ओवर में दो छक्के जड़े। गेल ने आमिर की गेंद पर हवा में कैच लहराने से पहले अपना 52वां वनडे अर्धशतक पूरा किया।

इसके बाद पूरण ने बखूबी जिम्मा संभाला और रियाज पर दो छक्के लगाए। पूरण ने इसके अलावा चार चौके भी लगाए। शिमरोन हेटमेयर सात रन बनाकर नाबाद रहे। इससे पहले पाकिस्तान की तरफ से फखर जमां और बाबर आजम दोनों ने 22-22 रन बनाए। उनके अलावा रियाज (18) और मोहम्मद हफीज (16) ही दोहरे अंक में पहुंचे। ऐसा नहीं था कि ट्रेंटब्रिज की पिच में कुछ गड़बड़ी थी। इंग्लैंड ने पिछले साल आस्ट्रेलिया के खिलाफ इसी मैदान पर छह विकेट पर 481 रन बनाए थे और हाल में पाकिस्तान ने भी यहां एक मैच में सात विकेट पर 340 रन बनाए लेकिन आज वह बमुश्किल तिहरे अंक में पहुंच पाया।

40 छक्कों के साथ विश्व कप के सिक्सर किंग बने क्रिस गेल

37 छक्के लगाने वाले एबी डिविलियर्स का रेकार्ड तोड़ा

34 गेंद में तीन छक्कों की मदद से खेली 50 रन की पारी

अर्धशतकीय पारी के दौरान वेस्ट इंडीज के क्रिस गेल।

तेज गेंदबाजों ने कहर बरपाया

वेस्ट इंडीज की तरफ से सभी विकेट तेज गेंदबाजों ने लिए। थॉमस ने 27 रन देकर चार और कप्तान जैसन होल्डर ने 42 रन देकर तीन विकेट लिए। आंद्रे रसेल ने तीन ओवर में चार रन देकर दो विकेट हासिल कर पाकिस्तान का शीर्ष क्रम झकझोरा। शेल्डन कोटरेल ने 18 रन के एवज में एक विकेट हासिल किया। विकेटकीपर शाई होप ने चार कैच लिए।

आस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान का आमना-सामना आज

लंदन, 31 मई (भाषा)।

पांच बार की चैंपियन आस्ट्रेलियाई टीम विश्व कप में शनिवार को अफगानिस्तान के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी। इस मुकाबले में सभी की निगाहें स्टीवन स्मिथ और डेविड वार्नर पर टिकी होंगी। आस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाजों पर गेंद से छेड़खानी मामले में एक साल का प्रतिबंध लगाया गया था। लेकिन, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के बाद से दोनों शानदार फॉर्म में हैं।

विश्व कप से ठीक पहले इंडियन प्रीमियर लीग में वार्नर ने सर्वाधिक 692 रन बनाए। वहीं स्मिथ ने इंग्लैंड के खिलाफ अभ्यास मैच में शतक जमाया। गत चैंपियन टीम के लिए पिछला साल उतार चढ़ाव से भरा रहा लेकिन आरोन फिंच की अगुआई में वह सही समय पर फॉर्म में लौटी है। इस बार भी वह खिताब के प्रबल दावेदारों में से है।

आस्ट्रेलिया के पास पैट कमिंस और मिशेल स्टार्क जैसे तेज गेंदबाज हैं जिनका साथ देने के लिए जासन बेहरेनडोर्फ, नाथन कूल्टर नाइल और केन रिचर्डसन होंगे। स्पिनर एडम जाम्पा और नाथन लियोन गेंदबाजी को विविधता देते हैं। उन्होंने इंग्लैंड और श्रीलंका के खिलाफ अभ्यास मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया।

दूसरी ओर अफगानिस्तान का यह दूसरा विश्व कप है। सहायक देश से पूर्णकालिक क्रिकेट देश का दर्जा पाने की अफगानिस्तान की कहानी परीकथा जैसी है। विश्व कप से दो महीने पहले अफगानिस्तान टीम का कप्तान बदला गया। असगर अफगान की जगह गुलबदन नायब को कप्तान बनाया गया जिससे टीम के सीनियर खिलाड़ी खफा हो गए थे। अब हालांकि टीम का पूरा फोकस विश्व कप पर है।

मुख्य चयनकर्ता दौलत खान अहमदजइ ने कहा कि गुलबदन ने कहा है कि वह विश्व कप में असगर के अनुभव का पूरा इस्तेमाल करेंगे। अब टीम एकजुट है। इस तरह के बदलाव टीम में होते हैं। अफगानिस्तान ने अभ्यास मैच में पाकिस्तान को हराकर अपने तेवर जाहिर कर दिए थे। अहमदजइ ने कहा कि 2015 विश्व कप में टीम में राशिद और मुजीब नहीं थे लेकिन इस बार हमारी टीम मजबूत है और हम उलटफेर जरूर करेंगे।

मैच का समय

शाम छह बजे से

फॉर्म से जूझ रही श्रीलंकाई टीम के सामने न्यूजीलैंड की चुनौती

लंदन, 31 मई (भाषा)।

चार साल पहले उपविजेता रही न्यूजीलैंड टीम विश्व कप में अपने अभियान का आगाज खराब फॉर्म से जूझ रही श्रीलंका के खिलाफ कार्डिफ में करेगी। छह बार सेमी फाइनल में हारने के बाद कीवी टीम 2015 में विश्व कप फाइनल में पहुंची। लेकिन, आस्ट्रेलिया ने उसका खिताब जीतने का सपना तोड़ दिया।

इसके बाद ब्रेंडन मैकुलम की जगह केन विलियमसन कप्तान बनाए गए लेकिन 2015 की टीम में ज्यादा बदलाव नहीं हुआ है। पिछले विश्व कप के बाद से टीम विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंची लेकिन दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और भारत ने उसे उसकी धरती पर हराया।

विश्व कप से पहले अभ्यास मैच में न्यूजीलैंड ने भारत को हराया लेकिन दूसरे मैच में वेस्ट इंडीज से हार गया। न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स फ्रेंकलिन को यकीन है कि कीवी टीम पहली बार विश्व कप जीत सकती है।

उन्होंने कहा कि न्यूजीलैंड के बारे में कोई बहुत ज्यादा बात नहीं कर रहा है जो अच्छा है। हम अंडरडॉग साबित हो सकते हैं। मुझे यकीन है कि यह टीम विश्व कप जीत सकती है। रोस टेलर शानदार फॉर्म में हैं और पिछले साल 90 से अधिक की औसत से रन बनाए। वहीं विलियमसन और मार्टिन गुप्टिल भी खतरनाक बल्लेबाज हैं।

मैच का समय

शाम तीन बजे से

मोर्गन ने की अपने खिलाड़ियों की तारीफ

लंदन, 31 मई (भाषा)।

इंग्लैंड के कप्तान इयोन मोर्गन अपने खिलाड़ियों के प्रदर्शन से खुश हैं। टीम विश्व कप के पहले मुकाबले में उम्मीद के मुताबिक बड़ा स्कोर खड़ा नहीं कर सकी। लेकिन, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कम उछाल वाली पिच पर उसने जिस तरह का खेल दिखाया कप्तान ने उसकी तारीफ की है। इंग्लैंड ने द ओवल में खेले गए इस मुकाबले को 104 रन से अपने नाम किया।

मोर्गन ने कहा कि पिच और दक्षिण अफ्रीका की गेंदबाजी से हम अपनी योजना को अमली जामा पहनाने में संघर्ष कर रहे थे। इससे पता चलता है कि पिच कितनी धीमी थी। उन्होंने कहा कि हम खुल कर नहीं खेल पा रहे थे और हम अपनी योजना के मुताबिक गेंद पर प्रहार नहीं कर रहे थे। हमने सोचा पिच पर समय बिताना है जिससे पता चल सके की यह कितनी धीमी है।

क्रिकेटरों ने लौटाई तबाह देश की मुस्कान

सालों से आतंकवाद के खिलाफ जंग लड़ रहा है अफगानिस्तान

काबुल, 31 मई (एएफपी)।

पिछले सप्ताह काबुल में जब बंदूक की गोलियों की आवाज सुनाई दी तो लोग आतंकवादी हमले की आशंका में सिहर उठे। हालांकि सालों तक इस समस्या से ग्रस्त रहे अफगानिस्तान में क्रिकेटप्रेमी विश्व कप के अभ्यास मैच में अफगानिस्तान की पाकिस्तान पर जीत का जश्न मना रहे थे। उस रात पिस्तौल, शॉटगन और एके 47 से निकली आवाजों से पूरा आकाश गूंज उठा था।

पाकिस्तान पर अफगानिस्तान की जीत कई मायने में मुल्क की जनता के लिए खास थे। यह सिर्फ एक मैच में मिली जीत का जश्न नहीं था बल्कि जिंदगी और माहौल बदलने की खुशी थी। इस जीत ने यह बानगी भी पेश की कि युद्ध की विभीषिका झेल चुके इस मुल्क ने कितना लंबा सफर तय किया है। काबुल के रहने वाले 18 बरस के बशीर अहमद ने कहा कि अफगानिस्तान टीम अगर अच्छा खेलती है तो हम सभी के लिए यह फख्र का पल होगा। यह जीत इसलिए भी खास थी क्योंकि अपने मुल्क में सुरक्षा और आर्थिक परेशानियों को लेकर अफगान लोग पाकिस्तान को ही कसूरवार मानते हैं।

● अफगानिस्तान के अधिकांश क्रिकेटरों ने पाकिस्तान में शरणार्थी शिविरों में रहकर क्रिकेट का ककहरा सीखा।

नजीर नासेरी ने फेसबुक पर लिखा,'अपने दुश्मन नंबर एक को हराने की खुशी अलग ही है खासकर हमारे नायकों के लिए। आखिर हमने पाकिस्तान को हरा ही दिया।' अफगानिस्तान ने पिछले साल क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में आयरलैंड को हराकर विश्व कप में जगह बनाई थी। वह पहले मैच में शनिवार को आस्ट्रेलिया से खेलेगा।

उसने पिछले साल एशिया कप में श्रीलंका और बांग्लादेश को हराया और भारत से टाई खेला। विश्व कप से पहले हालांकि उसकी तैयारियां विवादों के घेरे में रहीं। अप्रैल में कप्तान असगर अफगान को हटाकर गुलबदन नायब को कमान सौंपी गई जिसकी काफी आलोचना भी हुई। इसके बाद रमजान के कारण अभ्यास करना मुश्किल हो गया था। अभी भी रोजे चल ही रहे हैं। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के प्रवक्ता फरीद होटक ने कहा कि अफगान क्रिकेटर पूरे महीने रोजे रख रहे हैं। वे नमाज भी पढ़ते हैं। अफगानिस्तान के अधिकांश क्रिकेटरों ने पाकिस्तान में शरणार्थी शिविरों में रहकर क्रिकेट का ककहरा सीखा। तालिबानी भी क्रिकेट के मुरीद रहे हैं और उनके शासन में भी क्रिकेट खेलने की इजाजत थी।

पिछले कार्यों को आगे बढ़ाने की कोशिश करूंगा : रिजीजू

नई दिल्ली, 31 मई (भाषा)।

भारत के नव नियुक्त खेल मंत्री किरण रिजीजू ने शुक्रवार को कहा कि वह अपने पूर्ववर्ती राज्यवर्धन सिंह राठौड़ के कामों को ही आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि निरंतरता और टीम के साथ मिलकर काम करना सफलता के मूलमंत्र हैं।

रिजीजू से पूछा गया कि क्या वह राठौड़ के कामों को ही आगे बढ़ाएंगे, उन्होंने कहा कि निरंतरता भी एक शब्द है। पूर्व की चीजों को आगे बढ़ाया जाना चाहिए और अगर नई चीजें अच्छी हैं तो इसमें उन्हें जोड़ा जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि खेलो इंडिया जिसे प्रधानमंत्री ने शुरू किया था, उसे हम आगे बढ़ाएंगे। हम आधुनिक खेलों के साथ पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देना जारी रखेंगे। रिजीजू ने कहा कि हमें (मंत्रियों और नौकरशाहों) एक टीम के रूप में काम करना होगा क्योंकि मिलकर काम करना सफलता के लिए जरूरी है।

रिजीजू को राठौड़ की जगह खेल मंत्री बनाया गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का देश के युवाओं के लिए काम करने का मौका देने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने खेल एवं युवा कल्याण मंत्रालय का कार्यभार संभालने के बाद कहा कि मैं माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करना चाहूंगा जो उन्होंने मुझे देश के युवाओं के लिए काम करने का यह बेहतरीन मौका दिया है।

पूर्व प्रथम श्रेणी खिलाड़ियों ने पेंशन में संशोधन का अनुरोध किया

नई दिल्ली, 31 मई (भाषा)।

संजय जगदाले, आशू दानी और विनय लिम्बा सहित पूर्व प्रथम श्रेणी खिलाड़ियों ने बीसीसीआइ से उनकी पेंशन 50 फीसद बढ़ाने का अनुरोध किया है। 2003-04 तक कम से कम 25 प्रथम श्रेणी मैच खेलने वाले क्रिकेटरों को मासिक पेंशन दी जाती है लेकिन 2015 के बाद से प्रशासकों की समिति से लगातार अनुरोध करने के बावजूद इस राशि में कोई बदलाव नहीं हुआ। पूर्व खिलाड़ियों ने बीसीसीआइ के कार्यकारी अध्यक्ष सीके खन्ना को इस संबंध में लिखा जिन्होंने इस मुद्दे को निपटाने के लिए सीओए से अनुरोध किया।

RAMNATH GOENKA EXCELLENCE IN JOURNALISM AWARDS

INDIAN EXPRESS GROUP

INDIA'S MOST PRESTIGIOUS AND COVETED JOURNALISM AWARDS

CALL FOR ENTRIES 2018

Acknowledging accuracy, courage, credibility & fairness

Award Categories

Print/Digital & Broadcast
- Reporting from Conflict States
- Hindi
- Regional Languages
- Environment, Science and Technology Reporting
- Uncovering India Invisible
- Business and Economic Journalism
- Reporting on Politics and Government
- Sports Journalism
- Investigative Reporting

Print/Digital
- Reporting on Arts, Culture and Entertainment
- Foreign Correspondent Covering India
- Editorial Commentary and Cartoons
- Books (Non-Fiction)
- Prakash Kardaley Memorial Award for Civic Journalism
- Photo Journalism
- Best Student-Run Newspaper, Magazine and Digital News Portal

LAST DATE FOR ENTRIES | JULY 15, 2019
Entries are invited for the year 2018 only.

Log on to www.indianexpress.com/rngf | Write to us at rngf@expressindia.com
Ramnath Goenka Memorial Foundation, Express Building, B-1/B, Sector-10, Noida-201 301, Uttar Pradesh, India.

रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 36, अंक 195, *हवाई शुल्क:* इंफल-पांच रुपए, गुवाहाटी-चार रुपए, रायपुर-दो रुपए और पटना-एक रुपए।
दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोनः (0120) 2470700/2470740, ई-मेलः edit.jansatta@expressindia.com, फैक्सः (0120) 2470753, 2470754, **बोर्ड अध्यक्षः विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादकः मुकेश भारद्वाज***, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार। कापीराइटः दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।